संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरुवार, 25 मई 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 17 अंक: 141 पृष्ठ: 10 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



ऐतिहासिक राजदंड सेंगोल को नए संसद भवन में स्थापित किया जाएगा। इस सेंगोल को अंग्रेजों से सत्ता हस्तांतरण का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपयोग किया गया था।


GOVT. OF PUNJAB

# भ्रष्टाचार मुक्त पंजाब

## सरकार ने निभाया वादा,
## गिरफ्तारियां 300 से ज्यादा

यदि कोई सरकारी कर्मचारी आपसे रिश्वत मांगता है, तो मना न करें। इसके बजाय बातचीत को रिकॉर्ड करें और ऑडियो/वीडियो नीचे दिए गए व्हाट्सएप नंबर पर भेजें। मुख्यमंत्री भगवंत मान व्यक्तिगत रूप से इस नंबर की निगरानी कर रहे हैं।

**एंटी-करप्शन एक्शन लाइन**

**9501-200-200**



“ पिछले 1 साल में पंजाब में 300 से ज्यादा भ्रष्टाचारी गिरफ्तार हो चुके हैं। पंजाब में रिश्वत लेने वालों की अब खैर नहीं। ”

**- भगवंत मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल के छात्र ने जिम्नास्टिक में स्वर्ण पदक जीता



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम। ऑर्किड्स** द इंटरनेशनल स्कूल, साउथ सिटी 1, गुरुग्राम की कक्षा 6 की ग्यारह वर्षीय मिशिका सरकार ने हरियाणा स्टेट से संबद्ध वारियर जिमनास्टिक अकादमी द्वारा आयोजित तीसरी इंटर अकादमी जिम्नास्टिक प्रतियोगिता 2023 में स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से कुल 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। मिशिका ने नौ साल की उम्र में पहली बार जिमनास्टिक शुरू किया, और दो साल के दौरान, उसने कराटे में अपनी नारंगी बेल्ट पर कब्जा करते हुए कई राउंड जीते। वह कराटे और जिम्नास्टिक के अलावा, वह फुटबॉल और वॉलीबॉल भी खेलती है। उसने 10+ के स्तर 2 वर्ग में भी रजत पदक जीता है, जहाँ 60 अन्य प्रतियोगी थे जिनके साथ उसे प्रतिस्पर्धा करनी थी।

अपने प्रतिस्पर्धियों को पछाड़ते हुए, उन्होंने जिमनास्टिक अकादमी द्वारा आयोजित पहली दिल्ली एनसीआर लेवल वाइज जिम्नास्टिक चैंपियनशिप 2022 में रजत पदक जीता। मिशिका के पिता सुदीप सरकार ने कहा, "मेरी बेटी की लगन और लगन के कारण ही वह आज यहां है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि कॉलेज में जिम्नास्टिक के लिए मेरा प्यार उसके जीन्स में जाएगा, लेकिन मुझे उस पर बहुत गर्व है। और मुझे उम्मीद है कि वह अपने जुनून का पालन करने और हमारे देश को सम्मान दिलाने में सफल होंगी। सुश्री दिया बनर्जी, ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, साउथ सिटी 1, गुरुग्राम की प्रिंसिपल ने कहा, हमें खुशी है कि हमारे छात्र एथलेटिक उपलब्धि की हमारी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल में हम खेल की संस्कृति के निर्माण के विचार के लिए समर्पित हैं, और यह जीत उस समर्पण के प्रमाण के रूप में कार्य करती है। मैं मिशिका सरकार की सराहना करता हूं और उनके भविष्य के सभी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देती हूं।

# जनता की समस्या का समाधान करना व हल करवाना प्रमुख प्राथमिकता हैः संदीप

## गांव ध्यांगला में समाजसेवी संदीप गर्ग ग्रामीणों से मिले व उनकी समस्याएं

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा** (दलबीर मलिक स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग बुधवार को लाडवा के गांव ध्यांगला में ग्रामीणों से मिले और उनकी समस्याएं जानी। वहीं उनके द्वारा खोले गए पिछले कुछ समय पहले सिलाई सेंटर का भी निरीक्षण किया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा हल्के के ग्रामीण व सभी मेरे अपने हैं और उनकी हर समस्या का समाधान करना व हल करवाना उनकी प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अगर लाडवा हल्के की जनता ने 2024 के विधानसभा चुनावों में साथ दिया और विजयी बनाया तो इतने विकास कार्य करवाए जाएंगे कि हल्के की जनता सोच भी नहीं सकती। उन्होंने कहा कि वह दिन-रात हल्के की जनता की सेवा करने में लगे हुए हैं। वहीं इससे पूर्व उन्होंने गांव ध्यांगला में कुछ समय पहले महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक सिलाई सेंटर भी खोला था। जहां पर जाकर उसका निरीक्षण किया और सिलाई सीखने आई महिलाओं से भी बातचीत की। वहीं ग्रामीण राकेश कुमार ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा जितने भी कार्य करवाए जा रहे हैं उनकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि गांव ध्यांगला में उनके द्वारा जो सिलाई सेंटर करवाया गया है उसमें महिलाएं सिलाई सीख रही हैं और फिर अपने परिवार का पालन पोषण कर सकेंगी। मौके पर जय चंद, कूड़ा राम, विश्वनाथ, दर्शन लाल, राकेश शर्मा, राजबीर, शशि शर्मा आदि ग्रामीण मौजूद थे।



# रोगों के लिए रोबोटिक सर्जरी वरदान की तरहः डॉ. रोहित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला**

चिकित्सा जगत में आई नई क्रांति से गंभीर से गंभीर मरीजों को बचाना संभव हो पाया है, वहीं रोबोटिक सर्जरी गंभीर प्रोस्टेट कैंसर के मरीजों के लिए वरदान की तरह साबित हो रही है, यह बात जाने माने यूरोलॉजिस्ट डा. रोहित डढवाल ने अम्बाला में आयोजित एक प्रैस कान्फ्रेंस में कही, जो कि हाथों की बजाए दा विंची रोबोटिक सर्जरी से मरीज को उपचार के दौरान मिलती राहत जैसे खून की बबार्दी, कम दर्द, कम निशान व तुरंत राहत संबंधी जागरूक करने के लिए शहर में पहुंचे थे। फोर्टिस अस्पताल में यूरोलॉजी, रोबोटिक और लैप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग के कंस्लटेंट डॉ. रोहित डढवाल ने बताया कि हाल ही में चिकित्सा साहित्य में अपनी तरह के पहले ऐसे मामले जिसमें एक 72



वर्षीय बुजुर्ग मरीज जो कि मूत्राशय में बने विशाल यूरिनरी ब्लैडर डायवटीर्कुलम (पेशाब नली में बनी रूकावट) से पीड़ित था। मूत्राशय और इसकी नली के बैक्टीरिया से संक्रमित (कैंसर की शुरूआत) व रात को पेशाब के लिए जागे रहने के कारण वह बहुत ही गंभीर स्थिति से गुजर रहा था। मरीज पांच बार कई अस्पतालों में अपनी प्रोस्टेट सर्जरी भी करवा चुका था।उन्होंने बताया कि जांच करने पर पता चला कि दवाईयों से बेअसर उक्त बुजुर्ग विशाल यूरिनरी ब्लैडर डायवटीर्कुलम से पीड़ित था।

# प्रतियोगिता में लोहार माजरा के छात्रों ने फहराया परचम

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर श्री कृष्ण संग्रहालय कुरुक्षेत्र में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड अखिल पिलानी ने शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि श्री कृष्ण संग्रहालय पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। उन्होंने कहा कि महाभारत और गीता से जुड़ी हुई सभी बातों का छात्रों को ज्ञान होना चाहिए। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की जीवन लीलाओं, श्री कृष्ण संग्रहालय में प्रदर्शित कला वस्तुओं एवं 48 कोष कुरुक्षेत्र भूमि की धरोहर विषयों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जिला कुरुक्षेत्र के विभिन्न स्कूलों से कक्षा आठवीं से लेकर 10वीं तक के छात्रों ने भाग लिया। प्रत्येक स्कूल से 3 विद्यार्थियों की एक टीम को इस प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर दिया गया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रश्न पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पूछे गए। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय उच्च विद्यालय लोहार माजरा के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर परचम फहराया ।लोहार माजरा स्कूल के मोहित पंवार, सौरव एवं तमन्ना की टीम प्रथम स्थान पर रही। प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि अखिल पिलानी द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने छात्रों को तैयारी करवाने वाले अध्यापकों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर एसपी शुक्ला ने संग्रहालयों की महत्ता तथा पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर रवि भूषण कुमार ने कुरुक्षेत्र की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर विषय पर विचार श्रोताओं से सांझा की कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि अखिल पिलानी द्वारा प्रोफेसर एसपी शुक्ला एवं प्रोफेसर रवि भूषण कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



# गिरफ्तार वांटेड विक्की 6 दिन के पुलिस रिमांड पर



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

एस.टी.एफ. स्पैशल इकाई अम्बाला ने जिला अम्बाला के मौजुदा जिला परिषद मैम्बर मक्खन सिहं लबाना 50 लाख की फिरौती मांगने व जान से मारने के लिये गोलीयाँ चलाने के मामले मे वांछित व 25000/-रुपये के ईनामी मोस्ट वांटिड विक्की गर्ग उर्फ लाला को भारी मात्रा मे अवैध हथियारो सहित किया काबू। उप पुलिस निरीक्षक सिमरदीप सिहं , पुलिस अधीक्षक जयवीर सिह राठी एस.टी.एफ.गुरुग्राम, अमन कुमार उप पुलिस अधीक्षक, एस.टी.एफ अम्बाला के दिशा-निदेर्शानुसार, निरीक्षक दिपेन्द्र सिंह इंचार्ज एस.टी.एफ. यूनिट अम्बाला की टीम ने गत दिनो दिनाक 26.04.2023 को मौजुदा जिला परिषद मैम्बर अम्बाला व आम आदमी पार्टी के नेता मक्खन सिहं लबाना को अनमोल बिश्नोई ने फोन करके 50 लाख रुपये की फिरौती की मांग की थी और ना देने पर अन्जाम भुगतने के लिये धमकी दी थी इसी सिलसिले मे अनमोल बिश्नोई ने लोरैन्स बिश्नोई गैग के दो नामपता नामालुम नकाबपोश शुटरो को जान से मारने के लिये गोलिया चलाने के लिये भेजा था जिन्होने दिनाक 27.04.2023 को मक्खन सिहं लबाना के घर पर जान से मारने के लिये गोलिया चलाई । थाना एएउ-9 अम्बाला जिला अम्बाला दर्ज रजिस्टर किया गया था। जो एस टी एफ अम्बाला टीम ने दिनाक 08.05.2023 को नकाबपोश शुटरो साहिल खरौड उर्फ प्रजापति व कृष्ण कुमार उर्फ लवली राजपुत उर्फ लब्बु को गिरफतार किया और इसके बाद दिनाक 11.05.2023 को मुकदमा उपरोक्त मे मक्खन सिहं लबाना की रैक्की करवाने वाले आरोपीयान विशाल उर्फ विशु भाटिया व चिराग को काबु किया । जो मुकदमा उपरोक्त के अनुसंधान मे आगामी कायार्वाही करते हुये एस टी एफ अम्बाला टीम ने आज दिनाक 23.05.2023 को उपरोक्त वारदात मे प्रयोग अवैध हथियारो को मुहैया करवाने वाले जिला अम्बाला के वाछिंत व 25000/-रुपये के ईनामी मोस्ट वांटिड विक्की गर्ग उर्फ लाला पुत्र जय किशन वासी शक्ति नगर मानव चौक अम्बाला शहर जिला अम्बाला को काबू किया।

# महर्षि कश्यप ने समाज को परोपकारी, धर्म नीति पर चलने का दिया संदेशः ललित पंवार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने कहा कि महर्षि कश्यप नीतिप्रिय थे, वे स्वयं भी धर्म-नीति के अनुसार चलते थे और दूसरों को भी इसी नीति का पालन करने का उपदेश देते थे। महर्षि कश्यप ने अधर्म का पक्ष कभी नहीं लिया। आज हमे उनके दिखाए मार्ग पर चलकर युवाओं के बीच प्रसार-प्रचार करने की जरूरत है, ताकि युवा पीढी उनके मार्ग का अनुसरण कर समाज कल्याण में अपना योगदान दे। जिलाध्यक्ष ललित पंवार हनुमार नगर नगर स्थित मुख्य चौपाल में महर्षि कश्यप जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 16वें विशाल भंडारे में शिरकत करने के उपरांत क्षेत्रवासियों को संबोधित कर रहे थे, इससे पहले उन्होंने भगवान महर्षि कश्यप को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने क्षेत्रवासियों को महर्षि कश्यप जी की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महर्षि कश्यप प्राचीन वैदिक ऋषियों में प्रमुख ऋषि थे। इनका उल्लेख ऋग्वेद में भी हुआ है। इनकी गणना सप्तऋषि गणों में की जाती थी। हिन्दू मान्यता अनुसार इनके वंशज सृष्टि के प्रसार में सहायक हुए है। इन्हें परमपिता ब्रह्मा जी का अवतार माना गया है, महर्षि कश्यप द्वारा संपूर्ण सृष्टि की सृजना में दिए गए महायोगदान की यशोगाथा हमारे वेदों, पुराणों, स्मृतियों, उपनिषदों एवं अन्य अनेक धार्मिक साहित्यों में है, जिसके कारण उन्हें सृष्टि के सृजक उपाधि से विभूषित किया जाता है। उन्होंने कहा कि विधायक सुरेंद्र पंवार द्वारा मुरथल जीटी रोड से सोनीपत तक मार्ग को महर्षि कश्यप मार्ग रखने की मांग की है, जल्द ही इस मार्ग का नामकरण महर्षि कश्यप मार्ग रखवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि महर्षि कश्यप पिघले हुए सोने के समान तेजवान थे। महर्षि कश्यप ऋषि-मुनियों में श्रेष्ठ माने जाते थे। मुनिराज कश्यप का आश्रम मेरू पर्वत के शिखर पर था, जहां पर वे ब्रह्म जी के ध्यान में मग्न रहते थे। महर्षि कश्यप राग-द्वेष रहित, परोपकारी, चरित्रवान और प्रजापालक थे। वे निर्भीक एवं निलोर्भी थे। कश्यप मुनि जी निरन्तर धर्मोपदेश करते थे, जिनके कारण उन्हें महर्षि जैसी श्रेष्ठतम उपाधि हासिल हुई। उन्हीं की कृपा से ही राजा नरवाहनदत्त चक्रवर्ती राजा की श्रेष्ठ पदवी प्राप्त कर सका। हमें आज गर्व है कि हम ऐसे महार्षि के वंशज जिन्होंन हमेशा समाज को परोपकारी, धर्म नीति पर चलने का संदेश दिया। आज हमे उनके दिखाए मार्ग पर चलकर उनके सिद्धांतों को युवाओं के बीच प्रचार-प्रसार करने की जरूरत है ताकि आज की पीढ़ी भी उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण कर समाज के विकास में योगदान दे।

इस दौरान डॉ प्रवीन, डॉ धर्मवीर, राजबीर कश्यप, सुशील कश्यप, जगबीर, विकास, अमित, सूरज शुक्ला सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



# वर्षाजल प्राकृतिक उपहार है जो पृथ्वी को बिना किसी भेदभाव के मिलता रहता हैः नरेश शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**पानी** बचाओ जन चेतना अभियान समिति सोनीपत एवं सारथी ट्रस्ट रजि., सोनीपत के संयुक्त तत्वावधान में वर्षा जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत शिव शक्ति सीनियर सेकंडरी स्कूल, महलाना रोड सोनीपत में 600 छात्र छात्राओं को जल मित्र की शपथ दिलवाई। पानी बचाओ जन चेतना अभियान समिति के संरक्षक राष्ट्रपति अवार्डी श्री नरेश शर्मा भारतीय राजस्व सेवा के उप आबकारी कराधान आयुक्त (सेवानिवृत्त) ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सारथी ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक सुभाष वशिष्ठ की। इस अवसर पर मुख्यातिथि नरेश शर्मा ने कहा जल है तो जीवन है, जीवन है तो ये पर्यावरण है, पर्यावरण से ये धरती है, और इस धरती से हम सब है। वर्षाजल एक अनमोल प्राकृतिक उपहार है जो प्रतिवर्ष लगभग पूरी पृथ्वी को बिना किसी भेदभाव के मिलता रहता है।हमारे देश में प्राचीन काल से ही जल संचय की परम्परा थी तथा वर्षाजल का संग्रहण करने के लिये लोग प्रयास करते थे। इसीलिये कुएँ, बावड़ी, तालाब, नदियाँ आदि पानी से भरे रहते थे। इससे भूजल स्तर भी ऊपर हो जाता था तथा सभी जलस्त्रोत रिचार्ज हो जाते थे। परन्तु मानवीय उपेक्षा, लापरवाही, औद्योगीकरण तथा नगरीकरण के कारण ये जलस्त्रोत मृत प्रायः हो गए। कई जलस्त्रोत तो कचरे के गड्ढे के रूप में बदल गए। कई जलस्त्रोतों पर अवैध कब्जे हो गए। मिट्टी और गाद भर जाने से उनकी जल ग्रहण क्षमता समाप्त हो गई और समय के साथ वे टूट-फूट गए। अभी भी समय है कि इनमें से कई परम्परागत जलस्त्रोतों को पुनर्जीवित करने का प्रयास करके उन्हें बचाया जा सकता है। वर्षाजल के संचय से इन जलस्त्रोतों को सजीव बनाया जा सकता है। इस अवसर सारथी ट्रस्ट के संस्थापक चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत ने कहा शहरी क्षेत्रों में वर्षा जल संरक्षण के लिए घरों, दफ्तरों, सरकारी भवनों जैसे स्कूल, अस्पताल, छात्रावास आदि ऐसे स्थानों पर जहां अधिक खुली जमीन उपलब्ध नहीं है, वहां वर्षा जल संचयन ढांचा बनाए जा सकते हैं। ये ढांचे वर्षा जल को जमीन के भीतर ले जा सकते हैं और इस तरह भूजल को रिचार्ज करने में उपयोगी हैं। इससे भूजल का स्तर बढ़ाने में मदद मिलती है।

अहलावत ने कहा हम जल-संसाधन का उचित प्रबंधन नहीं कर पाते हैं तो भावी पीढ़ी जल के एक-एक बूंद के लिए तरस जाएगी इसलिए जल का सदुपयोग कैसे करना है, इस दिशा में जन-जागरूकता बढ़ायी जाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष सुभाष वशिष्ठ ने कहा हर नागरिक में जल संरक्षण हेतु जागरूकता लानी होगी। वर्षा जल संचयन प्रयत्क्ष और अप्रयत्क्ष दोनों तरीकों से भूमि के जलस्तर को बढ़ाने में मदद करता है। इस अवसर पर छात्रों ने जल बचाओ पर कविता, गीत, भाषण के माध्यम से जल बचाने के संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक प्रिंसिपल भावना आंतिल ने कहा ग्रीष्म कालीन अवकाश के दौरान छात्रों को चित्रकला, निबंध, आदि के रूप में जल बचाओ जागरूकता हेतु गृह कार्य के रूप में दिया जाएगा।



**8 महलाना रोड सोनीपत में 600 छात्र छात्राओं को जल मित्र की शपथ दिलवाई**

# पुलिस को देख अफीम फेंक भागे तस्कर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

अम्बाला पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवई करते हुए वाल्मीकि बस्ती के पास गश्त पर तैनात थी। इसी बीच गुप्त सूचना मिली कि अशोक विहार निवासी मनदीप उर्फ कालू और ज्योति अफीम बेचने का धंधा करते हैं। दोनों आरोपी स्विफ्ट गाड़ी में अफीम लेकर घास मंडी रोड से वाल्मीकि बस्ती की तरफ आने वाले हैं। पुलिस ने नाकाबंदी करके जांच शुरू की। थोड़ी देर बाद तेज रफ्तार गाड़ी आती देख मुखबिर के इशारे पर पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। आरोपी कार चालक पुलिस टीम को देख गाड़ी को एकदम जैन कॉलेज की तरफ मोड कर भगा ले गया। पुलिस की टीम ने आरोपी का पीछा किया। पंजाब नंबर की इस गाड़ी में पीछे सीट पर बैठी ज्योति ने खुद को फंसता देख अफीम से भरा पॉलीथिन नीचे फेंक दिया। जिसमें 150 ग्राम अफीम थी।

**8 गुप्त सूचना मिली कि अशोक विहार निवासी मनदीप उर्फ कालू और ज्योति अफीम बेचने का धंधा करते हैं**

# शहीद दलबीर सिंह के शहीद दिवस पर पौधा रोपण अभियान चलाया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**जनहित** अभियान फाउंडेशन व तिरंगा युवा समिति के द्वारा शहीद दलबीर सिंह के शहीद दिवस के अवसर पर शहीद दलबीर सिंह कॉलेज पिपली में चलाया। पोधा रोपण अभियान इस अवसर पर शहीद दलबीर सिंह की धर्मपत्नी मीनाक्षी, बेटी एंजेल ,कर्नल अतुल सुरी ,कर्नल टेकचंद दहिया, कैप्टन जगवीर मलिक, प्रिंसिपल किरण सरोहा,सभी ने पोधा लगाकर किया अभियान को शुरू। इस अवसर पर जनहित अभियान फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुडा,तिरंगा युवा समिति के अध्यक्ष नवीन खांडा,कमांडो आशीष दहिया,सोमवीर आर्य,जिला पार्षद मंजीत भोला, नीरज गुप्ता,रोहित रामपुर , नीरज रोहट,रोहित राठौर थाना कला, राकेश नदलाल, संजय खांडा, निकेत दहिया, रितिक दहिया, संजय खांडा, आदित्य, निकेत, परवीन, अनुज, चिराग, कोमल कौशिक,सागर रापिडिया,इशिका शर्मा उपस्थित रहे।



# कैरियर फेस्ट मेले में 4 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** युवा देश के भविष्य हैं और अपने मां-बाप का सपना हैं। कैरियर फेस्ट मेले का आयोजन करवाने का मकसद यही है कि अभिभावकों व विद्यार्थियों का मार्गदर्शन हो सके, उनकी एक ही राय बन सके। विद्यार्थी को जीवन में आगे बढने के लिए सही मार्गदर्शन की बेहद आवश्यकता है। कैरियर फेस्ट मेला इसी कड़ी में शामिल है।

इस मौके पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने वाले स्पीकरर्स व इंस्टीटयूट के प्रतिनिधियों को मुख्य अतिथि ने स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन भी किया।

विधायक असीम गोयल ने यहां पर दो दिवसीय मेले के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस मेले से विद्यार्थियों को काफी कुछ सीखने को मिलेगा। यहां पर लगभग 45 इंस्टीटयूट जिसमें विश्वविद्यालय, इमिग्रेशन सैंटर व अन्य संस्थानों द्वारा स्टाल लगाकर विद्यार्थियों को उनके जीवन में आगे बढे के लिए उनका उचित मार्गदर्शन हो सके, इसके माध्यम से उन्हें जानकारी दी गई है। कार्यक्रम में भी पीपीटी के माध्यम से स्पीकर्स ने महत्वपूर्ण जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इस मेले के आयोजन करवाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि विद्यार्थियों को उनके कैरियर से सम्बन्धित उचित मार्गदर्शन मिल सके। उन्हें जीवन में क्या बनना है, उनका लक्ष्य क्या है, उनकी क्या क्यूरी है, इस सबकी जानकारी उन्हें उपलब्ध करवाना है।

विद्यार्थी को यदि उच्च परीक्षा के लिए बाहर जाना है तो अभिभावकों व विद्यार्थियों में एक ही संशय रहता है कि वे कैसे जायेंगे, उनका मार्गदर्शन कैसे होगा, यदि विद्यार्थी को सही मार्गदर्शन मिलता है तो वह आगे बढ़ सकता है। इसलिए जीवन में कैरियर बनाने के द्दष्टिगत उचित मार्गदर्शन बेहद जरूरी है।

विधायक ने इस मौके पर यह भी कहा कि हमारे युवा स्किल के धनी हैं। अगर बात इंजिनियरिंग की, डाक्टर की या वैज्ञानिक की करें तो सबसे ज्यादा इन विषयों में भारत के युवाओं का प्रतिशत सबसे ज्यादा है। युवा देश के भविष्य हैं, युवा ही देश के नवनिर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। कैरियर फेस्ट के नाते एक प्लेटफार्म उपलबध करवाते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया है और इस दो दिवसीय मेले में विद्यार्थियों की संख्या भी काफी रही है। इस मेले के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने कैरियर से सम्बन्धित काफी महत्वपूर्ण जानकारी मिली है।





# देवभूमि उत्तराखंड को विकास की नई सौगात




## देहरादून-दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) वंदे भारत एक्सप्रेस

का

**हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ**

- उत्तराखंड राज्य की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस
- कोच में सीसीटीवी और 360 डिग्री घूमने वाली सीटें
- यात्रा समय में लगभग 1 घण्टे 25 मिनट की बचत
- टक्कर रोधी कवच प्रणाली से लैस
- अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं के साथ हवाई जहाज जैसा यात्रा अनुभव
- देवभूमि उत्तराखंड के पर्यटन और तीर्थ स्थलों के लिए तेज और बेहतर आवागमन की सुविधा
- टच-फ्री सुविधाओं वाले शौचालय के साथ बायो वैक्यूम
- दिव्यांगजनों के अनुकूल शौचालय, सीट के हैंडल और सीट नंबर ब्रेल लिपि में
- प्रत्येक कोच में यात्री सूचना एवं इंफोटेनमेंट सिस्टम

## उत्तराखंड राज्य के समस्त रेल मार्गों के विद्युतीकरण का राष्ट्र को समर्पण

- रेलगाड़ियों की औसत गति में बढ़ोतरी जिससे मिलेगी रेल परिचालन में दक्षता
- वहन क्षमता तथा माल ढुलाई में वृद्धि
- 2030 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जक बनने की दिशा में भारतीय रेल का एक और कदम
- आयातित कच्चे तेल पर कम निर्भरता और विदेशी मुद्रा की बचत

### नरेन्द्र मोदी
**प्रधानमंत्री**

द्वारा

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

25 मई, 2023 | प्रातः 09.30 बजे | देहरादून रेलवे स्टेशन

**गरिमामयी उपस्थिति**

**लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह**
राज्यपाल, उत्तराखंड

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखंड

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**अजय भट्ट**
केंद्रीय रक्षा और पर्यटन राज्य मंत्री




| 22458 देहरादून – दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) वंदे भारत एक्सप्रेस ↓ | | स्टेशन | 22457 दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) – देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 07.00 | देहरादून | 22.35 | -- |
| 11.45 | -- | आनंद विहार टर्मिनल | -- | 17.50 |

ठहराव : हरिद्वार, रुड़की, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर एवं मेरठ  चलने के दिन: सप्ताह में छह दिन (बुधवार को छोड़कर)




डीडी न्यूज़ पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें

**भारतीय रेल**
www.indianrailways.gov.in

हमें फॉलो करें: /RailMinIndia

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 141 पृष्ठ: 10 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



पीएम नरेंद्र मोदी तीन देशों के दौरे के बाद भारत के लिए लौटे।

## 'पात्र किसानों को पीएम सम्मान निधि की पिछली किश्तें भी मिलेंगी'



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने किसानों के लिए बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बुधवार को यहां लोकभवन में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिन किसानों को अब तक पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ किसी वजह से नहीं मिला होगा, उनके पात्र पाए जाने पर पिछली किश्तें भी मिलेंगी। किसानों के लिए यह बड़ी घोषणा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत समस्त पात्र किसानों को लाभ दिलाने के लिए वृहद संतृप्तीकरण अभियान का शुभारम्भ किया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में भारत को बदलते देखा है। किसान, श्रमिक देश के एजेंडे में शामिल हुआ।


## श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता होगी



**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**


**श्री** काशी विश्वनाथ मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाने के लिए सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम लगाया जाएगा। पुलिस विभाग के समन्वय से स्थान चिन्हित कर ऊंचाई पर पोल-बेस्ड सीसीटीवी कैमरा और ब्लाइंड स्पॉट्स पर हाई-मास्ट लाईट भी लगाने की तैयारी है। श्री काशी विश्वनाथ धाम सुरक्षा व्यवस्था समिति की बैठक में इस पर विमर्श भी हुआ। मंदिर में मोबाइल के साथ प्रवेश करने के बिंदु पर यह निर्णय किया गया की मंदिर प्रशासन से अधिकृत कार्मिक, सेवादारों, सुरक्षा गार्ड आदि जिन्हें परिसर के अंदर मोबाइल की आवश्यकता होती है। उनकी सूची संकलित की जाए और इसके अनुसार ही मोबाइल ले जाने की संस्तुति दी जाए। सूची के अतिरिक्त मोबाइल लेकर आने वालों पर कार्रवाही अमल में लाई जाय।

## कोरोना का खतरा टला नहीं: डब्ल्यूएचओ



**जेनेवा**: वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने कोरोना के बाद अगली महामारी को लेकर चेतावनी जारी की है। डब्ल्यूएचओ के गवर्नर जनरल टेड्रोस एडनम घेब्रेयसस ने कहा कि दुनिया को अगले पेंडेमिक के लिए तैयार रहना चाहिए जो कोरोना से भी ज्यादा खतरनाक हो सकता है। स्विटजरलैंड के जेनेवा में हुई 76वीं वर्ल्ड हेल्थ असेंबली की मीटिंग में डब्ल्यूएचओ ने अपनी रिपोर्ट पेश की। इस दौरान टेड्रोस ने कहा- कोरोना भले ही अब ग्लोबल इमरजेंसी नहीं है लेकिन इसका ये मतलब नहीं कि इससे अब कोई खतरा नहीं है। कोविड-19 का नया वैरिएंट कभी भी आ सकता है। ऐसा भी हो सकता है कि कोई नई बीमारी सामने आ जाए जो इससे कहीं ज्यादा खतरनाक हो। ऐसे में हमें अभी से तैयारी करनी होगी।

## पहली बार बुल्गेरियन नॉवल को बुकर प्राइज



**लंदन** : राइटर जॉर्जी गोस्पोडिनोव ने इस साल का प्रतिष्ठित बुकर प्राइज जीता है। उनके उपन्यास 'टाइम शेल्टर' के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। पहली बार किसी बुल्गेरियाई उपन्यास को ये पुरस्कार मिला है। एंजेला रोडेल ने इसका इंग्लिश ट्रांस्लेशन किया था। लंदन में बुधवार को लेखक जॉर्जी को बुकर अवॉर्ड दिया गया। उन्हें 50 हजार पाउंड की इनाम राशि भी मिली है, जिसे वो एंजेला रोडेल के साथ शेयर करेंगे। टाइम शेल्टर एक क्लीनिक की कहानी है, जिसका नाम है "क्लीनिक फॉर द पास्ट'। यहां अल्जाइमर से पीड़ित लोगों की मदद की जाती है। अतीत को दोबारा जिंदा किया जाता है। इस क्लीनिक की हर मंजिल पर एक दशक को मिनटों में मरीज के सामने दोबारा जीवित किया जाता है। ताकि मरीज अतीत में जाकर यह देख सके कि उसकी धुंधली पड़ती यादों में क्या बचा रह गया है।

# नए संसद भवन के उद्घाटन पर घमासान

### 9 विपक्षी दलों ने की नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह के बहिष्कार की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस,** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और आम आदमी पार्टी (आप) सहित 19 विपक्षी दलों ने 28 मई को होने वाले नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह के बहिष्कार की घोषणा की। संसद के नए भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। विपक्षी दलों ने बुधवार को एक संयुक्त बयान जारी कर कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू को पूरी तरह से दरकिनार करते हुए नए संसद भवन का उद्घाटन करने का प्रधानमंत्री मोदी का फैसला न केवल घोर अपमान है, बल्कि हमारे लोकतंत्र पर भी सीधा हमला है। हम नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करने के अपने सामूहिक निर्णय की घोषणा करते हैं। इस आयोजन के बहिष्कार का आह्वान करने वालों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, आम आदमी पार्टी, शिवसेना (यूबीटी), समाजवादी पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, केरल कांग्रेस (मणि), विदुथलाई चिरुथिगल काची, राष्ट्रीय लोकदल, तृणमूल कांग्रेस, जनता दल ( यूनाइटेड), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी,



### नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह को राजनीति से परे रखने की जरूरत: शाह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केन्द्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि 28 मई को होने वाले नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह को राजनीति से परे रखना चाहिए। केन्द्र सरकार की ओर से सभी को आमंत्रित किया गया है। इस मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। शाह ने आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक कार्यक्रम पर बुधवार को नेशनल मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता के दौरान पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि नया संसद भवन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता का प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और आम आदमी पार्टी (आप) सहित 19 विपक्षी दलों ने 28 मई को होने वाले नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह के बहिष्कार की घोषणा की है। राष्ट्रपति मुर्मू को पूरी तरह से दरकिनार करते हुए नए संसद भवन का उद्घाटन करने का फैसला न केवल घोर अपमान है।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), राष्ट्रीय जनता दल, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, नेशनल कॉन्फ्रेंस, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि हम अपने मतभेदों को दूर करने और इस अवसर को चिह्नित करने के

**एकजुटता**

= राष्ट्रपति मुर्मू को पूरी तरह से दरकिनार किया गया। यह हमारे लोकतंत्र पर सीधा हमला है

लिए तैयार थे। लेकिन राष्ट्रपति मुर्मू को पूरी तरह से दरकिनार किया गया। यह हमारे लोकतंत्र पर सीधा हमला है। आगे कहा गया है कि राष्ट्रपति न केवल भारत में राज्य का प्रमुख होता है, बल्कि संसद का एक अभिन्न अंग भी होता है। वह संसद को बुलाती हैं, सत्रावसान करती हैं और संबोधित करती हैं। राष्ट्रपति के बिना संसद कार्य नहीं कर सकती है। फिर भी, प्रधानमंत्री ने उनके बिना नए संसद भवन का उद्घाटन करने का निर्णय लिया है। यह अशोभनीय है। संविधान के पाठ और भावना का उल्लंघन करता है। विपक्षी दलों ने कहा कि जब लोकतंत्र की आत्मा को संसद से निष्कासित कर दिया गया है, तो हमें नई इमारत में कोई मूल्य नहीं दिखता। हम नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करने के अपने सामूहिक निर्णय की घोषणा करते हैं।




केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 28 मई को होने वाले नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह को लेकर मीडिया को संबोधित करते हुए।

## नीति आयोग की बैठक में नहीं जाएंगी ममता

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मई महीने के दूसरे सप्ताह में खुद ही कहा था कि वह दिल्ली में आगामी 27 मई को होने वाली नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगी। लेकिन अब उन्होंने अपना यह कार्यक्रम भी रद्द कर दिया है। माना जा रहा है कि इससे केंद्र और राज्य सरकार के बीच टकराव और बढ़ेगा। उसके पहले रविवार को नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार भी सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने किया है। राज्यसभा सांसद और तृणमूल प्रवक्ता डेरेक ओ ब्रायन ने ट्वीट कर बताया है कि नए संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में तृणमूल के प्रतिनिधि शामिल नहीं होंगे। इसके बाद ही मुख्यमंत्री का नीति आयोग की बैठक में नहीं जाने का फैसला बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## एलजी के अधिकारों को लेकर उद्धव से मिले केजरीवाल



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**


**शिवसेना** (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के अध्यक्ष और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से बुधवार को मुंबई में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद इन तीनों नेताओं ने साझा पत्रकार वार्ता आयोजित कर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उद्धव ठाकरे ने पत्रकारों को बताया कि अगला साल चुनाव का है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने दो निर्णय दिए हैं। एक दिल्ली सरकार के बारे में है और दूसरा शिवसेना के बारे में है। देश देख रहा है कि केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले का अनादर कर रही है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि इस समय लोकतंत्र खतरे में है, इसलिए सभी को साथ आना आवश्यक है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में उनकी सरकार आते ही मोदी सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर दिल्ली सरकार की शक्तियां छीन ली थीं। इसके बाद वे सुप्रीम कोर्ट गए और सुप्रीम कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला

**एकजुट होने की जरूरत**

= देश देख रहा है कि केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले का अनादर कर रही है: उद्धव ठाकरे

दिया। इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट का फैसला केंद्र सरकार नहीं मान रही है। जजों और वकीलों को गालियां दी जा रही हैं। उनके खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार की ज्यादती का सबसे अधिक सामना शिवसेना को करना पड़ा है। उन्होंने सीबीआई, ईडी का इस्तेमाल करके बहुमत से बनी, जनता की सरकार को उखाड़ फेंका। अगर उनकी सरकार नहीं बनी तो विधायकों को तोड़ा जा रहा है। अगर उससे भी बात नहीं बनी तो अध्यादेश पारित करने की कोशिश की जा रही है। केजरीवाल ने कहा कि शिवसेना ने हमसे वादा किया है कि जब यह मुद्दा संसद में आएगा तो वे हमारा समर्थन करेंगे। भगवंत मान ने कहा कि केंद्र सरकार इलेक्टेड की जगह सेलेक्टेड को वरीयता दे रही है।

## महंगाई के खिलाफ लड़ाई जारी: आरबीआई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रिजर्व बैंक** ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास का कहना है कि महंगाई के खिलाफ लड़ाई जारी है लेकिन ब्याज दरों में बदलाव हमारे कंट्रोल में नहीं है। यह फैसला मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) स्थिति को देखते हुए लेती है। दास ने कहा कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली स्थिर बनी हुई है। शक्तिकांत दास ने बुधवार को यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सालाना सत्र 2023 को संबोधित करते हुए यह बात कही। आरबीआई गवर्नर ने महंगाई को लेकर कहा कि इसके खिलाफ लड़ाई जारी है। उन्होंने कहा कि ब्याज दर में वृद्धि को रोकना उनके हाथ में नहीं है, यह उस समय की जमीनी स्थिति पर निर्भर करता है।

## मोदी कैबिनेट में 10 जून से पहले फेरबदल संभव

### उम्रदराज-कैडर से बाहर के कुछ मंत्री पदमुक्त होंगे, संगठन में भी बदलाव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**इस** साल पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव और अगले साल लोकसभा चुनाव से पहले मोदी मंत्रिमंडल में आखिरी फेरबदल की तैयारी शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि 10 जून से पहले फेरबदल हो जाएगा। वहीं, संगठन में 10 जून से पहले या फिर 10 जून के बाद बदलाव होगा। कुछ अपवादों को छोड़कर उम्रदराज और कैडर के बाहर के मंत्रियों को पदमुक्त कर दिया जाएगा। दरअसल, साल 2023 के अंत तक मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने



हैं। कर्नाटक में हार के बाद भाजपा के सामने इन राज्यों में जीतना बड़ी चुनौती है। जिस तरह कर्नाटक में भाजपा के मुकाबले कांग्रेस के पास कद्दावर स्थानीय नेता थे, कमोबेश वही स्थिति इन राज्यों में भी है। सूत्रों का कहना है कि आलाकमान का आकलन है कि मौजूदा केंद्रीय मंत्रिमंडल और सांगठनिक ढांचे में फेरबदल कर, भाजपा रणनीतिक रूप से पांचों राज्यों में स्थिति बेहतर कर सकती है।

## 'पर्याप्त है विदेशी मुद्रा भंडार'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत के पास इस समय पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार है। अगले पांच-छह साल में खराब-से-खराब परिस्थितियों में देश की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार संतोषजनक स्थिति में है। पीयूष गोयल ने बुधवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक सत्र 2023 को संबोधित करते हुए यह बात कही। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि सरकारी प्रयासों ने मुद्रा स्फीति के प्रबंधन में मदद की है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि रिजर्व बैंक ने भी इसे ह्यमान्यताह्ण देते हुए पिछली मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि दुनिया में कोई भी अन्य विकासशील देश इस तरह की बेहतर स्थिति में नहीं है। यह पहली बार है जब कारोबारी ब्याज दरों को विकसित देशों के समान देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के व्यापारिक भागीदार मुक्त व्यापार करार (एफटीए) के लिए बातचीत तेजी चाहते हैं। गोयल ने भरोसा जताया कि साल 2030 तक देश 2,000 अरब डॉलर के वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात के आंकड़े पर पहुंच जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत अभी कनाडा, यूरोपियन मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए), ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ इस तरह के समझौतों के लिए बातचीत कर रहा है। वहीं रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के आंकड़ों के मुताबिक 12 मई को समाप्त हफ्ते में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 3.55 अरब डॉलर बढ़कर 599.52 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

## व्हाइट हाउस के बैरियर पर ट्रक टकराने वाला भारतीय मूल का आरोपी गिरफ्तार

**वॉशिंगटन:** अमेरिका में मंगलवार को 19 साल के युवक ने व्हाइट हाउस के पास सिक्योरिटी बैरियर में ट्रक से टक्कर मार दी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी की पहचान भारतीय मूल के साई वार्षिथ कंडुला के तौर पर हुई है। वो अमेरिका के मिसौरी में रहता है। बैरियर को टक्कर मारने के बाद वार्षिथ ट्रक से बाहर आया और नाजी झंडा लहराने लगा। पूछताछ में उसने बताया कि वो सरकार पर नियंत्रण कर राष्ट्रपति जो बाइडेन को मारना चाहता था।

## 'जून में मिलेगा यूसीसी का ड्राफ्ट'

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**समान नागरिक संहिता (यूनिफॉर्म** सिविल कोड) का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए सरकार की गठित की गई हाई पावर कमेटी जून माह के अंत तक यूसीसी का ड्राफ्ट (मसौदा) तैयार कर सरकार को सौंप देगी। समिति इस ड्राफ्ट को तैयार कर अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। यूसीसी के ड्राफ्ट में किसी तरह की कमी न रहे, इसके प्रयास जारी हैं। कमेटी के सदस्यों ने आज एनेक्सी भवन में सभी आयोगों के अध्यक्षों से बातचीत कर उनके सुझाव लिए और आज ही ऑडिटोरियम में जन संवाद के



जरिए आम लोगों से भी विभिन्न मुद्दों पर उनकी राय जानने की कोशिश की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को बताया कि यूसीसी कमेटी ने जून के अंत तक ड्राफ्ट तैयार कर सरकार को सौंपने की बात कही है। उनका कहना है कि उत्तराखंड सरकार का यह समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट अन्य सभी राज्यों के लिए मॉडल होगा। 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की घोषणा की थी और सत्ता संभालने के कुछ समय बाद ही उन्होंने इसका ड्राफ्ट तैयार करने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में 3 सदस्यीय समिति का गठन किया गया था जिसे 6 माह का समय दिया गया था, लेकिन यूसीसी के जटिल ड्राफ्ट को इतने समय में तैयार नहीं किया जा सका।

## 'राज्य सीमा सुरक्षा बल के प्रति रहें सजग'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने सभी राज्य सरकारों, विशेषकर सीमावर्ती राज्यों की सरकारों से सीमा सुरक्षा बल के प्रति सहानुभूतिपूर्ण और संवेदनशील होने की अपील की। यह देखते हुए कि बीएसएफ कर्मियों को भारत की लंबी और जटिल सीमाओं की रक्षा करने में भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि सभी राज्य सरकारें सकारात्मक कदम उठाएं और अपने तंत्र को संवेदनशील बनाएं ताकि बीएसएफ का मनोबल हमेशा ऊंचा बना रहे। नई दिल्ली के विज्ञान भवन



में बुधवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 20वें अलंकरण समारोह के दौरान रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान-2023 देते हुए उपराष्ट्रपति ने सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों से बीएसएफ का विस्तार करने और सीमा सुरक्षा बल का समर्थन करने के लिए भी कहा। उन्होंने तस्करों से बीएसएफ द्वारा जब्त किए गए मवेशियों की देखभाल के लिए एक तंत्र बनाने का भी आह्वान किया। अलंकरण समारोह में 35 बीएसएफ कर्मियों को सम्मानित किया गया, जिसमें वीरता के लिए दो पुलिस पदक और मेधावी सेवा के लिए 33 पुलिस पदक शामिल थे।

**तैयारी शुरू** जल्दी जारी होगा थीम और लोगो, प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ-2025 की तैयारियों को लेकर योगी सरकार की ओर से दिए गए निर्देश

# महाकुंभ-2025 के लिए एक्शन में योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**प्रयागराज** में होने वाले महाकुंभ मेला-2025 को भव्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी ने विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि महाकुम्भ मेला-2025 का लोगो और थीम जल्द से जल्द बना लिया जाए। साथ ही प्रयागराज में पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न मंदिरों के सौंदर्यीकरण के अलावा इसके प्रचार-प्रसार और आने वाले भक्तों के लिए नागरिक सुविधाओं का विकास करने पर जोर दिया गया है।



उल्लेखनीय है कि योगी सरकार हर बार की तरह 2025 में होने जा रहे महाकुंभ को भी वृहद स्तर पर आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। महाकुंभ-2025 में देश और दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की बुनियादी जरूरतों के साथ ही सरकार उन्हें भव्य और दिव्य महाकुंभ का दर्शन भी कराएगी।


**मंदिरों का होगा सौंदर्यीकरण:** महाकुंभ-2025 की तैयारियों को लेकर जो निर्देश दिए गए हैं, उनमें प्रयागराज स्थित भारद्वाज आश्रम, द्वादश माधव मंदिर, नागवासुकी मंदिर, दशाश्वमेध मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, अलोपशंकरी मंदिर, पड़िला महादेव मंदिर, पंचकोशी परिक्रमा पथ के अन्तर्गत आने वाले मंदिर, कोटेश्वर महादेव, कल्याणी देवी, डिजिटल कुंभ म्यूजियम, तक्षक तीर्थ, करछना, अक्षयवट या पलापुरी मंदिर, हनुमान मंदिर, फ्लोटिंग जेटी और रेस्टोरेन्ट, राही इलावर्त होटल, त्रिवेणी दर्शन और तीन प्रवेश द्वारा को सौन्दर्यीकरण कराने को कहा गया है। इसके अलावा महाकुम्भ-2025 के प्रचार-प्रसार के लिए ट्रैवल तथा टूर ऑपरेटर्स को आमंत्रित करते हुए कान्क्लेव का आयोजन करने, भारतीय एवं विदेशी भाषाओं में कुंभ के प्रचार-प्रसार के लिए पर्यटन साहित्य का प्रकाशन करने, प्रयागराज में अस्थाई टेन्ट कालोनी की स्थापना करने, आधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्थाई बस स्टेशन एवं रेलवे स्टेशन पर पर्यटन सूचना केन्द्र बनाने के निर्देश दिए हैं।

# संजय सिंह के सहयोगियों के घर ईडी की रेड

## इस हथकंडे के आगे न झुकेंगे और न रुकेंगे: सांसद संजय सिंह

**तानाशाही....**

**सांसद संजय सिंह ने कहा कि मैंने ईडी और मोदी सरकार की तानाशाही को पूरे देश में उजागर किया**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली श**राब घोटाला मामले में अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आप नेता और सांसद संजय सिंह के सहयोगियों के घर छापेमारी की। इस कार्रवाई के खिलाफ आप सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया कि जब उनके खिलाफ कुछ नहीं मिला तो ईडी इस तरह का हथकंडा अपना रही है। उन्होंने कहा कि 'मैं ईडी और केंद्र सरकार के इस हथकंडे के आगे न झुकेंगे और न ही रुकेंगे। सांसद संजय सिंह ने कहा कि मैंने ईडी और मोदी सरकार की तानाशाही को पूरे देश में उजागर किया। इस बात का सच पूरे देश के सामने रखा कि कैसे ईडी अपनी संस्था और ताकत का गलत इस्तेमाल करके शराब घोटाले में लोगों को फंसाने की कोशिश कर रही है। जब उन्हें (ईडी) को मेरे खिलाफ कुछ नहीं मिला तो उससे उन्होंने गलती मानी और अब मेरे सहयोगियों के पीछे पड़ गए हैं।

संजय सिंह आगे कहते हैं कि आज सुबह मामूल चला कि मेरे साथियों के घर पर छापेमारी हुई। मैं ईडी को बता देना चाहता हूं किसी भी तरीके से कोई हथकंडा अपना लो तुम्हारे सामने न झुकेंगे न रुकेंगे और न ही मोदी सरकार के इस हथकंडे के आगे। साथ ही कहा कि आपसे लड़ेंगे और आपको उजागर करेंगे।

### मनी लॉन्ड्रिंग: सिसोदिया ने हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत याचिका वापस ली

**याचिका...**

**मनीष सिसोदिया ने पत्नी की सेहत का हवाला देते हुए अंतरिम जमानत याचिका दाखिल की थी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आबकारी** नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली हाई कोर्ट से अपनी अंतरिम जमानत याचिका वापस ले ली है। मनीष सिसोदिया ने पत्नी की सेहत का हवाला देते हुए अंतरिम जमानत याचिका दाखिल की थी। हाई कोर्ट सिसोदिया की इस मामले में दाखिल नियमित जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख चुका है। हाई कोर्ट ने 11 मई को नियमित जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखते हुए जेल अधीक्षक को निर्देश दिया था कि जेल मैन्युअल के हिसाब से दोपहर 3 बजे से 4 बजे के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पत्नी के साथ बैठक सुनिश्चित करें। 4 मई को कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया था। 28 अप्रैल को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।


# भलस्वा झील के पुनरुद्धार पर दिल्ली के मंत्री और एलजी में भिड़ंत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भलस्वा झील** के कायाकल्प पर एक बार फिर एलजी और आम आदमी पार्टी आमने सामने हैं। एलजी ने इस झील का दौरा करते हुए दिल्ली की इस अमूल्य संपत्ति के पुनरुद्धार के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के प्रयासों की सराहना की। दिल्ली सरकार के जल मंत्री सौरभ भारद्वाज ने उपराज्यपाल पर दिल्ली सरकार के कार्यों का झूठा श्रेय लेने का आरोप लगाया। पद की गरिमा को देखते हुए यह शोभनीय नहीं है। अपने ट्वीट में भारद्वाज ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली जल बोर्ड(डीजेबी)द्वारा कायाकल्प किया गया। दिल्ली की चुनी हुई सरकार डीडीए के करीब 35-36 जल निकायों पर काम कर रही है। भारद्वाज ने ट्वीट के जरिये निशाना साधते हुए यह भी कहा है कि उपराज्यपाल ने मई, 2022 में पदभार ग्रहण किया। पिछले साल जनवरी में डीडीए के नाले के कायाकल्प का वर्क ऑर्डर दे दिया गया था। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली जल बोर्ड ने डीडीए नाले के कायाकल्प के लिए इस दिशा में पहल की थी। भारद्वाज ने निशाना साधते हुए कहा कि कई वर्षों से भलस्वा डेयरी से गायों के गोबर को डीडीए की झील में फेंका जा रहा है। झील की सफाई का जिम्मा तत्कालीन भाजपा शासित निगम का था।

**झील की सफाई के लिए उपराज्यपाल ने दिए थे निर्देश:** एलजी सचिवालय के एक अधिकारी ने बताया कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 15 अक्टूबर को भलस्वा झील का दौरा किया। उन्होंने इसकी दयनीय दयनीय स्थिति देखी। जलाशयों को साफ करने का कोई काम नहीं चल रहा था, इसके बाद एलजी ने डीडीए को झील को अपने कब्जे में लेने का निर्देश दिया। इसके बाद ही वास्तव में सफाई की शुरूआत हुई। भारद्वाज ने ट्वीट में डीडीए के 17 मई, 2019 के एक पत्र का हवाला देते हुए कहा कि इसके सहित सात जलाशयों को पुनर्जीवित करने की दिल्ली सरकार को अनुमति दी गई थी।

# गला रेतकर कैब चालक को उतारा मौत के घाट




**खून से लथपथ**

**पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर-पूर्वी** दिल्ली के जाफराबाद इलाके में एक कैब चालक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त गांव कुटाना, बड़ौत, बागपत निवासी अर्जुन (32) के रूप में हुई है। राहगीरों ने खून से लथपथ शव देखकर पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। चालक सीट पर अर्जुन का शव खून से लथपथ था। फौरन क्राइम और एफएसएल की टीम को मौके पर बुला लिया गया। अर्जुन का गला रेतने के अलावा उसके चेहरे पर भी चाकू से वार किया गया था। छानबीन के दौरान पुलिस को अर्जुन का मोबाइल व बाकी सामान ज्यों का त्यों मिला है। अर्जुन की हत्या किसने और क्यों की, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस लूटपाट, रंजिश समेत तमाम दृष्टिकोण से मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से भी पड़ताल कर रही है। पुलिस ने हरियाणा नंबर की उसकी अर्टिगा कार को कब्जे में छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस अर्जुन के मोबाइल की सीडीआर निकलवाकर इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिरी बार उसकी किससे बात हुई थी। इसके अलावा दफ्तर के जिस कर्मचारी को उसने यमुना विहार छोड़ा था, उससे भी पूछताछ की जा रही है। अर्जुन गुरुग्राम में एबीपी टूर एंड मैनेजमेंट कंपनी में कैब चालक था। शनिवार को वह गांव आ जाता था, बाकी सोमवार को वह वापस ड्यूटी पर चला जाता था।

# फ्लैट में घुसकर दमकल कर्मी पर हथौड़े से जानलेवा हमला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कड़कड़डूमा** सीबीडी ग्राउंड के नजदीक बने दिल्ली फायर सर्विस के सरकारी फ्लैट में घुसकर दमकलकर्मी पर हथौड़े से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने खुद को पीड़ित के ससुराल पक्ष का बताकर घर में दाखिला लिया। बाद में पीड़ित को बंधक बनाकर मुंह में कपड़ा ठूसने का प्रयास किया। विरोध करने पर बदमाशों ने कमरे में रखे हथौड़े से सिर पर वार कर दिया।

# गंदे पानी की शिकायत के 34 फीसदी सैंपल फेल




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली में बड़ी संख्या में लोग गंदा पानी पीने के लिए मजबूर हैं। जब लोग गंदा पानी आने की शिकायत करते हैं तो ऐसे स्थानों से लिए गए पानी के सैंपल में लगभग 35 फीसदी सैंपल पीने योग्य नहीं पाए गए। लेकिन आश्चर्य है कि जब दिल्ली जल बोर्ड अपने स्तर पर सैंपल लेता है, तो उसे गंदा पानी नहीं मिलता। उसके लिए कुल सैंपल में गंदा पानी सप्लाई होने की मात्रा पांच फीसदी से भी कम बताई गई है। गर्मी बढ़ने के साथ ही दिल्ली में पानी की समस्या गंभीर होने लगती है। इस समय जबकि दिल्ली में पारा 43-44 डिग्री पहुंच चुका है, पानी की मांग अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई है। लेकिन इसी के साथ हर इलाके में पानी की कमी सामने आने लगी है।

**आंकड़ों ने खोली पोल:** जिन इलाकों के लोग दिल्ली जल बोर्ड से अपने क्षेत्र में गंदा पानी आने की शिकायत करते हैं, उनकी जांच पर एक तिहाई से ज्यादा शिकायत (33.85 फीसदी) सही पाई गईं, यानी ऐसे इलाकों में लोगों को गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा था। लेकिन जब दिल्ली जल बोर्ड अपने स्तर पर पानी की गुणवत्ता की चेकिंग करता है, तो उसके अपने आंकड़ों में केवल 4.67 फीसदी की करीब पानी के सैंपल दूषित पाए गए। समर एक्शन प्लान के अंतर्गत 2023 में लिए गए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने आरटीआई से प्राप्त जानकारी के आधार पर दावा किया है कि राजधानी में भारी मात्रा में गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा है। दिल्ली सरकार अपने दावों पर खरा नहीं उतर रही है। लोगों को पानी पीने के लिए पानी के टैंकर माफियाओं पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

इन इलाकों में बहुत अधिक आबादी वाले इलाके लक्ष्मीक नगर, भजनपुरा, रामनगर, अंबेडकर नगर, आनंद पर्वत, हरिनगर, ओखला, संगम विहार, मुस्तफाबाद, करावल नगर, सीलमपुर, बाबरपुर, बवाना और जनकपुरी जैसे इलाके शामिल हैं।

# डीसीडब्ल्यू के हस्तक्षेप के बाद शिक्षा निदेशालय एक्शन में



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) के हस्तक्षेप के बाद शिक्षा निदेशालय ने सक्रियता दिखाई है। महिला शिक्षकों की ओर से यौन उत्पीड़न की शिकायतों पर शिक्षा निदेशालय ने दिल्ली सरकार के एक स्कूल में उप प्रधानाचार्य के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की है। डीसीडब्ल्यू को कादीपुर स्कूल के प्रमुख के खिलाफ यौन और मानसिक उत्पीड़न की कई शिकायतें मिलीं। शिकायतकताओं ने कहा कि आरोपित ने स्कूल की शिक्षिकाओं का यौन और मानसिक उत्पीड़न किया है। शिक्षिकाओं ने उसके खिलाफ कई बार उच्चाधिकारियों से भी शिकायत की थी। इस संबंध में डीसीडब्ल्यू की सदस्य फिरदोस खान ने शिक्षा उप निदेशक (उत्तर पश्चिम-ए) को समन जारी किया था, जिन्होंने बताया कि इस मामले को देखने के लिए एक जांच समिति का गठन किया गया है। डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने शिक्षा निदेशक को समन जारी कर मामले में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी। शिक्षा निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी डीसीडब्ल्यू के समक्ष उपस्थित होकर जानकारी दी कि आरोपित शिक्षक को स्कूल से स्थानांतरित कर दिया गया है। साथ ही कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम के तहत मामला जिले की स्थानीय शिकायत समिति को भेज दिया गया है।

डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कार्रवाई को अपर्याप्त बताया और आरोपित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इसके बाद अधिकारी फिर से आयोग के सामने पेश हुए और कहा कि शिक्षा निदेशक ने आरोपित व्यक्ति के खिलाफ सीसीएस आचरण नियम 1964 की धारा 14 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने का फैसला किया है।

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सेल ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक सक्रिय गुर्गे को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान योगेश उर्फ हिमांशु उर्फ घोघा के रूप में हुई है। उसे हत्या के प्रयास के मामले में चार साल की सजा हुई थी, लेकिन पिछले तीन साल से वह फरार चल रहा था। दिल्ली पुलिस उसे गिरफ्तार करने के लिए कई बार उसके ठिकाने पर छापेमारी कर चुकी थी। पुलिस के अनुसार योगेश उर्फ घोघा हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, धमकी देने, आर्म्स एक्ट सहित 16 आपराधिक मामलों में शामिल है।

# भाजपा नेता ने गिनाई मोदी सरकार की 9 साल की उपलब्धियां



**पीठ थपथपाई**

**प्रदूषण की समस्या, यातायात की समस्या दूर करने, स्वास्थ्य सेवा को बेहतर करने के नौ वर्षों में कई कदम उठाए गए हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि दिल्ली के विकास के लिए नरेंद्र मोदी सरकार काम कर रही है। प्रदूषण की समस्या, यातायात की समस्या दूर करने, स्वास्थ्य सेवा को बेहतर करने के नौ वर्षों में कई कदम उठाए गए हैं। वहीं, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार यह दुष्प्रचार कर थी कि केंद्रीय बजट में दिल्ली को मात्र 300 करोड़ रुपये दिए गए हैं। सच्चाई यह है कि विभिन्न योजनाओं के लिए केंद्र सरकार ने लगभग डेढ़ लाख करोड़ दिए हैं। विभिन्न योजनाओं में दिल्ली सरकार अपने हिस्से का बजट नहीं दे रही है। पूरा खर्च केंद्र सरकार कर रही है।

ईस्टर्न और वेस्टर्न पेरिफेरल रोड पर 12 हजार करोड़ खर्च, दिल्ली सरकार ने अपने हिस्से का 3700 करोड़ रुपये देने से मना कर दिया।

- प्रगति मैदान टनल के लिए 928 करोड़ रुपये। दिल्ली सरकार को 20% देना था, लेकिन मना कर दिया
- केंद्र सरकार ने 400 इलेक्ट्रिक बसें दी हैं।
- पिछले तीन वर्षों में केंद्र सरकार के अस्पतालों में 2100 बेड बढ़ाए गए हैं
- यमुना किनारे 12 डायवर्सिटी पार्क विकसित किए जा रहे हैं।
- यमुना की सफाई के लिए दिल्ली सरकार को 8419 करोड़ रुपये दिए गए
- कोरोना में 73 लाख गरीब परिवारों को 270 करोड़ रुपये खर्च कर मुफ्त राशन उपलब्ध कराया गया

# मासूमों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे स्कूल वैन चालक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**स्कूल** वैन चालक मासूम बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूल वैन चालकों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस वर्ष एक जनवरी से लेकर 15 अप्रैल तक 102 स्कूल वैन चालक पकड़े गए हैं। वर्ष 2022 में एक जनवरी से 15 अप्रैल तक ये संख्या 72 और वर्ष 2021 में 37 थी। इसे देखते हुए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस सख्ती करने के साथ-साथ स्कूल वैन चालकों, छात्रों व शिक्षकों को तरह-तरह के कार्यक्रम चलाकर जागरूक कर रही है। विशेष पुलिस आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव का कहना है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूल वैन चालकों की संख्या बढ़ रही है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूल वैन चालकों की संख्या वर्ष 2020 में जनवरी से दिसंबर तक 362 थी। वर्ष 2021 में जनवरी से दिसंबर तक 97 स्कूल वैन चालक पकड़े गए। इसके बाद ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूल वैन चालकों की संख्या बढ़ी। वर्ष 2022 में जनवरी से दिसंबर तक 505 स्कूल वैन चालकों ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया। अगर एक जनवरी से लेकर 15 अप्रैल तक की अवधि के आंकड़ों का विश्लेषण करें, तो वर्ष 2021 में सबसे अधिक चालान विवेक विहार में 6, सिविल लाइंस में 5 और कल्याणपुरी, मंडावली व वसंत विहार में 4-4 चालान किए गए। इसी तरह वर्ष 2022 में स्कूल वैन चालकों के सबसे ज्यादा चालान मंडावली में 16, सिविल लाइंस में 9 ग्रेटर कैलाश व राजौरी गार्डन में 5-5 चालान किए गए।

वर्ष 2023 में स्कूल वैन चालकों के सबसे अधिक चालान तिलक नगर में 32, मंगोलपुरी में 14 और राजौरी गार्डन में 13 चालान किए गए।

# हाईकोर्ट ने वर्मा को बर्खास्त करने के केंद्र के आदेश को रखा बरकरार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाईकोर्ट ने बुधवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी सतीश चंद्र वर्मा की सेवानिवृत्ति से ठीक एक महीने पहले सेवा से बर्खास्तगी को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है।

**इशरत केस की जांच में की थी सीबीआई की मदद:** बता दें कि वर्मा ने इशरत जहां मुठभेड़ मामले की जांच में सीबीआई की मदद की थी। सितंबर 2022 में, दिल्ली हाई कोर्ट ने सतीश चंद्र वर्मा को बर्खास्त करने के केंद्र सरकार के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

**गुजरात कैडर के आईपीएस अधिकारी थे वर्मा:** उनकी बर्खास्तगी के खिलाफ दायर याचिका को चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस संजीव सचदेवा की खंडपीठ ने खारिज किया है। वर्मा 1986 बैच के गुजरात कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। बता दें कि बर्खास्तगी का आदेश लागू होने से उन्हें पेंशन और अन्य सुविधाओं से वंचित होना पड़ सकता है। गौरतलब है कि गुजरात में इशरत जहां मामले की जांच में सीबीआई की मदद करने वाले आइपीएस अधिकारी सतीश चंद्र वर्मा को सेवानिवृत्ति से एक महीने पहले 30 अगस्त, 2022 को बर्खास्त कर दिया गया था। वर्मा ने अप्रैल 2010 से अक्टूबर 2011 के बीच इशरत मामले में जांच की थी।

# सुकेश का नया लेटर बम: 'जेल प्रशासन मेरा सबसे बड़ा दुश्मन'



**खत में लिखा...**

**जेल प्रशासन चारदीवारी के अंदर अपना ही नियम चला रहा है। न्याय और मेरी सुरक्षा के लिए आयोग इस मामले में दखल दें**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की मंडोली जेल में बंद महाठग सुकेश चंद्रशेखर का एक और 'लेटर बम' सामने आया है, जिसमें उसने दावा किया है कि उसकी टिल्लू ताजपुरिया और अंकित गुर्जर जैसी जेल के अंदर ही हत्या कराई जा सकती है। सुकेश ने यह खत राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को लिखा है। उसने खत में लिखा है कि उसे जेल में मानसिक तौर पर प्रताड़ित किया जा रहा है।

**सुकेश ने केजरीवाल को लेकर किए कौन से दावे:** साथ ही जेल सुप्रीटेंडेंट ओम प्रकाश और डिप्टी सुप्रीटेंडेंट दीपक कुमार द्वारा यह दबाव डाला जा रहा है कि उसने सेक्शन 164 के तहत केजरीवाल, सत्येंद्र जैन और पूर्व डीजी जेल संदीप गोयल के खिलाफ जो बयान दिया है उसे वापस ले ले।

**सुकेश ने क्यों कहा टिल्लू की तरह करा देंगे मेरी हत्या:** सुकेश ने आरोप लगाया है कि अगर उसने ऐसा नहीं किया तो उसकी पिटाई होगी और टिल्लू ताजपुरिया और अंकित गुर्जर की तरह उसकी भी हत्या करा दी जाएगी। आरोप है कि जेल प्रशासन उस पर प्रोटेक्शन मनी अदा करने के लिए भी दबाव डाल रहा है। उसका दावा है कि आज जेल प्रशासन उसका सबसे बड़ा दुश्मन है। उन्होंने मेरे ऊपर बीते एक हफ्ते से तब से दबाव डालना शुरू किया है जब से सुप्रीम कोर्ट ने मेरी याचिका खारिज कर दी।

**सुप्रीटेंडेंट को लेकर सुकेश के आरोप:** सुकेश ने खत में दावा किया है कि जेल सुप्रीटेंडेंट ओम प्रकाश मुझे अपशब्द कहते रहते हैं और मुझे ऐसे वार्ड में डाल दिया है जिसकी हालत बिल्कुल रहने लायक नहीं है। यही नहीं उन्होंने मुझे अकेले वार्ड में भी डाल दिया है और दूसरे कैदियों से मुझे मिलने नहीं देते। जब मैंने उनसे इसका कारण पूछा तो बोले कि तुम केजरीवाल के खिलाफ दिया अपना बयान वापस ले लो वरना यही नरक झेलते रहो। हम तुम्हें पागल कर देंगे और तुम अपना दिमाग खो दोगे। तुमने केजरीवाल साहब से पंगा लिया है? कहा है कि जेल प्रशासन चारदीवारी के अंदर अपना ही नियम चला रहा है। न्याय और मेरी सुरक्षा के लिए आप (राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग) इस मामले में दखल दें और जेल में आकर देखें कि मेरी शिकायत सही है या नहीं। सुकेश ने चिट्ठी में गुहार लगाई है कि इससे पहले कि उसके साथ कुछ अवांछित घट जाए एक्शन लीजिए।

# नये पासपोर्ट की अनुमति की मांग वाली राहुल गांधी की याचिका पर स्वामी को नोटिस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के रा**ऊज एवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नये पासपोर्ट जारी करने की अनुमति देने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए सुब्रमण्यम स्वामी को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 26 मई को होगी। सुनवाई के दौरान सुब्रमण्यम स्वामी ने राहुल गांधी की याचिका का विरोध किया। कोर्ट ने कहा कि मामला 2018 से लंबित है और राहुल गांधी के वकील हमेशा कोर्ट में उपस्थित होते हैं। ये पासपोर्ट से जुड़ा मामला है। राइट टू ट्रैवल मौलिक अधिकार है। राहुल गांधी ने ये अर्जी नेशनल हेराल्ड मामले में दाखिल की है। राहुल गांधी ने संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित होने के बाद अपना डिप्लोमेटिक पासपोर्ट सरेंडर कर दिया था। अब वे नया पासपोर्ट जारी करने की मांग कर रहे हैं। नेशनल हेराल्ड मामले में सुब्रमण्यम स्वामी ने राहुल गांधी के खिलाफ याचिका दायर की है। इस मामले में कोर्ट ने दिसंबर, 2015 में राहुल गांधी, सोनिया गांधी समेत दूसरे आरोपितों को जमानत दी थी।

## न्यूज फ्लैश

### प्रजापति धर्मशाला गन्नौर का 28 मई को स्थापना दिवस समारोह

**गन्नौर।** प्रजापति धर्मशाला गन्नौर द्वारा स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 28 मई को किया जाएगा। जिला महासचिव प्रेमचंद ठेकेदार ने बताया समारोह के मुख्यातिथि डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा व विशिष्ठ अतिथि बीपीएचओ के मुख्य संस्थापक सत्यनारायण, राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश सरोहा, सेवानिवृत आईएएस आर.एस.वर्मा, निदेशक पीएसडब्ल्यूसी प्रभुदयाल, विधायक निर्मल चौधरी होगी। ठेकेदार ने बताया कि विशिष्ठ अतिथि मन्नत ग्रुप के चेयरमैन देवेन्द्र कादियान, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जयभगवान ठेकेदार, रमेश टांक पूर्व राष्ट्रीय महासचिव आदि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीपीएचओ के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष नरेश प्रजापित करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कार्यक्रम में प्रजापति समाज के गणमान्य लोग भाग लेंगे।

### पानीपत में फ्लाई ओवर के नीचे पेड पार्किग के होंगे चार ब्लॉक

**पानीपत: पानीपत में** जीटी रोड ऐलिवेटिड फ्लाई ओवर के नीचे वाहन खडे करने वालो के लिये बनाई जाने वाली पार्किंग के चार ब्लाक होंगे और जिला प्रशासन द्वारा पा?कंग का टैंडर जल्द किया जाएगा। फ्लाई ओवर के नीचे पार्किंग बनने से आसपास की माकेर्टों व बाजारों के दुकानदारों सहित आम नागरिकों को भी इसका फायदा मिलेगा और वाहन चोरी होने का भय नहीं रहेगा। इसका फैसला बुधवार को जिला सचिवालय स्थित एसडीएम विरेंद्र ढूल की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में हुई कमेटी की बैठक में लिया गया है। बैठक में कमेटी के सदस्य डीएसपी टैफिक सुरेश सैनी, नगर निगम के डीएमसी विनोद कुमार नेहरा, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन जतिन खुराना, रोडवेज पानीपत डिपो के टैफिक मैनेजर पंकज पुनिया, एलएनटी से ज्ञान प्रकाश व लेखराज सिंह मौजूद रहे। वहीं एसडीएम विरेंद्र ढूल ने बताया कि यह फैसला लिया गया है कि पार्किंग को चार भागों में बांटा जाएगा और जल्द ही कमेटी की रिपोर्ट को उपायुक्त को सौंप दिया जाएगा।

### महर्षि कश्यप ने समस्त मानव जाति के लिए किये कल्याणकारी कार्य: विजय जैन

**पानीपत: पानीपत ग्रामीण** हलके के गांव काबड़ी, गढ़ सरनाई व कश्यप कॉलोनी में बुधवार को महर्षि कश्यप जयंती धूमधाम से मनाई गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण हलके के लोकप्रिय नेता विजय जैन पार्षद ने शिरकत की। कार्यक्रमों का शुभारंभ पार्षद विजय जैन ने महर्षि कश्यप की मूर्ति पर पुष्प अर्पित करके किया गया। वहीं विजय जैन ने कहा है कि महर्षि कश्यप इस सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा के अवतार थे और एक वैदिक ऋषि थे। इनकी गणना सप्तर्षियों में की जाती है। उन्होंने कहा है कि महर्षि कश्यप ने अपने तपोबल से मानव जाति के लिए अनेक कल्याणकारी कार्य किये। इस अवसर पर संजय कश्यप, रिंकू कश्यप, नरेश कश्यप, जिला पार्षद जितेंद्र बाल्मीकि,राजवीर सिंह, शेर सिंह, प्रीतम सिंह कश्यप ,कृष्ण ठाकुर, सतपाल राणा, बलदेव अरोड़ा हनुमान, पूर्व सरपंच भीम सिंह, राकेश कश्यप, गणेश, सतपाल सरपंच, बारू राम कश्यप ,ब्लॉक समिति सदस्य वीनू शर्मा, एडवोकेट रमेश मौर्या व राजकुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

### राम अवतार, कृष्ण जन्म व पांडव, बराह अवतार, वामन अवतार कहानी का किया गुणगान

**गन्नौर। नगरपालिका** रोड स्थित पुष्प वर्ल्ड स्कूल के सामने आयोजित श्रीमद्भागवत कथा व श्री खाटू श्याम कथा के तीसरे दिन बराह अवतार, वामन अवतार, राम अवतार, कृष्ण जन्म व पांडव कहानी की गुणगान किया गया। कथा में बतौर अतिथि पहुंचे कांग्रेस नेता विरेंद्र धनखड़ ने कथा वाचक सुधाकर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। कथावाचक ने विरेंद्र धनखड़ा को स्मृति चिह्न भी भेंट किया। कथा वाचक सुधाकर महाराज ने कहा कि एकादशी के दिन भगवान बराह अवतार की पूजा की जानी चाहिए। इस दिन भगवान बराह अवतार की कथा पढना और सुनना भी शुभ और पुण्यदायक माना जाता है। वही वामन अवतार के बारे में वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि त्रेतायुग के प्रारंभ होने में देवी अदिति के गर्भ में उत्पन्न हुए। इसके साथ ही भगवान विष्णु के पहले ऐसे अवतार थे जो मानव अवतार रुप में प्रकट हुए। दक्षिण में इन्हे मूल न उपेंद्र के नाम से जाना जाता है। भगवान राम अवतार का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान विष्णु के 10 अवतारों में 7वां अवतार भगवान राम को माना जाता है। कृष्ण जन्म के बारे में बताया कि कृष्ण का जन्म मथुरा के कारागार मे हुआ था जो माता देवकी और पिता वासुदेव की 7वीं संतान थे। श्रीमद्भागवत के वर्णन अनुसार द्वापरयुग में भोजवंशी राजा उग्रसेन मथुरा में राज करते थे और देवकी उनकी पुत्री थी।

# मथुरा में सड़क हादसे में चार युवकों की मौत

## मुख्यमंत्री ने घटना पर जताया शोक, आलाधिकारी मौके पर पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/लोकेश चौधरी**

**बुधवार की** सुबह सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि हादसे में घायल हुए ईको चालक की हालत गंभीर है। हादसा मथुरा के थाना बलदेव क्षेत्र में एक ईको कार के पेड से टकरा जाने से हुआ। हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त किया है। जनपद के आलाधिकारी भी मृतक युवकों के परिजनों को ढंढस बंधने पहुंचे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे शवों को निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है।



ईको कार सवार ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए ईको कार से बल्देव से वृंदावन जा रहे थे। गाड़ी संख्या यूपी 85 बी 4514 में गांव आगई बलदेब से इको कार में सवार होकर गंगनहर के बराबर सड़क किनारे होते हुए वृंदावन जा रहे थे। गांव पिलुखनी के समीप वाहन को बचाने के प्रयास में गाड़ी शीशम के पेड़ से जा टकरायी।

इस दौरान अचल पुत्र प्रेमसिंह गांव आगई थाना बलदेव, आकाश पुत्र ओमवीर सिंह निवासी गांव आगई, योगेश पुत्र भूरी सिंह निवासी बलदेव, अंकित पुत्र पवन निवासी बलदेव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गाड़ी चालक सेंकी पुत्र शैलेन्द्र निवासी गांव आगई थाना बलदेव की हालत चिंताजनक बताई गयी है।घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची राया पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भेजा। जहां से उसे आगरा के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने चारों मृतकों के शव का पंचनामा भरकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस बड़े हादसे की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी पुलकित खरे और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडेय भी जिला अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने सीएमएस से बात कर घायल की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने जिला अस्पताल में मौजूद घायल और मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया। वहीं बताया जा रहा है कि ईको सवार ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए बलदेव से वृंदावन जा रहे थे इसी बीच किसी वाहन को बचाने के प्रयास में उनकी कार एक पेड़ से जा टकराई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा में हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

# सेवा ही मानव का मूल संस्कार है: प्रो. टंकेश्वर कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**

**नारनौल। हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में हिंदी विभाग के सौजन्य से ह्यशीतल जल सेवाह्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विद्यार्थी महापुरुषों को अपना प्रेरणा स्त्रोत मान अपने जीवन में सेवा को एक अभिन्न अंग के रूप में धारण करें। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने नई शिक्षा नीति एवम्‌ भारतीय ज्ञान परम्परा से सेवा को जोड़ते हुए कहा कि गुण संपन्न, सामाजिक दायित्व के निर्वहन का बोध रखने वाला व्यक्तित्व निर्माण करना ही नई शिक्षा नीति का मूल उद्देश्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस पुनीत आयोजन के लिए बधाई दी। विश्वविद्यालय के प्रोवोस्ट एवं हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीर पाल सिंह यादव ने सेवा के महत्व को विद्यार्थियों से साझा किया। उन्होंने कहा कि सेवा ही मानवमात्र का वह गुण है जो उसे इस धरा पर सबसे अलग और श्रेष्ठ बनाता है। मानव की यही भावना उसका मूल है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता व अंग्रेजी एवं विदेशी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन में शिक्षकों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की

# पद्म श्री द्रोणाचार्य गुरु हनुमान की 24 वी पुण्यतिथि पर लगाया भंडारा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर लड़सौली गांव** स्थित गुरु हनुमान कुश्ती कबड्डी एकेडमी की तरफ से विश्व विख्यात पद्म श्री द्रोणाचार्य गुरु हनुमान की 24 वी पुण्यतिथि के उपलक्ष में देसी घी का भंडारा व मीठे पानी की छबील लगाई गई।



कबड्डी एकेडमी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने गुरू हनुमान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया व उनके बताए मार्ग पर चलते हुए कुश्ती के विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर भीम अवॉर्डी भारत केसरी नवीन मोर पहलवान, चांद राम मोर पूर्व कबड्डी कप्तान, प्रधान धर्मवीर मोर, नवीन मोर के पिता राम कुमार मोर, सरपंच प्रतिनिधि प्रियवर्त मोर, पूर्व सरपंच संजय मोर, सुमित अत्री, लीला मोर, दलबीर कोच, बबलू पहलवान, दविंदर फौजी, नवीन सेन, जतिन मोर आदि ने भंडारे में सेवाएं दी।

## रजिस्ट्रियों में धांधली के मामले में चल रही जांच हुई पूरी

**गन्नौर। तहसील में** अवैध कालोनियों में रजिस्ट्री करने के मामले में चल रही जांच पूरी हो चुकी है। 77 में से 63 रजिस्ट्रियां अवैध कालोनियों में बिना एनओसी की गई थी। सभी रजिस्ट्रियां नायब तहसीलदार शिवराज सिंह द्वारा की गई हैं। जांच पूरी होने के बाद तहसीलदार ने एसडीएम डा. अनुपमा मलिक को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। वहीं एसडीएम ने भी रिपोर्ट मिलने के बाद उसे आगामी कार्रवाई के लिए उपायुक्त कार्यालय में भेज दिया है। तहसीलदार के साथ नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने 15 मई को हुई सभी 77 रजिस्ट्रियों की गहनता से रजिस्ट्रियों का मिलान किया तो सामने आया कि 77 में से 63 रजिस्ट्रियां अवैध कालोनियों में की गई हैं।

# ये मिलीभगत नहीं तो क्या है!

## सेवानिवृत होने के बाद भी नहीं छोड़ी मलाई की सीट, मामला पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड से जुड़ा है

**पीडब्ल्यूडी** के प्रांतीय खंड में सब कुछ ठीक ठाक नहीं चल रहा है। हाल ही में निर्माण कार्य में देरी पर जिलाधिकारी द्वारा प्रांतीय खंड के अधिशाषी अभियंता सहित कई को अन्तिम चेतावनी जारी की गई थी। ताजा मामला अमीन की सीट पर रिटायर्ड कर्मचारी के द्वारा पूर्व की भांति कार्य करने का है।ये रिटायर कर्मचारी 31 मार्च को सेवानिवृत होने के बाद भी 22 मई मंगलवार को सीट पर बैठकर कार्य करता मिला। उसने इसके लिय एक्सिएन की सहमति से कार्य करने की बात कही। जब इसको लेकर अधिशाषी अभियंता से उनके कार्यालय में पूछा गया तो वे भड़क गए और कोई जवाब नहीं दिया।

लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड में तैनात रहे मुकेश कुमार अमीन का कार्य करते थे। वे गत 31मार्च 2023 को सेवानिवृत हो गए थे। सेवानिवृत होने के



बाद भी वे पूर्व के समान ही सीट पर बैठकर कार्य कर रहे थे। 22 मई को प्रांतीय खंड कार्यलय पर वे सीट बैठकर विभाग से जुड़े गोपनीय दस्तावेजों को निकाल और रखने का कार्य कर रहे थे। जब उनसे इसके लिए किसी सरकारी आदेश की बात पूछी गई तो उन्होंने अधिसाशी अभियंता के आदेश पर कार्य करने की बात कही। इस संबंध में जब अधिशासी अभियंता अजय कुमार सिंह का पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो



विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि वे मंडलायुक्त की बैठक में आगरा गए हैं। बुधवार को पुनः अधिशाषी अभियंता अजय कुमार सिंह से इसे लेकर पूछा गया तो वे भड़क गए और कहा कि वे कुछ भी बताने के लिय बाध्य नहीं हैं ,इसका जवाब आगरा में बैठे सीनियर देंगे। गंभीर सवाल खड़ा होता है कि इस दौरान गर कोई महत्वपूर्ण दस्तावेज गुम हो जाता है तो किसकी जवाब देगी होगी।

# 10वीं का परीक्षा परिणाम में फिसड्डी रहा गढ़ी झंझारा गांव का राजकीय स्कूल

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। गढ़ी झंझारा** गांव में राजकीय स्कूल का दसवीं का परीक्षा परिणाम इस बार फिसड्डी रहने पर बीईओ ने स्कूल के प्रधानाचार्य से जवाब मांगा है। स्कूल में दसवीं कक्षा में कुल 57 बच्चे परीक्षा में बैठे थे। इनमें से 15 बच्चों की कंपार्टमेंट आई है, एक छात्र का रिजल्ट वेटिंग में है और बाकी फेल हुए हैं। जबकि सभी 57 बच्चे गणित की परीक्षा में फेल हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि 10वीं का परिणाम खराब रहा। इसके लिए अध्यापको की पढ़ाई कराने में कोई कमी नहीं है। जिस गणित के अध्यापक ने 10वीं कक्षा को




पढ़ाया उसी ने 12वीं कक्षा को भी पढ़ाया। 12वीं में सभी बच्चे गणित की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए जबकि 10वीं में सभी बच्चे गणित में फेल हो गए। वहीं स्कूल में विज्ञान का शिक्षक भी नहीं है, जिस वजह से भी स्कूल का परीक्षा परिणाम खराब आया है। भविष्य में परिणाम बेहतर आए इसके लिए और अधिक प्रयास किया जाएगा और शिक्षकों को पहले से भी अधिक मेहनत के साथ पढ़ाने के निर्देश दिए जाएंगे।

**परीक्षा केन्द्र बदलने पर मानसिक दबाव में आ गए बच्चे : प्रधानाचार्य**

स्कूल के प्राचार्य राजबीर पराशर ने बताया कि इसकी सबसे बड़ी वजह है गणित की परीक्षा रद होना है।

गढ़ी झंझारा गांव में राजकीय स्कूल का सेंटर आहुलाना में आया था। गणित की परीक्षा के दिन पेपर रद कर दिया गया था। यह पेपर बाद में सोनीपत में हुआ, जिस वजह से बच्चे मानसिक दबाव में आ गए और उनका पेपर खराब हुआ।

**खराब रिजल्ट वाले स्कूलों के शिक्षकों की सूची तैयार कर डाइट को भेजी जाएगी : शर्मा**

खण्ड शिक्षा अधिकारी सतीश शर्मा ने बताया कि जिन स्कूलों का रिजल्ट कम आय है उनकी सूची तैयार की जा रही है।

खराब रिजल्ट वाले स्कूलों के शिक्षकों की सूची तैयार कर डाइट को भेजी जायगी ओर उनको ट्रेनिग दी जायेगी। वही गढ़ी झंझारा स्कूल के प्रिंसिपल से रिजल्ट को लेकर स्पस्टीकरण मांगा गया है।

## वकीलों का बहिष्कार सातवें दिन भी जारी

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** वकीलों के विरुद्ध दर्ज एफआईआर को रद्द करवाने को लेकर किये जा रहे विरोध की कड़ी में जिला बार एसोसिएशन आज सातवें दिन भी न्यायिक कार्यों से विरक्त रही। गत 18 मई से जिला बार एसोसिएशन के सदस्य वकीलों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने के लिए, अपने आप को न्यायिक कार्यों से अलग किये हुए हैं। 17 मई की बैठक में जिला बार एसोसिएशन की बैठक में निर्णय लिया गया था कि जब तक वकीलों के विरुद्ध दर्ज एफआईआर को रद्द नहीं किया जाएगा, तब तक सभी वकील न्यायिक कार्यों का बहिष्कार करेंगे। इसके बाद शुक्रवार को वकीलों ने एसपी के विरोध में नारे लगा कर जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा था। आज बुधवार को सातवे दिन भी अधिवक्ताओं ने अपने कार्यों का पूर्ण बहिस्कार रखा। जिला बार के सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि जब तक वकीलों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज नहीं होती तब तक न्यायिक कार्य से अलग रहने की बात की। वक्ताओं में अधिवक्ता रविन्द्र यादव, राकेश महता, कर्ण सिंह यादव, जसबीर ढिल्लो, मनीष वशिष्ठ, यशवंत यादव, कर्ण सिंह यादव भोजावास, मंजीत यादव मांदी, कुलदीप भरगड़, अजय चौधरी, सुभाष सैनी कोजिन्दा, महाबीर किरोड़ीवाल, पंकज किरोड़ीवाल, नरेश संघी, सुधीर यादव, नरेंद्र गुवानी सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखे। जिला बार एसोसिएसन के प्रधान राजकुमार रामबास ने कहा की न्यायिक परिसर में अधिवक्ता ऑफिसर ऑफ कोर्ट होता है। उसके कार्यस्थल पर कोई क्लाइंट, उसके साथ अभद्रता करे, गाली गलौच करे, मारपीट करे, यह सहन नहीं किया जाएगा।

## भाकियू ने किया वृंदावन में बिजली घर पर प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**भारतीय** किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने वृंदावन में हो रही अंधाधुंध अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में वृंदावन के पागल बाबा मंदिर स्थित बिजली घर पर प्रदर्शन किया। बिजली घर की तालाबंदी कर नारेबाजी की। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता बुधवार सुबह बिजली घर पहुंचते। सबसे पहले बिजली घर के मुख्य गेट का ताला लगा दिया। इसके बाद धरने पर बैठ गये। एसडीओ, जेई को भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रचार मंत्री चैधरी करुआ सिंह, महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से कहा कि वृंदावन के रतन छतरी क्षेत्र में सहित समूचे नगर में विद्युत विभाग द्वारा अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के लिए मांगे आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**जिला समाज** कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह ने अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत परीक्षा पूर्व प्रतियोगी परीक्षा जैसे यूपीएससी, यूपीपीसीएस, नीट, जेईई, एनडीए, सीडीएस इत्यादि की तैयारी कर रहें प्रतियोगी अभ्यर्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण व कोचिंग में ऑफलाईन प्रवेश के लिए सत्र 2023-24 से शैक्षिक वर्ष एक जुलाई से 30 अप्रैल के मध्य निर्धारित किया गया है। जिसके लिये आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय

> 8 पिछड़ा वर्ग के लिये संघ लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित आयु व छूट मान्य होगी। 12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण होना चाहिए। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) द्वारा निर्धारित आयु सीमा व छूट मान्य होगी

जिला समाज कल्याण अधिकारी मथुरा कक्ष संख्या एक अथवा राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास 10, सिविल लाइन मथुरा से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं तथा आवेदन पत्र में दी गयी सभी प्रविष्टियाँ सही सही भरकर समस्त संलग्नकों (शैक्षिक योग्यता, आय, जाति एवं निवास) संबंधी प्रमाण पत्रों सहित कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी कक्ष संख्या एक राजीव भवन मथुरा में जमा करा सकते है। जमा कराने की अंतिम तिथि 16. जून तक है। सुशील कुमार, अधीक्षक राजकीय छात्रावास मथुरा से योजना से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कोर्सवार पात्रता की अर्हता व शर्तें है जिसमे यूपीएससी, यूपीपीसीएस इच्छुक अभ्यर्थी स्नातक अंतिम वर्ष में अध्ययनरत अथवा परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए। आयु सीमा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये संघ लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित आयु व छूट मान्य होगी। नीट हेतु विज्ञान वर्ग में जीव विज्ञान से इंटरमीडिएट कक्षा 12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण होना चाहिए। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) द्वारा निर्धारित आयु सीमा व छूट मान्य होगी।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग करते चार आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**

**झज्जर पुलिस** की अलग-अलग टीमों द्वारा अलग-अलग स्थानो से शराब पीकर हुड़दंग करते चार आरोपियों को काबू किया गया। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुड़दंग करके आमजन के लिए परेशानी उत्पन्न करने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक झज्जर डॉ अर्पित जैन द्वारा कड़े दिशा निर्देश दिए गए थे। एसपी के दिशा निदेर्शों की पालना करते हुए पुलिस की विभिन्न टीमों ने सार्वजनिक स्थान पर शराब

> 8 थाना आसौदा में अलग-अलग मामले दर्ज किए गए। गिरफ्त में आए आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई

पीकर हुड़दंग करने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को काबू किया। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रबंधक आसौदा निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि थाना की अलग-अलग टीमों द्वारा अलग-अलग स्थानों से सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुड़दंग करते हुए चार आरोपियों को काबू किया गया। थाना की अलग-अलग टीमों ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से शराब पीकर हुड़दंग करते पकड़े गए आरोपियों की पहचान पवन निवासी जसौर खेड़ी, अनूप निवासी आसौदा, रामू निवासी सीसर जिला जींद, भीष्म निवासी समचाना जिला रोहतक के तौर पर की गई। पकड़े गए उपरोक्त चारों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए थाना आसौदा में अलग-अलग मामले दर्ज किए गए। गिरफ्त में आए आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई।

## ब्राह्मण सेवा संघ ने किया नवनिर्वाचित पार्षदों को सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**ब्राह्मण सेवा** संघ वृंदावन के तत्वाधान में वृंदावन के नवनिर्वाचित पार्षदों का अभिनंदन समारोह सीके शिशु शिक्षा निकेतन वृन्दावन पर किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान परशुराम एवं भगवान वामन के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। इसके पश्चात भागवत विद्वान राम कृपाल त्रिपाठी एवं बिहारी लाल शास्त्री के द्वारा भगवान परशुराम एवं भगवान वामन की स्तुति गायी गई एवं मंगलाचरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोविंदा तीर्थ महाराज एवं विशिष्ट अतिथि कृष्ण कुमार शर्मा मुन्ना भैया रहे। आयोजन में सभी नव निर्वाचित पार्षदों मुकेश सारस्वत, माधवी बघेल, पंकज अरोड़ा, सुमित गौतम, वैभव अग्रवाल, डॉ रूपकिशोर, राधाकृष्ण पाठक, शशांक शर्मा, घनश्याम चैधरी का माला पहनाकर अभिनंदन किया एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर शुभकामनाएं प्रदान करते हुए भविष्य में वृंदावन के विकास के लिए दृण संकल्प के साथ कार्य करने का आग्रह किया गया। मुख्य अतिथि गोविंदानंद तीर्थ ने कहा कि आप सभी भाग्यशाली है। जिन पर ब्रजवासियों ने अपना आशीर्वाद एवं विश्वास बनाया एवं अब आपकी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है, क्योंकि अब आपका वार्ड ही आपका परिवार है एवं उसकी सेवा ही आपका सर्वप्रथम धर्म है।

# पांच दिन से गांव में नहीं आ रही बिजली, ग्रामीणों में आक्रोश

> 8 गांव में लगे 100 व 60 केवीए के ट्रांसफार्मर फूंकने से बिजली आपूर्ति भंग हो गया है

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**अकोस पंचायत** के गांव नगला डयोडिया में बिजली समस्या बरकरार है। गांव में लगे 100 व 60 केवीए के ट्रांसफार्मर फूंकने से बिजली आपूर्ति भंग हो गया है। पांच दिन से ग्रामीणों को बिजली नहीं मिल पा रही है। इसे लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। बड़ी संख्या में ग्रामीण बरौली 33



केवीए सब स्टेशन पर शिकायत लेकर पहुंचे। बताया गांव के लोगों ने कि बिजली कर्मचारियों की अनदेखी के चलते फूंके ट्रांसफार्मर नहीं बदले जा रहे। भीषण गर्मी से ग्रामीण व पशु पक्षी बेहाल हो रहे हैं। पानी तक नही मिल पा रहा है। कोई शिकायत तक सूंनने वाला नहीं। बाद में ग्रामीण अपनी शिकायत को लेकर भाकियू के वरिष्ठ कार्यकर्ता सतेंद्र छोंकर के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश प्रवक्ता गजेन्द्र सिंह परिहार व प्रवक्ता आगरा मंडल ललित शर्मा के बरौली स्थिति आवास पर पहुंचे।

## संपादकीय

# एनआईए के 'ऑपरेशन ध्वस्त' के निहितार्थ

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंक, तस्कर और गैंगस्टर के अंतरराष्ट्रीय गठजोड़ को हतोत्साहित और नेस्तनाबूद करने के लिये 17 मई को नए सिरे से ऑपरेशन ध्वस्त को अंजाम दिया है। इसके लिए एनआईए और संबंधित राज्यों की पुलिस की जितनी प्रशंसा की जाए, वह कम है। इस बात में कोई दोराय नहीं कि ऐसे शातिर लोगों को राजनीतिक, प्रशासनिक और कारोबारी शह व संरक्षण भी हासिल होता है। इसलिए राष्ट्रहित में ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई का होना काबिल-ए-तारीफ है। इसके लिए अधिकारीगण लोक प्रशंसा के पात्र हैं। आखिर यह कौन नहीं जानता कि देश में गैंगस्टर का नेतृत्व कर रहे कई अपराधी पाकिस्तान, कनाडा, मलेशिया और ऑस्ट्रेलिया आदि देशों से अपनी अवैध गतिविधियों को संचालित कर रहे है। वहां से यह लोग भारत के जेलों में बंद अपराधियों के साथ मिलकर गंभीर अपराधों की साजिश रचने में लगे हुए हैं। इसका मकसद भारत में सफलतापूर्वक कार्य कर रही केंद्र की मोदी और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को अस्थिर किया जा सके। कर्नाटक, दिल्ली, पंजाब, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, केरल, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ आदि जगहों से नक्सलियों, आतंकियों, गैंगस्टर्स के नेटवर्क की बातें समय समय पर सामने आती रही हैं। इसलिए स्थिति की गम्भीरता का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि ऐसी खतरनाक साजिशें विभिन्न राज्यों की जेलों से ही रची जा रही हैं। यह जेल प्रशासन की लापरवाही या फिर राज्य प्रशासन की रणनीतिक कोताही की ओर इशारा करने के लिए काफी है। ऐसा इसलिए कि लगभग दो दशकों तक केंद्र में अल्पमत या गठबंधन की सरकार होने और राज्यों में क्षेत्रीय दलों की सरकार रहने से अपराधी और षड्यंत्रकारी बेकाबू हो चुके थे और सूबाई जेलों को उन्होंने अपना सुरक्षित अड्डा बना लिया था। अब भी अधिकांश छोटे-बड़े राज्यों में जहां भाजपा विरोधी सरकारें हैं वहां ऐसे तत्व ज्यादा सक्रिय हैं। अंडरवर्ल्ड में अपनी जड़े गहरी कर चुका गैंगस्टर लारेंस विश्नोई अपने चतुर गुर्गों के सहारे नाक पर दम किए है। उससे कई राज्यों की पुलिस की नींद उड़ी हुई है। वह अब इंटरपोल की खुफिया टीम की नजरों पर भी चढ़ चुका है। एनआईए की जांच में भी इस रहस्य से पर्दा उठ चुका है कि ऐसी साजिशें विभिन्न राज्यों की जेलों में रची जा रही थीं। हाल ही में गोइंदवाल और तिहाड़ जेल में हुई हत्या इसी साजिश का हिस्सा है। बहरहाल, एनआईए ने विभिन्न राज्यों की पुलिस के साथ तालमेल बिठाते हुए सात राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेश के 324 स्थानों पर छापा मारकर कई संदिग्धों को दबोचा है। उत्तर प्रदेश जैसे सुधरे हुए राज्य में तकरीबन 120 स्थानों पर की गई छापेमारी से स्थिति की गम्भीरता को समझा जा सकता है। दरअसल, मोहाली में हुए विस्फोट के तार लखनऊ, अयोध्या और सुलतानपुर जैसे जनपदों से जुड़े हुए हैं। इसके दृष्टिगत यहां छापा पड़ा। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और चंडीगढ़ में ऑपरेशन ध्वस्त के तहत छापे मारे गए। इस दौरान एनआईए ने 129, पंजाब पुलिस ने 17 जिलों में 143 और हरियाणा पुलिस ने 10 जिलों में 52 स्थानों पर छापा मारा। दिल्ली-एनसीआर में 32 जगहों पर, राजस्थान में भी 52 जगहों पर ताबड़तोड़ पड़े छापों ने इनकी कमर तोड़ दी है।

# नए चेहरों पर दांव या पुरानी जोड़ी का मुकाबला

**न्यूज करंट नरेंद्र तिवारी**

> अभी हाल में सैकड़ो साथियों के साथ कांग्रेस अध्यक्ष से मुलाकात कर अपनी दावेदारी भी पेश कर चुके है। विधानसभा में जयस की सदस्यता अभियान में हजारों युवाओं को जोड़ रहे है। कांग्रेस और जयस के गठबंधन की दशा में मोंटू सोलंकी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार हो सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी में भी बदलाव की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। भाजपा में बदलाव की स्थिति में विकास आर्य के नाम पर विचार किया जा सकता है। पूर्व मंत्री अंतरसिंह आर्य के पुत्र विकास आर्य विगत वर्षों में क्षेत्र में जमीनी स्तर पर कार्यकताओं के बीच सक्रिय भूमिका निभा रहे है। आदिवासी बोली में धारदार भाषण देतें है। जिला जनपद के खुद भी सदस्य रह चुके है, इस बार अपनी पत्नी को जिला जनपद सदस्य के रूप में विजयी दिलवाई। राजनीति का अच्छा अनुभव रखते है

**सेंधवा (नरेंद्र** तिवारी) मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जिले बड़वानी की सबसे बड़ी विधानसभा सेंधवा में चुनाव पूर्व चर्चा का बाजार गर्म है। वर्ष 2023 के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में किस दल का उमीदवार कौन होगा ? यह प्रश्न हर कोई जानना चाहता है। किन्तु इस प्रश्न का जवाब समय से पूर्व मिलता नहीं दिखाई देता है। बरसों से चेहरा बने हुए उम्मीदवारों में भी विश्वास की कमी है।

पुराने चेहरे भी अब जनता की अदालत में अपनी चमक खोते जा रहे है। अब 2023 में कौन होंगे उम्मीदवार किसके मध्य होगा मुकाबला यह प्रश्न राजनीतिक दलों की टिकिट वितरण व्यवस्था से जुड़ा है। चुनाव के पूर्व टिकिट घोषित करने की अपनी व्यवस्था के तहत तमाम राजनीतिक दल अधिकृत उम्मीदवारों पर ऐनवक्त पर फैसला ले पाते है। कोई भी दल चुनाव के 6 माह पूर्व टिकिट घोषित करने की हिम्मत नही दिखा पाता फिर चाहे उनका उम्मीदवार कितना भी मजबूत और ताकतवर ही क्यों न हो। किसी भी राजनीतिक दल में यह आत्मविश्वास नहीं दिखाई देता की वह समय पूर्व क्षेत्र की जनता को अपना उम्मीदवार घोषित कर बता सकें कि यह हमारे दल का उम्मीदवार है, इन्होंने जनता की सेवा की है, अभी भी कर रहे है, आगे भी करते रहेंगे। राजनीतिक दलों की टिकिट की घोषणाएं तो निर्धारित प्रक्रिया से ही होती है,भले ही यह प्रक्रिया कितनी भी औपचारिक हो। बात बड़वानी जिले की सेंधवा विधानसभा चुनाव के पूर्व जनचर्चा की करें तो यह विधानसभा आदिवासी बाहुल्य है। इस विधानसभा से बड़ी संख्या में श्रमिक काम की तलाश में महाराष्ट्र, गुजरात जाते है। काम के लिए पलायन का कारण क्षेत्र में कपास उधोग की हालत खस्ताहाल होना है एवं नवीन उधोगो के बारे में स्थानीय नैतृत्व की अरुचि के चलते एक दो बड़े उधोगो के अलावा उधोग धंधों का अभाव है। क्षेत्र की जनता का मानना है की समय-समय पर दोनों ही प्रमुख दलों को जनता ने प्रतिनिधित्व दिया है, किन्तु रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा जैसी सुविधाओं में क्षेत्र अभी भी पिछड़ा है। कॉटन उधोग बेहाल है। कुछ एक जिनिग प्रेसिंग बची है। जो अंतिम साँसें गिनती प्रतीत हो रही है। एक समय सफेद सोने की प्रदेश की प्रसिद्ध



मंडी अब अपने सबसे खराब दौर में है। विधानसभा क्षेत्र मिला जुला परिणाम देने वाला रहा है। वर्तमान में यहां कांग्रेस के ग्यारसीलाल रावत विधायक है। जिन्होंने भाजपा के अंतरसिंह आर्य को पराजित किया था। अंतरसिंह आर्य जो 2003 से लगातार विजय होते आ रहे थै। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रहे थै। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के ग्यारसीलाल रावत पुनः कांग्रेस के उम्मीदवार बने और भाजपा के अंतरसिंह आर्य को पराजित किया। वर्ष 1990 से 2018 तक यह दो चेहरे ही कांग्रेस-भाजपा की पहिचान बने हुए है। कांग्रेस ने 2008 में सुखलाल परमार ओर 2013 दयाराम पटेल को उम्मीदवार बनाया जो भाजपा के अंतरसिंह आर्य से पराजित हो गए। अब जबकि 2023 के आमचुनाव मध्यप्रदेश में होने वाले है दोनों ही प्रमुख दलों ने अपना आंतरिक सर्वे भी कराया है, दोनों दलों की सर्वे रिपोर्ट अपने-अपने दल को कमजोर बता रही है। इसका आशय यह निकाला जाए कि दोनों प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस अपने उम्मीदवारों में बदलाव कर सकते है। दोनों ही दलों में स्थानीय स्तर पर बदलाव की आवाजें उठने लगी है। राजनतिक दल भी हर संभावनाओं पर नजरें जमाए हुए हैं।

जीत पहली प्राथमिकता है। सम्भवतः पुराने उम्मीदवारों पर ही विश्वास जताया जाए। किन्तु नवीन चेहरों की तलाश भी जारी है। बदलाव की स्थिति में किन चेहरों पर राजनीतिक दल दांव लगाएंगे यह राजनीतिक दलों में मंथन का विषय है। सूत्रों की माने तो भोपाल मे कांग्रेस हाईकमान के पास पोरलाल खरतें वाणिज्य कर विभाग इंदौर में पदस्थ कर अधिकारी का नाम भी टिकिट की दौड़ में बताया जा रहा है। क्षेत्र में पोरलाल खरतें ने सक्रियता भी दिखाई है। पोरलाल ग्राम मेंदलियापानी तहसील वरला के निवासी है। जिनकी आरंभिक शिक्षा वरला में हुई। अच्छे वक्ता होकर आदिवासी समाज के मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति रखते है। टिकिट मिलने की स्थिति में शासकीय सेवा से राजनीति में पदार्पण करेंगे। समन्वयवादी होने के कारण हर वर्ग समाज में अपनी पहुच बनाने में लगे है। इसी क्रम में दूसरा नाम ग्रीष्म कुमार सोलंकी याने मोंटू सोलंकी जो जयस के बड़वानी जिला अध्यक्ष है। क्षेत्र के चर्चित और तेज तर्रार आदिवासी युवा चेहरे सम्पूर्ण विधानसभा में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे है। पंचायत चुनाव में अपनी पत्नी राजकला सोलंकी को कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार के रूप में विजयी श्री दिलवा चुके है। तेजी से उभरते आदिवासी नेता के रूप में पहिचान बनाने में सफल हुए है।

अभी हाल में सैकड़ो साथियों के साथ कांग्रेस अध्यक्ष से मुलाकात कर अपनी दावेदारी भी पेश कर चुके है। विधानसभा में जयस की सदस्यता अभियान में हजारों युवाओं को जोड़ रहे है। कांग्रेस और जयस के गठबंधन की दशा में मोंटू सोलंकी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार हो सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी में भी बदलाव की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। भाजपा में बदलाव की स्थिति में विकास आर्य के नाम पर विचार किया जा सकता है। पूर्व मंत्री अंतरसिंह आर्य के पुत्र विकास आर्य विगत वर्षों में क्षेत्र में जमीनी स्तर पर कार्यकताओं के बीच सक्रिय भूमिका निभा रहे है। आदिवासी बोली में धारदार भाषण देतें है। जिला जनपद के खुद भी सदस्य रह चुके है, इस बार अपनी पत्नी को जिला जनपद सदस्य के रूप में विजयी दिलवाई। राजनीति का अच्छा अनुभव रखते है। क्षेत्र में कार्यकताओं से परिचय है। पिता अंतरसिंह आर्य के परिचय का लाभ मिलने की संभावना भी है। भारतीय जनता पार्टी में नवीन चेहरे के रूप में रेलास धनसिंह सेनानी की उपस्थिति को भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। विगत 3-4 बरसों में क्षेत्र में अधिक सक्रिय है। पेशे से दंत चिकित्सक रेलास ग्राम आमझिरी के निवासी है। उनके पिता धनसिंह सेनानी सेंधवा मंडी के अध्यक्ष भी रह चुके है। वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजातीय मोर्चा के जिला अध्यक्ष है। टिकिट की दौड़ में शामिल है। वैसे दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के अलावा आप की आमद भी क्षेत्र में पहली बार होने जा रहीं है। आप अभी असरकारक नही दिखती। किन्तु क्षेत्र में नए राजनैतिक विकल्प के तौर पर आप की आमद को देखा जा रहा है। भाजपा-कांग्रेस में बदलाव की स्थिति में यह चेहरे सामने आ सकते है। यदि दोनों प्रमुख राजनीतिक दल पुराने आजमाए उम्मीदवारों पर दांव लगाते है, तब ग्यारसीलाल रावत और अंतरसिंह आर्य पुनः मैदान में होंगे। किन्तु राजनीति में परिवर्तन की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है। क्षेत्र की जनता नई सम्भावनाओं को तलाश रही है।

ऐसी सम्भावना जो क्षेत्र के विकास की आवाज को विधानसभा में बुलन्द कर सके। क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के लिए लड़ाई लड़ सके। पुराने आजमाए नेताओं से क्षेत्र की जनता का विश्वास कम हुआ है।

जनता नवीन सम्भावनाओं को तलाश रही है। किंतु जनता के चाहने से क्या होगा, होगा वहीं जो राजनीतिक दल तय करेंगे यह आने वाले समय मे तय होगा कि यह दल नवीन सम्भावनाओं पर विश्वास व्यक्त करते है या पुरानी जोड़ी के बीच ही 2023 में मुकाबला होगा।

## कविता

जब भी कयामत होती है,

यूँ जब भी कयामत होती है,
मुझ पर ही कयामत होती है।

जख्म खुले मत रखना,मेरे दोस्त
यहां नमक की बरसात होती है।

कायरता, नपुंसकता नही तो क्या,
नोच कर नारी देह जलाई जाती है।

कैसी नरपिशाचों की पाशविकता है
अस्मिता नारी की लजाई जाती है।

चलो चले जहां बस दरिंदगी न हो,
स्थान खोजें जहां शांति पाई जाती है।

हाय अबला,तेरा तमस में चित्कार, क्रंदन,
खुद से लोगों,नजरें कैसे मिलाई जाती है।

संजीव ठाकुर

# रेवड़ियों की जगह मिलने चाहिए अब आम

**आम,** आजकल आम नहीं है। आम बहुत खास हो गया है। इसीलिए आम आदमी भी आजकल आम खाने की आस लगाए बैठा है, शेष सब बकवास है। अजी ! आम कोई छोटी-मोटी चीज नहीं है। महंगाई के इस जमाने में आम आजकल बहुत बड़ी चीज हो गया है। बहरहाल, आम आदमी तो क्या बड़े बड़े शेरो-शायर तक आम के दीवाने रहे है, क्यों कि आम में रस है और आदमी का आम पर चल नहीं रहा कोई भी वश है। बाजार में सारी रेहड़ियां ठसाठस हैं, लेकिन दाम कम करने को लेकर कोई भी नहीं हो रहा टस से मस है। जब जब भी हम बाजार में दुकानों पर, रेहड़ियों पर सजे आम देखते हैं तो हमें यह लगता है कि आम है ना फलों का राजा ही नहीं है, हमें तो आम महंगाई का भी राजा प्रतीत होता है। वो कल परसों ही रामलुभाया हमारे पास बैठे चाय की चुस्कियां लेते हुए हमें जोर जोर से अखबार की सुर्खियां पढ़कर सुना रहे थे कि-हर साल आम के दाम लगभग साढ़े दस परसेंट बढ़ रहें हैं। खैर, जो भी हो आम, आखिरकार आम ही है इसीलिए अकबर इलाहाबादी जी ने बड़े ही खूबसूरत शब्दों में यह लिखा है कि -नाम न कोई यार को पैगाम भेजिए/ इस फसल में जो भेजिए, बस आम भेजिए। वैसे आज की इस दुनिया में अब ऐसे यार कहां मिलते हैं, जो हमें आम भेज दें ? न इस बार ऐसी फसल हुई है, और न ही यारों दोस्तों को आजकल वाट्सअप से फुर्सत ही मिलती है। आज आम से तो वाट्स अप का डाटा तक सस्ता है और हम सोचते हैं कि आम खा-खिला तो सकते नहीं,कम से कम गूगल और यू-ट्यूब पर आम से बनने वाली विभिन्न रेसिपी तो देख ही सकते हैं। वैसे आजकल आम के सीजन के साथ ही चुनावी सीजन भी चल रहा है। नेताजी हर रोज वोट मांगने के लिए घर घर दर दर आ रहे हैं और जा रहे हैं। कभी कंबल,कभी रजाई, तो कभी आटा-डाटा,दाल-वाल,चावल-वावल,तेल-वेल, मोटा अनाज, मोबाइल-सोबाइल लैपटॉप-फैफटाप,टी शर्ट-वी-शर्ट, बनियान-सनियान, जूते-वूते,स्कूटी-वकूटी,गैस सिलेंडर, बिजली -पानी और न जाने क्या क्या बांटने की घोषणाएं कर रहे हैं। हम तो कहते हैं कि नेताजी को इन सब फ्रीबीज को छोड़कर हर परिवार को दो-चार छह किलो आम देने का वादा भी कर ही देना चाहिए। जब भीषण गर्मी में आम के रस (अमरस) के दो चार घूंट आम आदमी की हलक से नीचे उतरेंगे तो नेताजी की पार्टी भी दनादन जीतती नजर आएगी। हम तो सभी नेताओं से हाल फिलहाल यही अपील करना चाहते हैं कि वे फ्री की रेवड़ियों का चक्कर छोड़कर आम बांटने की प्रक्रिया में अभी से लग जाएं ताकि उनकी राजनीतिक दिशा और दशा दोनों सुधर जाएं।

ये बेचारी रेवड़ियों को तो इन नेताओं ने न जाने कब से बदनाम कर रखा है। आम बंटेंगे तो कम से कम कोई ये तो नहीं कह सकेगा कि फ्री की रेवड़ियां बांटी जा रही हैं। अब समय आ गया है कि नेतागण फ्री की रेवड़ियों के स्थान पर आम आफर करना शुरू कर दें।

## विचार

# कश्मीर में जी-20 की बैठक से बदलेगा माहौल

**डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**

**कश्मीर** एक बार फिर जन्नत सा लग रहा है। रात में भी रंगीन रोशनियों में सराबोर है। डल झील लहरा रही है मानो नृत्य की मुद्रा में हो! शिकारे सैलानियों से लबालब हैं। पर्यटन विभाग के मुताबिक, 26 लाख से अधिक पर्यटक कश्मीर आ चुके हैं। अनुमान है कि इस साल यह आंकड़ा 2 करोड़ को पार कर जाएगा। सामान्य हालात का यह साक्षात पक्ष है। कश्मीर का परिसंस्कार किया जा रहा है। जिस लाल चैक इलाके में पाकिस्तान का फरमान चलता था और उसी का झंडा लहराता हुआ दिखता था। हड़ताल का आदेश-सा होता था, तो बाजार बंद करने पड़ते थे और मौत का सा सन्नाटा पसरा रहता था। आज लाल चैक और इर्द-गिर्द के इलाकों में तिरंगा लहरा रहा है। चारों ओर हलचल और गहमागहमी का माहौल है, क्योंकि कारोबार लगातार जारी है। निवेश भी आ रहा है। नई अपेक्षाएं और उम्मीदें हैं। पत्थरबाज नौजवान अब काम में जुट रहे हैं और राज्य का चैतरफा विकास देखने को लालायित हैं। कश्मीर का यह माहौल फिलहाल और अस्थायी नहीं है। अनुच्छेद 370 रद्द करने के बाद ऐसा अंतरराष्ट्रीय आयोजन किया गया है। जी-20 के 29 देशों के 61 प्रतिनिधियों ने कश्मीर बैठक में शिरकत की है। बैठक 22 से 24 मई तक हुई। प्रतिनिधि पर्यटन, फिल्मों की शूटिंग, स्किल्स, गन्तव्य प्रबंधन, हरित पर्यटन आदि से जुड़े पहलुओं पर विमर्श कर रहे हैं। यह वही जम्मू कश्मीर है जहां फिल्म की शूटिंग तक नहीं हो पाती थी। यह वही जम्मू कश्मीर है जहां पर पहले आतंकवाद बोलता था, जहां दहशतगर्दों की संख्या की कोई गिनती नहीं थी। यहां तक कि जो प्रायोजक पत्थरबाजों की भी संख्या ज्यादा थी। यह वही जम्मू कश्मीर है जहां जाने से पहले लोगों के सामने आतंकवाद, दहशतगर्द और पत्थरबाजों की अलग तस्वीर बन जाती थी। लेकिन अब जम्मू-कश्मीर बदल चुका है बदलाव की बयार यहां पर बहुत तेजी से बह रही है। इस जी-20 बैठक के चलते एक दो या तीन नहीं बल्कि 20 देशों के प्रतिनिधि यहां बैठक में शामिल हुए। वैश्विक पर्यटन में कश्मीर भी एक आयाम होगा। जी-20 के भारतीय शेरपा अमिताभ कांत की टिप्पणी के व्यापक अर्थ हैं कि फिल्म निर्माण और रोमांस के लिए कश्मीर से बेहतर स्थान कोई और नहीं है। आतंकवाद के हत्यारे, अलगाववादी और तनावपूर्ण दौर के बाद जब कश्मीर का जन्नत बहाल होता दिख रहा है, तो सुकून होता है और हमारी संप्रभुता की अखंडता भी सुनिश्चित होती है। इस परिवर्तन का श्रेय जी-20 के आयोजन को भी दिया जाना चाहिए। भारत इस वर्ष जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है। सितंबर माह में शिखर सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें इन देशों के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री भाग लेंगे। चीन ने श्रीनगर में जी-20 की बैठक का बहिष्कार किया है, क्योंकि चीन आज भी जम्मू-कश्मीर को विवादित क्षेत्र मानता है। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, यह वैश्विक तौर पर स्पष्ट है। चीन ने पाकिस्तान का समर्थन करते हुए बहिष्कार का निर्णय लिया है। यदि वह शिरकत करता, तो उसकी अतिक्रमणवादी, एकतरफा नीतियों पर बैठक में सवाल किए जा सकते थे। बहरहाल, चीन, पाक व तुर्की आदि के जी-20 सम्मेलन के बहिष्कार के बावजूद भारत द्वारा इसे सफलतापूर्वक आयोजित करना, भारत की साख को बढ़ाने वाला ही है। यही वजह है कि भारत ने जम्मू-कश्मीर में जी-20 से जुड़े आयोजन को भव्य बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। भारत तमाम देशों को संदेश देने में सफल रहा कि बदलते कश्मीर में स्थितियां सामान्य व उम्मीद जगाने वाली हैं। साथ ही चीन व टर्की जैसे देशों को सफलता से यह संदेश दे दिया गया कि भारत के आंतरिक मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं है। भारत ने इन देशों के रवैये व बयानों को नजरअंदाज करते हुए करारा जवाब भी दिया है। यह भी कि भारत अपने किसी भी क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय आयोजन करने का हकदार है। इनके विरोध के बावजूद साठ से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में भाग लिया।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# गर्मियों में सही परफ्यूम से महकीए तथा महकाइए

**शहनाज हुसैन**

**गर्मियों में** पसीने की दुर्गन्ध आम समस्या है जबकि एक सुखद सुगंध तन मन दोनों को आनंदित कर देती है / गर्मियों में परफ्यूम लगाना हर कोई पसन्द करता है और बाजार में आपको इसकी अनगिनित वैरायटी मिल जाती है / कुछ लोगों में परफ्यूम लगाने का शौक किसी क्रेज से काम नहीं होता क्योंकि जिसके पास से सुगन्ध आती है उसकी ओर दूसरे व्यक्ति खींचे चले जाते हैं / गर्मियों में मूड को खुशमिजाज रखना बेहद जरूरी होता है तथा अधिकांश लोग इस दुबिधा में रहते हैं की किस तरह का परफ्यूम लगाया जाये क्योंकि पसीने की बदबू को रोकने तथा दिलो दिमाग में सकून पाने के लिए ऐसे परफ्यूम की जरूरत होती है जोकि आपके त्वचा और व्यक्तित्व दोनों के अनुकूल हो तथा आपको फील गुड का अहसास करवा सके /

यह ध्यान रखें की सस्ते और घटिया परफ्यूम से आप को स्किन एलर्जी हो सकती है तथा त्वचा पर छाले भी पड़ सकते हैं / अगर आपको किसी ब्रांड का परफ्यूम अनुकूल लगता हो तो उसे उपयोग करते रहें तथा बार बार ब्रांड न बदलें / कभी भी परफ्यूम को शरीर के खुले अंगों पर न लगाएं क्योंकि इससे रिएक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है / परफ्यूम खरीदने से पहले इसमें एसिड की मात्रा जरूर चेक कर लें क्योंकि एसिड की मात्रा ज्यादा होने से शरीर में खुजली , रैशेस आदि की समस्या हो सकती है / परफ्यूम की उपयोगिता चेक करने इसे अपनी कलाई पर दस मिनट तक लगाएं तथा यदि उस भाग पर दस मिनट तक कोई खुजली या काला धब्बा नहीं पड़ता तो यह आपकी त्वचा के अनुकूल हैं /हमेशा प्राकृतिक खुश्बू बाला परफ्यूम बेहतर साबित होता है / यह एक सामान्य नियम है की लड़कियों को हल्का व लड़कों को स्ट्रांग परफ्यूम का उपयोग करना चाहिए / यह ध्यान रखें की परफ्यूम खरीदने से पहले इसकी सुगन्ध की जाँच स्टोर के बाहर जरूर कर लें क्योंकि स्टोर के अन्दर एयर कंडीशनिंग का असर परफ्यूम की सुगन्ध पर पड़ता है / बदलते मौसम में जैसे हम पहनावे, आभूषण, फुटवेयर का चुनाव करते है वैसे ही हर मौसम तथा अवसर पर आपके व्यक्तित्व से मैच करता हुआ प्रफ्यूम उपयोग करें तो आप ताजगी तथा आनन्दित महसूस करेंगे।

## आज की गंगा

**डॉ. सुरेश कुमार**

**टपोरी ने** कहा महाराज भगीरथ जी! हमने आपके नाम से बने मुहावरे भगीरथ प्रयास का अक्षरशः पालन करते हुए इस महामारी के समय में अपने प्राण बचाने के लाख प्रयास किए। जमाना ऐसा आया कि पानी तो छोड़िए खुराफाती लोग खुली हवा को सिलेंडरों में भर-भरकर बेचने लगे। उसे पाने के लिए अस्पताल के चक्कर काटने लगे। अस्पताल थे कि हमारी आस का पता पाताल में ढूँढ़ने के लिए कह रहे थे। अब हम करें तो करें क्या? हमारी सभी कोशिशों के बावजूद हम अपनों के प्राण नहीं बचा पाए। वैसे भी अस्पताल की विफलता का पाताल समाधान बनकर उभरता है।

इसका मतलब शवों को जलाइए या फिर गाड़िए। लाशों की कतारों के आगे श्मशान कम पड़ गए। जलाने या गाड़ने का ऐसा होड़ शायद ही इस धरती ने कभी देखा हो। महाराज आपने तो मात्र साठ हजार पूर्वजों के उद्धार के लिए गंगा को धरती पर उतारा था। लेकिन अब उसी गंगा मैया के किनारे देश की चालीस फीसदी संतान रहती हैं। संतान तो आखिर संतान हैं। वे अपनी माँ को छोड़कर कहाँ जा सकते हैं। मुर्दों के साथ जिंदा लोगों का व्यवहार किसी मुर्दगी से कम नहीं था। लेकिन करें तो करें क्या?

हम लाचार थे। मरने वालों के साथ जीने वाले नहीं मर सकते। भू-माफिया और नेताओं के बकासुरी मुख ने इतनी जमीन हजम कर ली कि शवों को जलाना-गाड़ना तो छोड़िए रखने भर की जगह की कमी पड़ गयी। इसलिए हमने शवों को बहा दिया। हमारे जितना स्वार्थी जीव शायद ही धरती पर कोई होगा। आपकी शिवगंगा को हमने शवगंगा बनाने में तनिक भी दया नहीं दिखाई। हो सके तो क्षमा करना।

गाड़ने और जलाने की, अब जगह नहीं बाकी।

शर्म से पहले बहा दिए शव, हम जी सकें ताकि।।

## न्यूज फ्लैश

### ग्लोबल प्राइड अवार्ड से सम्मानित होंगी देश की महान शख्सियतें



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया की बैठक का आयोजन राष्ट्रीय कार्यालय में नेशनल चीफ एंव संस्थापक नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में फाउंडेशन के आगामी जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में विचार-विमर्श किया गया।
नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया का भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता मिशन देश के सभी राज्यों में चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान, शपथ ग्रहण समारोह, सेमिनार एवं प्रतियोगिताएं आदि आयोजित की जाती है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में 2 जुलाई को एक राष्ट्र स्तरीय जागरूकता सेमिनार एवं ग्लोबल प्राइड अवार्ड समारोह का आयोजन करनाल हरियाणा में किया जायेगा, जिसमें फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल चीफ सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शिरकत करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजोध सिंह करेंगे। आसाम की मॉडल प्रोग्याश्री हजारिका सेलिब्रिटी गेस्ट, नेशनल चीफ आब्जर्वर राजेश सराफ, ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन की नेशनल चीफ डायरेक्टर डॉ.बरनाली शर्मा, नेशनल चीफ कन्वीनर डॉ.के.विजयरमन अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मानवाधिकार प्रकोष्ठ गगनदीप मल्होत्रा एवं स्टेट चीफ डायरेक्टर पंजाब अजय पाल सिंह ग्रेवाल का नरेंद्र अरोड़ा ने तिरंगा वस्त्र पहनाकर से सम्मान किया। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि इस अवसर पर फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली देश की महान शख्सियतों को ग्लोबल प्राइड अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं.: 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं.: 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं.: 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं.: 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं.: 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं.: 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं.: 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर सिंह
(मो. नं.: 94162 71181)

# सरकार जनहित की योजनाएं बना रही : विज



**करनाल/राजकुमार प्रिंस**
**हरियाणा के गृह** एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि केंद्र और राज्य में हमारी सरकार देश और प्रदेश के लिए अनेकों जनहित की योजनाएं बना रही हैं। इन योजनाओं का लाभ समाज में अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति भी उठा पा रहा है। गृह मंत्री बुधवार को करनाल के इंद्री में आयोजित महर्षि कश्यप जयंती राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्यतिथि पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने सर्व समाज को महर्षि कश्यप जयंती की हार्दिक बधाई दी और महर्षि कश्यप के चित्र पर पुष्प अर्पित किए व दीपशिखा प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

गृह मंत्री अनिल विज ने कार्यक्रम के दौरान कश्यप समाज द्वारा रखी गई मांगों को ध्यान में रखते हुए कश्यप समाज की 2 धर्मशालाओं के लिए 11-11 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मांग 4 धर्मशालाओं के लिए 11-11 लाख रुपये देने की रखी गई थी लेकिन दो धर्मशालाओं की मांग अभी के अभी पूरी कर रहा हूं बाकि दो धर्मशालाओं की मांग भी मुख्यमंत्री से मिलकर पूरी करवाने का प्रयास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कश्यप समाज द्वारा सौंपे गए मांग पत्र पर उन्होंने कहा कि इन मांगों को भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा और पूरा करने का प्रयास करेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि कश्यप समाज मिलकर चलने वाला समाज है, जो प्रदेश की उन्नति में निरंतर योगदान दे रहा है। भविष्य में भी प्रदेश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करेंगे।

अनिल विज ने कहा कि महर्षि कश्यप जयंती के पुनीत अवसर पर हम सभी करनाल के इंद्री में इका हुए हैं। महर्षि कश्यप ब्रह्मा के मानस पुत्र थे, हम सभी उन्हीं की संतान हैं। उन्होंने मानव जाति के कल्याण की बात कही, जिनका हम आज अनुसरण कर रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ऋषि-मुनियों के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। इसी के चलते संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत महापुरुषों व ऋषि मुनियों की जयंतियां मनाई जा रही हैं, जिससे संतों की वाणी जन-जन तक पहुंच रही है।

**देश का सौभाग्य जो हमें नरेंद्र मोदी जैसे प्रधानमंत्री मिले**

गृह मंत्री ने कहा कि यह हमारे देश का सौभाग्य है कि हमें नरेंद्र मोदी जैसे प्रधानमंत्री मिले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर देश हित में काम कर रहे हैं। उन्होंने अपने घर पर दीपावली नहीं मनाई बल्कि देश की सीमा पर जवानों के साथ दीपावली मनाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महापुरुष से कम नहीं हैं। प्रधानमंत्री अपनी माता से बहुत प्यार करते थे लेकिन उन्होंने माता की मौत पर संस्कार करने के 15 मिनट बाद देश के लिए काम करना शुरू कर दिया। पीएम मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने देश को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखा है। पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने हिंदुस्तान का विदेशों में सम्मान बढ़ाया है। वे पहले प्रधानमंत्री हैं, जिनका दूसरे देशों के राष्ट्र अध्यक्ष भी सम्मान करते हैं। पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री ने तो उनके पैर तक छुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्वभर में इतना मान सम्मान मिल रहा है। यह मान-सम्मान उन्हें नहीं बल्कि 135 करोड़ हिंदुस्तानियों को मिल रहा है। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं, वैसा करते हैं। उन्होंने सत्ता में आने से पहले धारा-370 खत्म करने की बात कही थी। जैसे ही लोकसभा और राज्यसभा में बहुमत आया, एक झटके से धारा-370 खत्म कर दी। जी-20 का सम्मेलन कश्मीर में हो रहा है, सारे विश्व में जवाब मिल रहा है कि कश्मीर में हालात ठीक हैं।

## कार चालक ने स्कूटी को टक्कर मारी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले के** गांव चिडाव में तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार व्यक्ति को टक्कर को मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में व्यक्ति को अस्पताल में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया।
मृतक की पहचान गांव चिडाव निवासी कृष्ण पाल के रूप में हुई है। वह फैक्ट्री में काम करता था। बुधवार सुबह वह स्कूटी पर सवार होकर घर से गांव के बस स्टैंड पर सामान लेने के लिए आया था। जब वह सामान लेकर वापस अपने घर क तरफ मुडकर स्कूटी पर रोड क्रॉस करने लगा तो जुंडला की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार इनोवा कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कार को लेकर मौके फरार हो गया। कृष्ण को घायल अवस्था में करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में गांव में लगे सीसी टीवी कैमरों की जांच कर गाड़ी का नंबर निकाला। मृतक के बड़े भाई ने बताया कि

# हेरोईन खरीदकर बेचने वाले दो आरोपी काबू

## वाणिज्यिक मात्रा में 27.30 ग्राम हैरोईन व एक मोटरसाइकिल बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**डिटेक्टिव स्टाफ** की टीम द्वारा प्रतिबंधित नशीले पदार्थों पर रोकथाम लगाते हुए दो आरोपियों को वाणिज्यिक मात्रा में हेरोईन सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से वाणिज्यिक मात्रा में 27.30 ग्राम हैरोइन व एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस टीम ने विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी जीवन जोत सिंह पुत्र सतपाल सिंह वासी प्यौंत हाल जनैसरो जिला करनाल व शिव कुमार पुत्र रघबीर वासी जनैसरो जिला करनाल को मेन जीटी रोड अर्पणा अस्पताल मोड सर्विस रोड पर मोटरसाईकिल नम्बर एचआर 75बी 7299 सहित काबू किया। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना मधुबन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।
आरोपियों से प्रारम्भिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी हेरोईन का नशा करने के आदी हैं और हेरोईन सस्ते दाम पर खरीदकर मंहगे दाम पर बेचने का भी काम करते हैं। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी पिछले कुछ समय से हेरोईन खरीद-फरोख्त का काम कर रहे थे। आरोपी उक्त हेरोईन को दिल्ली में द्वारका के एरिया से एक नाइजीरियन नागरिक से पन्द्रह सौ रुपए प्रति ग्राम के हिसाब से खरीदकर लाए थे। इसके बाद आरोपी इस हेरोईन को इन्द्री व करनाल में अलग-अलग जगह पर नशे के आदी लोगों को करीब दो गुना मंहगे दाम पर बेचने वाले थे। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी जीवन जोत सिंह आदतन अपराधी हैं। आरोपी के खिलाफ पहले भी थाना इन्द्री में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मामला दर्ज है। उस मामले में आरोपी जमानत पर बाहर चल रहा था। आरोपी शिव कुमार को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है व आरोपी जीवन जोत सिंह को दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

## गंदे नाले में पड़ा मिला युवक का शव एक रात पहले ही निकला था घर से



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले के** गांव जड़ौली में गंदे नाले से युवक का शव बरामद हुआ है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भिजवा दिया।
मृतक की पहचान गांव जडौली निवासी 28 वर्षीय कपिल के रूप में हुई है। मंगलवार रात को वह घर से निकला था। देर रात तक नहीं लौटा। बुधवार सुबह उसका शव गांव के मंदिर के पास गंदे नाले में पड़ा हुआ मिला। ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस और परिजनों को इसकी सूचना दी। हालांकि अभी तक कपिल की मौत के कारणों का पता नहीं लग पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कपिल जोमैटो कंपनी में डिलीवरी बॉय के रूप में काम करता था।

## जिले में नहीं मिला कोई नया कोरोना पॉजिटिव केस : सिविल सर्जन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सिविल सर्जन** डॉ. योगेश कुमार ने बताया कि बुधवार को जिला में कोरोना का कोई नया पॉजिटिव केस नहीं मिला है, जबकि 6 व्यक्ति ठीक हुए हैं। जिले में अब तक 1092142 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं तथा पिछले 24 घंटे में 225 सैंपल लिए गए। कुल सैंपलों में से अब तक 50740 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 50134 मरीज ठीक हो गए हैं। जिला में अब कोरोना वायरस के 2 एक्टिव पॉजिटिव केस हैं।

## बाल मजदूरी एक अभिशाप है : सीजेएम जसबीर



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण द्वारा एडीआर सेंटर के कॉन्फ्रेंस हॉल में विभिन्न हितधारकों के साथ नालसा दिशा-निर्देशों के अनुसार पैरा 8.2 (1द्वद्वद्व), (3द्व) और (3) बाल श्रम के बचाव और पुनर्वास की प्रक्रिया के मद्देनजर बाल श्रम के खिलाफ कानूनों के कार्यान्वयन के बारे में उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में उन्हें संवेदनशील बनाने के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया।
संगोष्ठी में श्रम विभाग, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, बाल देखभाल संस्थाओं अर्थात श्रद्धानंद अनाथालय एमडीडी ऑफ इंडिया, हरियाणा राज्य बाल भवन, माता प्रकाश कौर भाषण और श्रवण कल्याण केंद्र, प्रबंधक, ब्रेकथ्रू एनजीओ, पुलिस विभाग के एसएचओ/आईओ, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्य, बचपन बचाओ आंदोलन, चाइल्ड हेल्पलाइन और कोर कमेटी के सदस्यके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सीजेएम सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि प्रतिभागियों को संवेदनशील बनाया गया कि देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों और कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों को कानूनी सेवाएं प्रदान करते समय प्रत्येक बच्चे को अपने सर्वोत्तम हितों को प्राथमिकता देने का अधिकार है। अन्य सभी विचारों की परवाह किए बिना बच्चों का कल्याण हमेशा पहले आना चाहिए।
उन्होंने कहा कि बच्चे के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए प्रारंभिक हस्तक्षेप और सहायता उपलब्ध होनी चाहिए और सम्मान और करुणा के साथ व्यवहार करने का अधिकार है और इसका मूल्य सम्मान और सुरक्षा है और कोई भेदभाव नहीं है और बच्चे की जाति, धर्म, विश्वास, आयु, पारिवारिक स्थिति के बावजूद किसी भी प्रकार के भेदभाव के बिना व्यवहार किया जाएगा।
उन्होंने बताया कि प्रत्येक बच्चे को सूचित किए जाने का अधिकार, सुनने का अधिकार और स्वतंत्र रूप से विचार और चिंताओं को व्यक्त करने का अधिकार है।

## जीवन का नशा मुक्त होना बहुत आवश्यक : डा. गीता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**राजकीय इंजीनियरिंग** कॉलेज नीलोखेडी में महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर भारत की युवा पीढी-नशा मुक्ति, एक सकारात्मक सोच विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में डॉ. गीता नेशनल कोर कमेटी मेंबर, युथ विंग आर.ई.आर. आफ. माउंटआबू से पधारे हुई थी।
डॉक्टर गीता ने बताया कि व्यक्तित्व विकास के लिए जीवन का नशा मुक्त होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने गुटखा के विषय में बताया कि इसे बनाने के लिए कचरे एवं कांच के चूरे का उपयोग किया जाता। एक बार गुटखा खाने से जीभ व गाल काट जाते हैं, जिससे बार-बार इसे खाने की लत लग जाती है। परिणामस्वरूप इससे कैंसर आदि जैसे रोग शरीर को घेर लेते हैं। उन्होंने सकारात्मक सोच बढ़ाने एवं ईश्वर द्वारा दी गई प्रकृति की रक्षा के लिए युवाओं से आह्वान किया।
हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा नशे को प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने खुले में मिलने वाले एवं प्रतिबंधित नशे के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि हम सबकी भागीदारी से ही यह समाज स्वस्थ एवं नशामुक्त हो सकता है। इस नशे के कारण अनेकों परिवार टूट एवं बिखर जाते हैं तथा समाज में अपराध बढ़ता है। उन्होंने आह्वान किया है कि हम सभी मिलकर नशे को हराएँगे तथा देश को नशा मुक्त बनाएंगे। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति नशा करता है या नशा बेचता है तो ब्यूरो के हेल्प लाइन नंबर 9050891508 पर सूचना दें और नशा मुक्त समाज बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने अपने व्याख्यान में विभिन्न कविताओं प्रसंगों और महापुरुषों के उदाहरण देकर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ के सदस्यों ने नशा मुक्ति के लिए शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर कालेज के रजिस्ट्रार संजीव मेहता ने आये हुए अतिथियो का सम्मान किया व धन्यवाद दिया। डॉ. टी.आर. मुदगल एसोसिएट प्रोफेसर ने बताया कि कालेज के निदेशक प्राचार्य डॉ. के.के. कटारिया की प्रेरणा से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हवा सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर, साहिल गुप्ता असिस्टेंट प्रोफेसर ने किया।

## 135 ग्राम अफीम सहित एक आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एंटी** नारकोटिक्स सैल टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपी सुखविन्द्र सिंह उर्फ काला पुत्र खेमसिंह वासी रसुलपुर जिला अंबाला हाल किरायेदार शास्त्री नगर करनाल को वेद सैटरिंग वाली गली से काबू किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक पोलोथीन में से 135 ग्राम अफीम बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना रामनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह पहले ट्रक ड्राईवरी का काम करता था, लेकिन नजर कमजोर होने के कारण उसने ड्राईवरी का काम छोड दिया और घर का खर्च चलाने के लिए रुपए कमाने के लिए उसने अफीम बेचने का का शुरू कर दिया। आरोपी ने बताया कि वह करीब एक सप्ताह पहले आधा किलोग्राम अफीम करनाल बाईपास दिल्ली से एक ट्रक ड्राईवर से चालीस हजार रुपए में खरीदकर लाया था। जिसमें से आरोपी ने बाकी अफीम नशे के आदी राह चलते लोगों को बेच दी और 135 ग्राम अफीम पुलिस टीम द्वारा बरामद कर ली गई। आरोपी को आज अदालत में पेश करके एक दिन का पुलिस रिमाण्ड लिया गया है।

## योग दिवस के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नौवें अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। बुधवार को अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने मुख्य आयोजनकर्ता आयुष विभाग और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ लघु सचिवालय के सभागार में एक बैठक कर जिला में होने वाले योग कार्यक्रमो पर चर्चा कर जानकारी दी।
उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 29 मई से शारीरिक शिक्षा/पी.टी.आई. व डी.पी.आई. को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। इसके तहत 19 जून को मुख्य कार्यक्रम के लिए पायलट रिहर्सल और योगा मैराथन का आयोजन किया जाएगा। जबकि 21 जून को जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम, शहर की नई अनाज मंडी में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ-साथ जिला के सभी खंड मुख्यालयों पर भी योगा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे
यह होंगे कार्यक्रम- मीटिंग में अतिरिक्त उपायुक्त ने जानकारी दी कि 29 मई से 31 मई 2023 तक जिला के स्टेडियम, योग व्यायाम शालाओं व अन्य उपयुक्त स्थानों पर, सरकारी व प्राईवेट स्कूलों के शारीरिक शिक्षा अध्यापक व डी.पी.आई. को आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों, योग समिति शिक्षक तथा खेल विभाग के योग प्रशिक्षकों द्वारा योगा प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम सभी खंड स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे। समय प्रातः 6 से साढे 7 बजे तक रहेगा।
उन्होंने बताया कि इसी प्रकार 5 से 7 जून को जिला के सभी स्कूलो में, आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों, योग समितियों के शिक्षक, खेल विभाग के योगा ट्रेनर व पुलिस विभाग के प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा पी.टी.आई. व डी.पी.आई. को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके पश्चात 9 जून से 11 जून को जिला तथा ब्लॉक स्तर के प्रशासनिक अधिकारी, भिन्न-भिन्न विभाग के अधिकारी एंव कर्मचारी, पंच, सरपंच, निर्वाचित सदस्य, एन.सी.सी. कैडेट एवं इच्छुक जन साधारण को आयुष विभाग के विशेषज्ञों तथा योग समिति के शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# 65 हजार नई नौकरियों की प्रक्रिया होगी शुरू: सीएम

## मुख्यमंत्री ने निजामपुर सहित 9 गांवों में पानी की समस्या दूर करने के लिए 34 करोड़ रुपए की योजना को दी मंजूरी, मुख्यमंत्री ने 16.11 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली तीन परियोजनाओं की भी रखी आधारशिला, अगले वर्ष से शुरू होगी मेडिकल कॉलेज कोरियावास में एमबीबीएस की पढ़ाई, रेवाड़ी जिले में बनने वाले एम्स के लिए केंद्र को उपलब्ध कराई जमीन

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/महेंद्रगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के आखिरी छोर पर राजस्थान की सीमा से लगते महेंद्रगढ़ जिला के गांव निजामपुर सहित क्षेत्र के 9 गांवों में पानी की समस्या को दूर करने के लिए 34 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी देने की घोषणा की। इस योजना के तहत 5 और 4 गांव के दो ग्रुप बनाकर धनचौली माइनर व हसनपुर डिस्ट्रीब्यूटरी से लिंक बनाकर क्षेत्र में पानी के 10 से 12 स्टोरेज टैंक बनाए जाएंगे और पाइप के माध्यम से किसानों को पानी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने यह घोषणा महेंद्रगढ़ जिला में अपने तीन दिवसीय जन संवाद कार्यक्रम के पहले दिन गांव निजामपुर में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए की। इस दौरान गांव में कम्युनिटी सेंटर बनाने की मांग को भी मुख्यमंत्री ने मंजूरी प्रदान की और साथ लगते गांव नापला में भी कम्युनिटी सेंटर का काम शुरू करवाने की बात भी कही।

**इन परियोजनाओं की रखी गई आधारशिला:** मुख्यमंत्री ने गांव निजामपुर में 16 करोड़ 11 लाख 81 हजार रुपये की लागत से बनने वाली तीन परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। इन परियोजनाओं में 346.81 लाख रुपए की लागत से बनने वाले धोलेड़ा बाईपास, गांव बीघोपुर-धोलेड़ा-ख़्वाजपुर के लिए 704 लाख रुपए तथा गांव इकबालपुर नंगली-नेहरू नगर-भुंगारका के लिए 561 लाख रुपए की सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाएं शामिल हैं। धोलेड़ा बाइपास क्षेत्र की पुरानी मांग थी और इस परियोजना के धरातल पर साकार होने से क्षेत्र सड़कों के ढांचागत तंत्र में विस्तार होगा। इसी तरह सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा बल्कि किसानों को भी इसका लाभ होगा।







### निजामपुर से नांगल चौधरी और जयपुर तक चलेगी बस

**जन** संवाद के दौरान ग्रामीणों की ओर से मुख्यमंत्री के समक्ष नांगल चौधरी तथा जयपुर तक सीधी बस चलाने की मांग रखी गई तो मुख्यमंत्री ने तुरंत हरियाणा रोडवेज के महाप्रबंधक को गांव से नांगल चौधरी तक बस सेवा दिन में 4 बार चलाने के निर्देश दिए। इसी तरह जयपुर तक भी सीधी बस सेवा आरम्भ होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष गांव कोरियावास में बनने वाले मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई आरम्भ हो जाएगी। साथ ही, रेवाड़ी जिला में बनने वाले एम्स के लिए भी केंद्र को जमीन उपलब्ध करा दी गई है, जिसके चलते दक्षिण हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं का तंत्र मजबूत होगा और लोगों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। छोटी बच्ची अनिशा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। वहीं गांव के प्रतिभावान विद्यार्थियों विवेक और कामना को बारहवीं तथा और प्रवेश को दसवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बधाई दी और सम्मानित भी किया।



**दक्षिण हरियाणा को पानी उपलब्ध कराने के सिस्टम को किया नया:** मनोहर लाल ने कहा कि पिछले साढ़े 8 वर्षों के दौरान सरकार का प्रयास रहा है कि प्रदेश के हर गांव में पानी पहुंचे। इसी सोच पर काम करते हुए दक्षिण हरियाणा को यमुना नदी का पानी उपलब्ध कराने के लिए पुराने लिफ्ट सिस्टम को 143 करोड़ रुपए की लागत से नया किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रयास से प्रदेश की 300 टेल तक पानी पहुंचा है।

**मनोहर नीतियों को लगातार मिल रहा जनसमर्थन:** जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में पहुंचे लोगों से पिछले साढ़े 8 वर्षों के दौरान सरकार के कामकाज का फीडबैक लिया। उन्होंने जब यह पूछा कि उनकी सरकार का कौन सा काम आपको अच्छा लगा तो बड़ी संख्या में लोगों ने परिवार पहचान पत्र से अपने आप राशन कार्ड व सामाजिक सुरक्षा पेंशन बनना, भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी व्यवस्था और मेरिट पर भर्ती आदि को लेकर सरकार की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में युवाओं को 1 लाख 4 हजार सरकारी नौकरी मिली है। अगले चार महीनों में ग्रुप सी व डी के साथ-साथ शिक्षा व पुलिस आदि विभागों में 65 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया आरम्भ होगी।

### दक्षिण हरियाणा के जल संकट की कमी को किया साढ़े 8

**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जनता की सुख सुविधाएं घर तक कैसे पहुंचे इसके लिए योजनाओं को मूर्त रूप दिया जा रहा है। दक्षिणी हरियाणा में टेल तक पानी पहुंचाने में इन साढ़े आठ सालों में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं और जल संकट की कमी को दूर करने का काम सरकार ने किया है। मुख्यमंत्री बुधवार को अपने जन संवाद कार्यक्रम के तहत पांचवें जिला महेंद्रगढ़ के गांव बलाहा कलां में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में आगमन पर विधायक डॉ. अभय सिंह यादव व सांसद धर्मबीर सिंह द्वारा मंच से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में सरकार ने इस क्षेत्र में सराहनीय कदम उठाए हैं।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि पानी का लेवल ऊपर उठाने के लिए सभी जल संचय करें। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पानी के संकट को खत्म करने के लिए क्षेत्र में जरूरत अनुरूप नहर की व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने गांव गोद, बलाहा कलां व खुर्द द्वारा जमीन उपलब्ध कराने पर करीब चार किलोमीटर की नहर बनाने की व्यवस्था करने की बात कही। साथ ही नलवाटी क्षेत्र में पानी की समस्या का स्थायी समाधान करने के निर्देश भी सम्बंधित अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने जन संवाद कार्यक्रम के दौरान राशन डिपो संचालकों द्वारा कम राशन दिए जाने के मामले में संज्ञान लेते हुए डीएफएससी को आदेश दिए कि जिला के राशन डिपो की मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए और जहां कहीं भी राशन डिपो संचालक द्वारा कम राशन दिया जा रहा है, उस पर कार्रवाई करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर सरकार का पूरा फोकस है और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा राजकीय विद्यालयों में प्रदान की जा रही है, जहां स्कूल अपग्रेड करने की आवश्यकता है, वहां नियमों के अनुरूप स्कूल अपग्रेड किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि गांव खोरियावास में नया मेडिकल कॉलेज बन रहा है और अगले साल तक स्वास्थ्य सेवा के रूप में मेडिकल कॉलेज की सौगात महेंद्रगढ़ को मिलेगी। लॉजिस्टिक हब भी महेंद्रगढ़ जिला के बसिरपुर में बनेगा साथ ही खुडाना गांव में नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित होगा, जिससे रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

# पुलिस ने दिया राजस्थान के परिवार को तोहफा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा पुलिस सिर्फ प्रदेश के ही नहीं, पड़ोसी राज्यों के परिवारों में भी खुशियां देने का काम कर रही है। हरियाणा पुलिस की एक पहल से लोग पुलिस का शुक्रिया कर रहे हैं और सराहना कर रहे हैं। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग पंचकूला यूनिट ने 10 साल से राजस्थान से गुमशुदा इकलौते बेटे को उसके परिवार से मिलवा, उनको एक अनमोल तोहफा दिया है। बच्चे के पिता ने पुलिस को धन्यवाद कहा और बच्चे को साथ लेकर घर चले गए।

**काउंसिलिंग में पता चल "दलघर" शब्द, उसी आधार पर ढूंढा परिवार:**
पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि स्टेट क्राइम ब्रांच चीफ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, ओ पी सिंह, द्वारा सभी एएचटीयू प्रभारियों को निर्देश दिए गए है कि प्रदेश की सीमा से लगते सभी राज्यों के बाल गृहों का मुवायना समय समय पर करते रहे, इससे एएचटीयू टीम को एक डेटाबेस बनाने में भी सहायता मिलेगी ताकि गुमशुदा बच्चों के परिजनों को प्रदेश में तलाशने की मुहीम को तेजी से बढ़ाया जा सके। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट पंचकूला में तैनात एएसआई राजेश कुमार ने गुमशुदा बच्चों की तलाश में चिल्ड्रन होम राजपुरा जिला पटियाला पंजाब में वेलफेयर ऑफीसर से संपर्क किया। जानकारी प्राप्त करने पर वेलफेयर ऑफिसर द्वारा बताया गया कि उनके पास हरियाणा का रहने वाला कोई बच्चा तो नहीं है लेकिन एक बच्चा ऐसा है जो हमारे यहाँ रह रहा है और इसके परिवार का पता लगाने में समस्या आ रही है। बच्चे ने काउंसलिंग के दौरान अपना नाम, माता-पिता का नाम, और खुद को बिहार समस्तीपुर का रहने वाला बताया। बच्चे के बताए हुए पते और परिवार से संपर्क करने पर पता चला कि यह बच्चा उनका नहीं है , और उन्हें नाबालिग ट्रेन में मिला था। बच्चे से दोबारा काउंसलिंग की गई तो एक शब्द "दलघर" के बारे में पता चला जिसे आधार बनाकर नेट पर सर्च किया गया, तो 6 गाँवों की जानकारी मिली। सभी राज्यों में संपर्क किया गया तो "दलघर" जिला सिरोही, राजस्थान, के बारे में पता चला और वहां गाँव में बच्चे का फोटो भेजा गया तो पिता द्वारा अपने बच्चे को पहचाना गया।



## पुलिस ने आईपीएल मैच पर पर सट्टा खेलते तीन को पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगवाते तीन लोगों को सीआईए स्टाफ ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों के पास से दो लैपटॉप, छह मोबाइल, एक एक्सटेंशन तथा 10400 रुपए की नकदी बरामद की है। शहर थाना पुलिस ने तीनों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस तीनों से ऑनलाइन मैच सट्टा को लेकर जानकारी जुटा रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि रामराये गेट पर रहने वाले मनोज के घर पर कुछ युवक चेन्नई सुपर किंग्स व गुजरात टाइटन के बीच खेले जा रहे आईपीएल मैच पर सट्टा लगवा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मनोज के घर छापा मारा तो वहां पर तीन युवक ऑनलाइन आईपीएल मैच पर सट्टा खेलते मिले।

# मंत्री ने जनसमस्याओं का किया समाधान

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के श्रम एवं रोजगार मंत्री अनूप धानक ने चरखी दादरी जिला लोकसंपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में निर्देश दिए कि चरखी दादरी की सीसीआई फैक्ट्री की जगह डाले जा रहे सीवरेज के पानी को बंद कर जनस्वास्थ्य विभाग गंदे पानी की निकासी का उचित प्रबंध करे तथा विभागीय अधिकारी शहर में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें। बैठक में कुल 15 परिवाद रखे गए जिनमें से 9 परिवादों का निपटारा किया गया। बैठक में दादरी के विधायक सोमबीर सिंह सांगवान भी मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजदीप फौगाट पूर्व पार्षद

**8 पिछले एक साल से जनस्वास्थ्य विभाग सीसीआई की खाली पड़ी दो सौ एकड़ जमीन में सीवरेज का पानी डाल रहा है। इसके समीप शहर की सबसे घनी आबादी वाली गांधीनगर कालोनी बसी हुई है। कालोनी वासियों की शिकायत पर तीन महीने पहले मुख्यमंत्री ने भी इसे बंद करने को कहा था**

महेश गुप्ता ने श्रम मंत्री को बताया कि पिछले एक साल से जनस्वास्थ्य विभाग सीसीआई की खाली पड़ी दो सौ एकड़ जमीन में सीवरेज का पानी डाल रहा है। इसके समीप शहर की सबसे घनी आबादी वाली गांधीनगर कालोनी बसी हुई है। कालोनी वासियों की शिकायत पर तीन महीने पहले मुख्यमंत्री ने भी इसे बंद करने को कहा था। अपने जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सीसीआई परिसर से दूषित जल को निकालने के लिए कहा था। लेकिन विभाग आज भी गंदा पानी सीसीआई में ही डाल रहा है। श्रम एवं रोजगार मंत्री ने जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि अगले 15 दिनों में इस समस्या का समाधान किया जाए। इस बैठक में अन्य समस्याओं के समाधान के भी निर्देश दिए गए।

## ऐतिहासिक बीरबल के किले की दीवार ढही

टीम एक्श्ना इंडिया/यमुनानगर
आंधी तूफान से यमुनानगर के गांव बुढ़िया स्थित सदियों पुराने बीरबल के किले की दीवार ढह गई, जिससे पास खड़ी दो कारें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। गनीमत यह रही कि कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई।

सेंकड़ों साल पहले बने इस बीरबल के किले के आसपास के रहने वाले निवासियों के अनुसार मंगलवार देर शाम आंधी तूफान के चलते यह दीवार गिरी तो पास में खड़ी दो कारों के ऊपर ईंटें भरभरा कर गिरीं। इसके चलते खड़ी दोनों कारें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं।

# हर वर्ग के मान-सम्मान को संकल्पित है मनोहर सरकार : ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ राजौंद**
हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार सभी वर्गों के उत्थान और उनको समाज में बराबरी का हक दिलाने के लिए काम कर रही है। प्रदेश में भाईचारा मजबूत हो रहा है। हमारा पूरा-पूरा प्रयास है कि हर वर्ग की भावनाओं का सम्मान हो, उनकी आशाएं पूरी हो। महिला एवं बाल विकास मंत्री आज कैथल जिला के गांव सौंगल एवं राजौंद में कश्यप समाज द्वारा आयोजित महर्षि कश्यप जयंती कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंची। महर्षि कश्यप को नमन करते हुए राज्यमंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा ने कहा कि हमारा देश संत-महात्माओं का देश है। यह ऐसा देश है, जहां संतो के विचार पर आगे बढ़कर भाईचारा मजबूत हुआ है। राज्यमंत्री ने कहा कि महर्षि कश्यप इस दुनिया को बनाने वाले थे। उनको वेद, पुराण जैसे धार्मिक ग्रंथों में श्रेष्ठ ऋषि के रूप में स्वीकार किया गया है। जिनकी संतान के रूप में आज कश्यप समाज अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है। कश्यप समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। जिस समाज में महाराजा निषाद राज, कालू बाबा, एकलव्य जैसे वीर पैदा हुए हैं। उन्होंने आमजन से महर्षि कश्यप के जीवन दर्शन से सीख लेकर सदमार्ग को चुनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल मार्गदर्शन में हमारी सरकार सभी समाज के लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। गरीब आदमी का जीवन स्तर कैसे उठाया जाए, इसके लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना चलाई हुई है। आज प्रदेश में सबसे कम आय वाले 1 लाख परिवारों को अलग-अलग योजनाओं का लाभ देकर मुख्यधारा में लाने की कोशिश हो रही है।



## एचडीएफसी बैंक ने एक विशेष भर्ती प्रोग्राम के तहत नई भर्तियों की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
एचडीएफसी बैंक, भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक ने, फ्यूचर बैंकर्स 2.0 प्रोग्राम को लॉन्च किया है, जो युवा ग्रेजुएट्स को एक वर्ष* के भीतर बैंकिंग प्रोफेशनल्स में बदलने के लिए एक ऑल इंडिया भर्ती कार्यक्रम है। मणिपाल ग्लोबल एकेडमी ऑफ बीएफएसआई के सहयोग से पेश किया जाने वाला, फ्यूचर बैंकर्स 2.0 एक साल का प्रोफेशनल डिप्लोमा है, जिसका उद्देश्य एचडीएफसी बैंक के रिटेल बैंकिंग बिजनेस - जो बैंक के लिए एक प्रमुख क्षेत्र है - के मजबूत, भविष्य के लिए टेलेंट पाइपलाइन तैयार करना है। विनय राजदान, प्रमुख, मानव संसाधन अधिकारी, एचडीएफसी बैंक ने कहा, ह्लफ्यूचर बैंकर्स 2.0 पोस्टग्रेजुएट्स को प्रमाणित ग्रेट प्लेस टू वर्क पर अपना करियर शुरू करने का एक सुनहरा अवसर देता है। नयी भर्तियों को एक बैंकिंग इंडस्ट्री के लीडर के साथ काम करने पर एम्प्लोयी को सर्वश्रेष्ठ लोगों के काम करने के तौर तरीको को श्रेष्ठता से सीखने का मौका मिलेगा।

# विदेश मंत्रालय-सरकार संयुक्त रूप से करेंगे विदेश संपर्क कार्यक्रम की मेजबानी

## पंचकूला में आज आयोजित होगा कार्यक्रम, विदेश मंत्रालय और राज्य सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार के विदेश सहयोग विभाग और विदेश मंत्रालय, भारत सरकार संयुक्त रूप से आज पंचकूला में 'विदेश संपर्क कार्यक्रम' की मेजबानी करेंगे। यह कार्यक्रम विदेश मंत्रालय की एक अहम पहल है, जिसका उद्देश्य प्रवासी भारतीयों के साथ संबंधों को और प्रगाढ़ करना और उनसे संबंधित मुद्दों के समाधान हेतु राज्य सरकारों के साथ साझेदारी बनाना है। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल और विदेश मंत्रालय के सचिव (कॉन्सुलर, पासपोर्ट एवं वीजा, सीपीवी व प्रवासी भारतीय मामले, ओआईए), डॉ. औसाफ सईद विदेश संपर्क कार्यक्रम की सह-अध्यक्षता करेंगे। विदेश मंत्रालय और राज्य सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी भी इस अहम कार्यक्रम में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय द्वारा इस कार्यक्रम के माध्यम से कॉन्सुलर और पासपोर्ट सेवाओं, प्रवासी भारतीयों के साथ संबंधों को बढ़ावा देने तथा उनके कल्याण और संरक्षण हेतु मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए कार्यक्रमों, योजनाओं और पहलों के बारे में हितधारकों और हरियाणा सरकार के अधिकारियों को अवगत करवाया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा सरकार व विदेश मंत्रालय द्वारा इन क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों तथा समस्याओं के समाधान के लिए पारस्परिक सहयोग को और अधिक मजबूत करने हेतु विचार-मंथन किया जाएगा। साथ ही, इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और सर्वोत्तम प्रथाओं को भी साझा करने का एक बेहतरीन अवसर मिलेगा। विशेष रूप से, वर्ष 2017 के बाद से तेलंगाना, महाराष्ट्र, केरल, गुजरात, मध्य प्रदेश और कर्नाटक की राज्य सरकारों के साथ छह आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी प्रवासी भारतीयों के साथ संपर्क को बढ़ावा देने, कौशल वृद्धि और श्रमिक कल्याण, प्रवासी भारतीयों के कल्याण और संरक्षण, पासपोर्ट सेवाओं, सुरक्षित और लीगल माइग्रेशन आदि से संबंधित विभिन्न सत्रों को संबोधित करेंगे।

**8 युवाओं को बेहतर से बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए विदेश सहयोग विभाग की पूरी टीम विदेश मंत्रालय, भर्ती एजेंटों, विदेशी नियोक्ताओं और हरियाणा के एक अन्य संबंधित विभागों के साथ मिलकर काम कर रही है**

**राज्य के युवाओं को विदेशों में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए हरियाणा ओवरसीज प्लेसमेंट सेल का गठन:**
उल्लेखनीय है कि विदेश सहयोग विभाग ने हरियाणा के युवाओं को विदेशों में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए हरियाणा ओवरसीज प्लेसमेंट सेल का गठन किया है। राज्य के विकास में प्रवासी हरियाणवियों की भागीदारी सुनिश्चित करने और उनके मुद्दों के समाधान हेतू विभाग नियमित रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणवी डायस्पोरा के साथ बैठकों की मेजबानी कर रहा है। युवाओं को बेहतर से बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए विदेश सहयोग विभाग की पूरी टीम विदेश मंत्रालय, भर्ती एजेंटों, विदेशी नियोक्ताओं और हरियाणा के एक अन्य संबंधित विभागों के साथ मिलकर काम कर रही है।

## पीडब्ल्यू ओनलीआईएएस ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 में अपने पहले ही वर्ष में 180 चयनित उम्मीदवारों को समर्थ बनाया

**टीम एक्शन इंडिया/पीडब्ल्यू ओनली** आईएएस, यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के उम्मीदवारों के लिए बेहतरीन गुणवत्ता वाली कोचिंग और सीखने के तरीके बताने के लिए समर्पित एक प्लेटफॉर्म है। हाल ही में आयोजित हुए यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2022, जिसके नतीजे मंगलवार को घोषित किए गए, में पीडब्ल्यू ओनलीआईएएस ने अपने कोर्सेज और सीखने के श्रेष्ठ संसाधनों के माध्यम से टॉप 10 रैंक में से 5 टॉपर्स दिए हैं। छात्रों ने उल्लेखनीय रैंक हासिल किए हैं जैसे- गरिमा लोहिया- एआईआर 2, उमा हराथी एन- एआईआर 3, स्मृति मिश्रा- एआईआर 4, अनिरुद्ध यादव- एआईआर 8, राहुल श्रीवास्तव- एआईआर 10 । 1011 चयनित उम्मीदवारों में से 180+ उम्मीदवारों ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पीडब्ल्यू ओनली आईएएस के संसाधनों का इस्तेमाल किया है। पीडब्ल्यू ओन्लीआईएएस के सीईओ श्री सुमित रेवाड़ी ने सफल उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई दी और कहा, "यूपीएससी सीएसई 2022 में छात्रों की असाधारण उपलब्धि पर हमें बहुत गर्व है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, दृढ़ता और पीडब्ल्यू ओन्लीआईएएस में हमारे कोर्सेज और फैकल्टी द्वारा दिए गए विशिष्ट मार्गदर्शन को दिखाता है। अब जबकि वे अपनी सिविल सेवा यात्रा शुरू कर रहे हैं, हम उनके उज्ज्वल और सफल भविष्य की कामना करते हैं। हम अपने वार्षिक कार्यक्रम, प्रतिज्ञा दिवस की घोषणा करते हुए भी उत्साहित हैं, जिसे यूपीएससी के उम्मीदवारों को 2024 की परीक्षाओं की तैयारी में सहायता करने के लिए डिजाइन किया गया है।

पीडब्ल्यू ओन्लीआईएएस यूपीएससी की तैयारी के परिदृश्य को बदलने के लिए समर्पित है। तकनीकी नवाचार में निवेश कर, रचनात्मक अध्यापन, कंटेंट डेवलपमेन्ट और प्रसिद्ध शिक्षकों को हायर कर खुद को इंडस्ट्री के लीडर के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।"यूपीएससी सीएसई को विशद रूप से भारत की सबसे प्रतिष्ठित और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में से एक माना जाता है।

# महर्षि कश्यप ने दान, दया एवं कर्म को सर्वश्रेष्ठ धर्म कहा: राजीव

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**महर्षि कश्यप** ने दान, दया एवं कर्म को सर्वश्रेष्ठ धर्म कहा है और वह राग द्वेष रहित, परोपकारी, चरित्रवान तथा प्रजापालक थे। उन्होंने समाज को नई दिशा देने के लिए स्मृति ग्रंथ जैसे महान ग्रंथ की रचना की, उनका अखण्ड तप, अलौकिक ज्ञान, धर्म निष्ठा, परोपकारिता, अद्भुत तेज तीनों लोकों में गुंजायमान था। उक्त विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता राजीव जैन ने सुंदर सांवरी तथा हनुमान नगर में महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि महर्षि कश्यप ब्रह्मा जी के मानसपुत्र होने के नाते सृष्टि के सृजक के रूप में भी जाने जाते हैं। कार्यक्रमों में हवन, यज्ञ, पूजा अर्चना के साथ महर्षि कश्यप





की जयंती धूमधाम से श्रद्धा के साथ मनाई गई। समाज में प्रतिनिधियों ने राजीव जैन का 57 लाख रूप्ये की लागत से कश्यप भवन बनवाने तथा 23 सैक्टर के कश्यप भवन में अतुलनीय योगदान देने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। राजीव जैन ने कहा कि महर्षि कश्यप की जयंती मनाना तभी सार्थक होगा जब हम सृष्टि की अनमोल वस्तुएं, जल, जंगल एवं वायु को बचाकर रखेंगे। धर्मनीति के अनुसार जीवन यापन करेंगे। उन्होंने कहा कि कष्यप संहिता की रचना तथा सृष्टि के सृजन में दिए गए योगदान के कारण उनकी यशोगाथा हमारे वेदों, पुराणों, स्मृतियों, उपनिषदों एवं अनेक धार्मिक साहित्यों में भरी पड़ी है, आवश्यकता उनको पढ़कर महर्षि कश्यप के दिखाये मार्ग पर चलने की है। राजेश प्रधान, रमेश उप प्रधान, नरेश कश्यप चिटाना, राजीव, सचिन दहिया, नीरज शर्मा, गुरदीप, सुभाष, सुखबीर, सतबीर, रोहित, योगेश, राजबीर, धर्मबीर, जगबीर, सुशील, जयभगवान, ओमप्रकाश नम्बरदार, मंजु, बबिता, बांला, अनेकों श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# आर्य बाल भारती स्कूल में आर्य वीर दल का शारीरिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण शिविर शुरू



**पानीपत,24 मई/टीम एक्शन इंडिया। पानीपत शहर के** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में बुधवार को सार्वदेशिक आर्य वीर दल के पांच दिवसीय शारीरिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि आर्य रणदीप कादियान प्रधान ने किया। आर्य रणदीप कादियान ने कहा कि वैदिक धर्म वेदों पर आधारित है और वेद के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ही समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता है। इस पांच दिवसीय शिविर में जहां बच्चों को योगासन, प्राणायाम और दुश्मन से जीवन सुरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे वही घर परिवार, राष्ट्र की एकता और अखंडता के उच्च कोटि के संस्कार भी दिए जाएंगे। स्कूल के उप प्राचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा ने मंच संचालन करते हुए शिविर को लेकर विस्तार से जानकारी दी। वहीं स्कूल के प्रबंधक राजेंद्र जागलान ने कहा कि शिविर में 150 बच्चे भाग ले रहे है और इसमें आर्य विद्वानों द्वारा बच्चों को वैदिक शिक्षा दी जाएगी।

कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक ने कहा कि शिविर में बच्चों को देश भक्ति, वेद भक्ति, वैदिक सभ्यता और भारतीय संस्कृति की जानकारी दी जाएगी। वहीं प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि शिविर के समापन पर 28 मई को गुजरात के राज्यपाल के ओएसडी डॉ राजेंद्र विद्यालंकार बच्चों का मार्ग दर्शन करेंगे और समापन समारोह की अध्यक्षता आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान राधा कृष्ण आर्य करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### राष्ट्रपति या सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस करें नए संसद भवन का उद्घाटन: सतपाल शर्मा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आज देश में चारों तरफ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो खुद को सर्वोपरि समझते हैं। आज उनके अंदर इतना घमंड है वह अपने अनजान के लिए राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट के जज को भी कुछ नहीं समझते, यह शब्द कांग्रेस नेता सतपाल शर्मा ने एक जनसभा में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा। शर्मा ने कहा कि जो सम्मान राष्ट्रपति या सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को मिलना चाहिए था वह श्रेय भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देना चाहते हैं। नरेंद्र मोदी संसद भवन को 2014 में मंदिर मानकर नतमस्तक हुए थे लेकिन आज उनका घमंड उन पर हावी हो रहा है और वह नए संसद भवन का उद्घाटन अपने हाथों से करना चाहते हैं, जिसका अधिकार सिर्फ राष्ट्रपति या सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को है। शर्मा ने कहा कि सिर्फ वोट की राजनीति के लिए पिछली बार रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति बनाया और अब वोट की राजनीति के लिए द्रौपदी मुरमू को देश का राष्ट्रपति बनाया जबकि इनके पास कोई भी अधिकार नहीं है। राष्ट्रपति कोविंद अनुसूचित जाति से आते हैं और महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू आदिवासी समुदाय से संबंध रखती है, सिर्फ वोट की राजनीति के लिए मोदी सरकार ने इन दोनों राष्ट्रपतियों का उपयोग किया और इनको अपने अधिकार से वंचित रखा। शर्मा ने आगे कहा कि राष्ट्रपति किसी भी जाति या समुदाय से हो राजनीतिक पार्टियां उन्हें अपने उपयोग के लिए बनाती हैं, राष्ट्रपति बनने से किसी भी जाति और समुदाय को कोई लाभ नहीं पहुंचता सिर्फ राजनीतिक पार्टियों को वोट मिल जाता है।

### उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों, अभिभावकों व अध्यापकों की मेहनत का परिणाम: प्रेम

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**
**राजकीय उच्च** विद्यालय रूआं का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के मुख्याध्यापक अशोक कुमार ने बताया कि विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने 10वीं की बोर्ड परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की है। जिला शिक्षा अधिकारी प्रेम पूनिया, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट, उप जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार तुसार, बीईओ पेहवा विरेंद्र गर्ग, जिला विज्ञान विशेषज्ञ डा. तरसेम कौशिक, संकुल परियोजना समन्वयक सत्यवान शर्मा, पूर्व एपीसी सतबीर कौशिक, सुरेंदर भट्टी ने बेहतरीन परीक्षा परिणाम आने पर विद्यार्थियों, अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।जिला शिक्षा अधिकारी प्रेम सिंह पुनिया ने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि परिश्रम से ही सफलता के उच्चतम शिखर पर पहुंच सकते हैं। प्रेम पूनिया ने कहा कि स्कूल के अध्यापकों की मेहनत तथा विद्यार्थियों की लग्न के कारण की परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा है। परीक्षा में अव्वल रहे छात्रों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि जोगिंद्र सिंह, मुख्याध्यापक अशोक कुमार, गणित अध्यापक संजीव कुमार, भीम सिंह, रोशन लाल पंवार, सुखदेव सिंह, कुलदीप सिंह, जसमेर सिंह, फूल कुमार, किरणबाला, प्रेम कम्बोज, एस.एम.सी. प्रधान रोशन लाल सहित विद्यालय का स्टॉफ व गांव के गणमान्य व्यक्ति व बच्चे उपस्थित रहे।

### टाटा साल्ट ने शुरू किया 'तेज बच्चों से ही तो तेज देश बनता है' कैम्पेन

**गुरुग्राम।** भारत में आयोडीन युक्त नमक सेगमेंट में अग्रणी और मार्केट लीडर टाटा साल्ट ने 'तेज बच्चों से ही तो तेज देश बनता है' कैम्पेन शुरू किया है। 'देश की सेहत, देश का नमक' टाटा साल्ट ब्रांड की इस मूल अवधारणा के अनुरूप नया अभियान तैयार किया गया है। इस अभियान में बच्चों के सामान्य मानसिक और भावनात्मक विकास के महत्व पर जोर दिया गया है। अभियान ने इस बात पर भी प्रकाश डाला है कि बच्चों को पर्याप्त मात्रा में आयोडीन मिलता रहना चाहिए, जो बौद्धिक विकास के लिए आवश्यक प्रमुख सूक्ष्म पोषक तत्व है। इस कैम्पेन में एक माँ और बेटी के बीच की बातचीत को दिखाया गया है। माँ अपनी बेटी के साइंस प्रोजेक्ट, स्कॉलरशिप, कंप्यूटर एग्जाम और स्कुल प्रतियोगिताओं के बारे में चिंतित हैं, लेकिन आत्मविश्वासी बेटी उन्हें सुकून भरी प्रतिक्रिया देती है। यह लड़की अपने स्कूल की कैप्टेन है और वह पूरे आत्मविश्वास के साथ माँ से कहती है - 'नो प्रॉब्लम मम्मी, नो प्रॉब्लम' हर दिन के खाने में खाना पकाते हुए माँ टाटा नमक का उपयोग कर रही है, यह दृश्य हर दिन के खाने में पर्याप्त मात्रा में आयोडीन के सेवन से मिलने वाले उचित पोषण और तेज बुद्धि का प्रतीक है। इस अभियान में यह दृश्य बहुत ही खूबसूरत ढंग से दशार्या गया है।

# पानीपत ग्रामीण हलके में महा ऋषि कश्यप जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई

**पानीपत, 24मई (कमाल हुसैन)पानीपत ग्रामीण** हलके के गांव गढ़ सरनाई गांव कावड़ी व कश्यप कॉलोनी में महा ऋषि कश्यप जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई, जिसमें मुख्य अतिथि भाई विजय जैन रहे। इस अवसर पर उन्होंने महा ऋषि कश्यप की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए और आयोजकों ने भाई विजय जैन का फूल मालाओं और पगड़ी पहनाकर के भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए विजय जैन ने कहा है कि महाऋषि कश्यप इस सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा के अवतार थे और एक वैदिक ऋषि थे इनकी गणना सप्तर्षियों में की



जाती है हिंदू मान्यताओं के अनुसार इनके वंशज भगवान विष्णु थे भागवत पुराणों में और मार्कंडेय पुराणों में ऋषि कश्यप की 13 पत्नियां थी,और मत्स्य पुराण के अनुसार उन की 9 पत्नियां थी। जैन ने कहा है कि देवता दैत्य दानव यक्ष नाग इन सभी जीवो की उत्पति महर्षि कश्यप से हुई जैन ने कहा है। कि एक बार भगवान परशुराम ने सारी पृथ्वी पर विजय प्राप्त करके सारा राज पाठ महऋषि कश्यप को सौंप दिया उन्होंने कहा है कि द्वापर युग में कश्यप प्रजापति श्री भगवान विष्णु व कृष्ण के अवतार में उनके पिता वासुदेव थे जैन ने कहा है कि महर्षि कश्यप नए अपने तपोबल से मानव जाति के लिए अनेक कल्याणकारी कार्य किये। इस अवसर पर संजय कश्यप, रिंकू कश्यप, नरेश कश्यप, जिला परिषद सदस्य जितेंद्र बाल्मीकि, पाला मेंबर ,राजवीर सिंह, शेर सिंह, प्रीतम सिंह कश्यप ,कृष्ण ठाकुर ,पूर्व सरपंच भीम सिंह, राकेश कश्यप ,गणेश, सिकंदरपुर के सरपंच सतपाल ,बारू राम कश्यप ,ब्लॉक समिति मेंबर वीनू शर्मा, एडवोकेट रमेश मौर्या ,राजकुमार शर्मा ,सतपाल राणा ,बलदेव अरोड़ा हनुमान ,जयप्रकाश त्यागी आदि लोग उपस्थित थे।

## भाजपा जजपा के कारण हर वर्ग है आंदोलनरत: सोनू राणा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) कांग्रेस पार्टी** के मुलाना विधानसभा के पूर्व प्रभारी वह कष्ट निवारण समिति जिला अंबाला के चेयरमैन रहे सोनू राणा ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी सरकार ने हर वर्ग को कभी ना खत्म होने वाली कतार में खड़ा कर रखा है। आज प्रदेश का युवा रोजगार के लिए कतार में खड़ा है, लेकिन सरकार भर्तियां करने का नाम नहीं ले रही। इतना ही नहीं बार-बार मांग के बावजूद सीईटी को क्वालीफाई परीक्षा नहीं माना जा रहा। सरकार सीईटी क्वालीफाई करने वाले सभी अभ्यार्थियों को भर्ती परीक्षाओं में बैठने का मौका नहीं देना चाहती। लेकिन सरकार को युवाओं की मांग माननी ही पड़ेगी। कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक युवाओं की आवाज उठाएगी। बीजेपी-जेजेपी के जनविरोधी आचरण के चलते प्रदेश का हर वर्ग आज आंदोलनरत है। किसान, जवान, पहलवान, छोटा व्यापारी, कर्मचारी, कच्चे कर्मचारी, सफाई कर्मी, आशा वर्कर, मिड डे मिल वर्कर और बुजुर्ग से लेकर छोटे-छोटे बच्चे तक अपनी-अपनी मांगों के लिए आंदोलन करने को मजबूर हैं।

## महर्षि कश्यप सभी ऋषि-मुनियों में माने जाते थे श्रेष्ठ: वरुण चौधरी



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) गांव बिकमपुर** में कश्यप समाज द्वारा महाऋषि कश्यप जी की जयंती बड़े हर्षोउल्लास से मनाई गई। जिसमें विधायक वरुण चौधरी ने मुख्यरूप से शिरकत कर महाऋषि जी का आशिर्वाद प्राप्त कर सभी को महाऋषि कश्यप जयंती की बधाई दी विधायक ने महाऋषि जी के जीवन पर बोलते हुए कहा कि महर्षि कश्यप द्वारा संपूर्ण सृष्टि की सृजना में दिए गए महायोगदान की यशोगाथा हमारे वेदों, पुराणों, स्मृतियों, उपनिषदों एवं अन्य अनेक धार्मिक साहित्यों में भरी पड़ी है, जिसके कारण उन्हें सृष्टि के सृजक उपाधि से विभूषित किया जाता है।

## रेडक्रास सोसायटी ने अग्रसेन स्कूल में फर्स्ट एड जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**उपायुक्त** एवं रैडक्रास सोसायटी के चेयरमैन शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में भारतीय रेडक्रास सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के निदेर्शानुसार जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से एक दिवसीय बेसिक प्राथमिक सहायता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अग्रसेन पब्लिक स्कूल में किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेडक्रास सोसायटी के सचिव डा. सुनील कुमार ने कहा कि रेडक्रॉस संस्था मानवता की सेवा करने में हमेशा अग्रसर रहती है। संस्था द्वारा समय-समय पर विभिन्न जागरूकता और जरूरतमंदों की सहायता हेतु शिविरों का आयोजन किया जाता है। जिला प्रशिक्षण अधिकारी अंजू कश्यप ने विद्यार्थियों व अध्यापकों को दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की समय पर सहायता करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने सीपीआर, रक्त



स्त्राव, हड्डी टूटने, जलने, बिजली करंट, अघात, लू लगना, मिर्गी का दौरा पने आदि के समय किस प्रकार प्राथमिक सहायता दी जाती है, सडक दुर्घटना के समय रोगी की प्राथमिक सहायता करने, नशे से दूर रहने, संतुलित आहार लेना, रोड सेफ्टी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की है।

स्कूल की प्रिंसिपल रीटा गोयल सहित स्कूल के 8वीं से 10वीं कक्षा तक के करीब 700 विद्यार्थियों और 46 अध्यापकों ने जागरुकता कार्यक्रम में भाग लिया।

## प्रिंसिपल राजीव सपरा को राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार से नवाजा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**राजकीय बहुतकनीकी** संस्थान अंबाला शहर के प्रधानाचार्य डॉ राजीव सपरा को वर्दी वेलनेस फाउंडेशन द्वारा "राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार" से नवाजा गया । यह पुरस्कार उनके द्वारा प्रधानाचार्य के रूप में किए गए अद्वितीय कार्यों हेतु प्रदान किया गया है । डा सपरा को यह पुरस्कार , वर्दी वेलनेस फाउंडेशन द्वारा होटल द लीला, नई दिल्ली, में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया । डा सपरा ने अपनी उपलब्धियों के बारे में बताया कि संस्थान के सामान्य कार्यों के अतिरिक्त तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा बहुत सारे ऐसे कार्य भी उन्हें दिए गए हैं जो राज्य स्तरीय कार्य हैं।

## संघर्ष इनरव्हील ने लगाया निशुल्क पैप्समीयर टैस्ट शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**इनर व्हील** क्लब अम्बाला जो कि महिलाओं की सब से बड़ी वैश्विक स्वयंसेवी संस्था की इकाई है, पिछले 50 वर्ष से सेवा एवं मैत्री के संदेश के साथ सेवा कार्यों में संलग्न है । इस वर्ष के एक प्रमुख उद्देश्य - कैंसर के विरुध्द संघर्ष के अंतर्गत पैप्समीयर टैस्ट एवं मैमोग्राफी के शिविर लगाए। पैप्समीयर टैस्ट गर्भाशय के मुँह के कैंसर की संभावना का पता लगाने के लिए किया जाता है। यह महिलाओं की मृत्यु का एक प्रमुख कारण कहा जाता है। इनर व्हील क्लब अम्बाला ने यह शिविर नांदरा मल्टीस्पैशियलिटी अस्पताल में लगाया जहां डॉ अपराजिता नांदरा ने सैम्पल लिए। इन



सैम्पलों की मैक्स लैब द्वारा जाँच की जा रही है। कुल 20 महिलाओं ने यह जाँच करवाई। मैमोग्राफी का टैस्ट स्तन कैंसर की संभावना की जाँच के लिए किया जाता है । स्तन कैंसर के मामले भी समाज में निरंतर बढ़ते देखे जा रहे हैं , और यह भी महिलाओं में मृत्यु का बड़ा कारण बनता जा रहा है । इनर व्हील क्लब अम्बाला ने अपने डिस्ट्रिक्ट 308 के निर्देश पर सब्बरवाल ट्रस्ट के अमृत कैंसर फाउंडेशन चंडीगढ़ से संपर्क किया ! यह संस्था पिछले 12 वर्ष से निःशुल्क मैमोग्राफी के शिविर लगा रहा है! इस के लिए उन्होंने एक चलती फिरती जाँच शाला बनवाई हुई है । इसी मोबाइल लैब में अत्याधुनिक मैमोग्राफी मशीन पर जाँच की गई , जिसे लाल कुर्ती में स्थित इनर व्हील नवकिरण के बाहर खड़ा किया गया।इस शिविर में38 महिलाओं ने मैमोग्राफी करवाई । इस शिविर का उद्घाटन लाल कुर्ती की प्रमुख महिला सुदेश चौधरी द्वारा किया गया । क्लब प्रधान डॉ भारती बंधु की सहयोगी क्लब काउंसलर पूनम खुराना , पूर्व प्रधान सुप्रभा जैन , सदस्याओं नीलम ठुकराल, सुनीता वर्मा, रेखा गुप्ता, रुबीना जैन ने भीषण गर्मी में चंडीगढ़ से आई तकनीशियन टीम के मिल कर पूरी मेहनत से इस शिविर को संचालित किया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त ललित चौधरी, डॉ देशबंधु, कृष्णा सागर , सरला वालिया, विजया गुप्ता, शोभा धवन , मंजू दास, प्रोमिला गांधी, सुमन आनंद, सीमा बिम्बरा , मंजू नांदरा,पूनम जैन , पारुल गांधी,अनीता गोदारा, डॉ शची,डॉ रेखा , डॉ सिल्वी आदि लगभग 100 महिलाएँ उपस्थित रहीं।

## शहीदी दिवस पर सफाई व पौधारोपण अभियान की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) गुरुद्वारा** साहिब पातशाही दसवीं काला आम्ब (रजिस्टर्ड) द्वारा गतदिवस गुरू अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में अंबाला भाजपा जिलाध्यक्ष अध्यक्ष राजेश बतौरा द्वारा लाइफ केयर फाउंडेशन संस्था के सहयोग से संचालित चैरिटेबल लेबोरेटरी का शुभारंभ समूह साध संगत के आशीर्वाद से किया गया एवं गुरूद्वारे के सामने गुरू गोबिंद सिंह जी की याद में स्थित खंडा चौंक पर पौधारोपण कर सफाई व पौधारोपण अभियान की शुरूआत की। इस चौंक को प्रशासनिक सहयोग से जल्द ही खूबसूरत और दर्शनीय बनाया जायेगा।इस कार्य में काला आम्ब ग्राम पंचायत की तरफ से सरपंच प्रवीण सैनी ने भी पौधारोपण किया। इस प्रकार प्रशासनिक सहयोग से चौंक के काया कल्प का कार्य प्रारंभ हुआ। वहीं दूसरी तरफ इस जांच केंद्र पर तुरंत सभी तरह की जांचों की सुविधा सुबह 7:00 से 12:00 बजे तक बहुत कम शुल्क पर उपलब्ध करा दी गई है।इस केंद्र के शुरू होने से काला आम्ब व आसपास के इलाका वासियों में भारी उत्साह है। इस जांच केन्द्र के आरम्भ होने से काला आम्ब औद्योगिक क्षेत्र के वर्कर्स को भी बहुत फायदा मिलेग।

# राहुल गांधी के साथ देश चल पड़ा- हरबीर महल

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट, युवा कांग्रेस मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, पूर्व यूथ कांग्रेस के हल्का अध्यक्ष व किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हरबीर सिंह महल ने जारी प्रेस ब्यान करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने पहले भारत जोड़ों यात्रा के माध्यम से जनता की आवाज और समस्याओं को सुना और अब ट्रक ड्राइवरों की मन की बात को सुना जा रहा है। हरबीर महल ने मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए बताया है कि भारत की सड़कों पर तकरीबन 90 लाख ट्रक ड्राइवर्स हैं। इन सभी लोगों की अपनी समस्याएं हैं। ट्रक ड्राइवर्स की मन की बात सुनने का काम राहुल ने किया है। दरअसल, भारी वाहनों और ट्रकों को चलाने वाले इन ड्राइवर्स को रातभर काम करना पड़ता है। इस दौरान कई परेशानियां होती हैं, जिन्हें जानने के लिए ही राहुल इनके बीच पहुंचे।हरबीर महल ने कहा कि राहुल के साथ देश चल पड़ा है। क्योंकि 'यूनिवर्सिटी के छात्रों से, खिलाड़ियों से, सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे युवाओं से, किसानों से, डिलीवरी पार्टनरों से, बस में आम नागरिकों से और अब आधी रात को ट्रक के ड्राइवर से आखिर क्यों मुलाकात कर रहे हैं राहुल गांधी? क्योंकि वो इस देश लोगों की बात सुनना चाहते हैं, उनकी चुनौतियों और परेशानियों को समझना चाहते हैं।' 'उनको ऐसा करते देख एक विश्वास सा झलकता है, कोई तो है जो लोगों के साथ खड़ा है, कोई तो है जो उनके बेहतर कल के लिए किसी भी तरह की कुबार्नी देने को तैयार है। कोई तो है जो नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहा है।

## लोगों के मन को भा रही है प्रधानमंत्री की योजनाएं

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
केन्द्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर लोगों को सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। लोगों का कहना है कि जनकल्याणकारी नीतियों के चलते मोदी सरकार की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। पीएम आवास योजना, उज्जवला योजना, गरीब कल्याण योजना, आयुष्मान भारत आदि योजनाओं का लाखों लोग लाभ ले रहे है। स्थानीय लोगों से बात की गई तो उन्होने बताया कि सरकार की यह योजनाएं काफी लाभकारी है। अंबाला छावनी की रहने वाली सिमी ने बताया कि उसके हार्ट में स्टंट डला है।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में हुआ बेस्ड "वॉक इन कैफे" का शुभारंभ



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) संयुक्त राष्ट्र** महासभा द्वार "अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023" के मध्य में मिलेट को एवम अन्य मोटे अनाजों को मुख्य रुप से बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र ली पहली पहल, एवम "वॉक इन कैफे" का किया शुभारंभ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण से कदम मिलाते हुए, बाजरा से निर्मित "स्वस्थ एवं सेहतमंद" भोजन को बढ़ावा देने के लिए श्रृंखला के संस्थापक सुमित सिंह ने अन्य खाद्य श्रृंखलाओं द्वारा परोसे जाने वाले जंक फूड के जगह एक स्वस्थ और समान रूप से स्वादिष्ट विकल्प प्रदान करने के लिए "वॉक इन कैफे" का शुभारंभ किया।



जीवन नगर के अंकुश मुखीजा व नूतन मुखीजा के पुत्र गर्वित मुखीजा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

## सभा को पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद डॉ. हर्षवर्धन और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू ने किया संबोधित

# आदर्श नगर विधानसभा में हुई भाजपा की जन चेतना सभा











**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली की** आप सरकार के मुख्यमंत्री द्वारा बिना टेंडर के अपने राजमहल की सजावट पर जनता की गाढ़ी कमाई का करोड़ो रूपया खर्च करने और आप सरकार के भ्रष्टाचार से जनता को रूबरू कराने के लिए जन चेतना अभियान के तहत आदर्श नगर विधानसभा के जहाँगीरपुरी इलाके के गुजराती चौक एच ब्लॉक में विशाल जनसभा देर शाम तक आयोजित हुई। भाजपा जिला केशवपुरम के मीडिया प्रभारी विनोद शर्मा ने बताया कि जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया की अध्यक्षता में केजरीवाल सरकार द्वारा लूट और विश्वासघात से जनता को रूबरू करवाने के लिए विशाल जनसभा आयोजित की गई जिसमें मुख्यवक्ता पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ हर्षवर्धन, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू व विधायक विजेंद्र गुप्ता ने सम्बोधित किया। डॉ हर्षवर्धन ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो व्यक्ति राजनीति में सुचिता की बात करता था आज उसकी सरकार लूट व भ्रष्टाचार में लिप्त है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता कौतूहल के साथ सोच रही है कि जो व्यक्ति सत्ता में आने से पहले कहता था कि मैं सरकारी बंग्ला, गाड़ी व सिक्योरिटी नही लूँगा उसी व्यक्ति ने 45 करोड़ रुपये से अपने राजमहल की साज सज्जा पर खर्च कर दिए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में दिल्ली की जनता को जब भोजन, दवा, ऑक्सीजन की जरूरत थी और श्मशानों में मृतकों की लाइन लगी थी ऐसे समय मे नागरिकों की चिंता करने के बजाय ये अपना राजमहल तैयार करवाने में व्यस्त थे। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू ने कहा कि दिल्ली की आप सरकार दिल्ली की जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह विफल रही है। दिल्ली का विकास पूरी तरह से अवरुद्ध है। न कोई नया स्कूल, न कालेज, न हॉस्पिटल, न फ्लाई ओवर, न पीने का पानी और न ही दिल्लीवासियों को राहत देने वाली कोई विकास की योजना अपने 8 साल के शासन में दे पाए हैं। उन्होंने कहा कि अगर इन्होंने दिया है तो केवल अनेक घोटालों से भरा अपना कुशासन। विधायक विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि इनके पिछले 5 साल के शासन में किसी जरूरतमंद, बुजुर्ग की पेंशन बनी हो, कोई एक भी राशन कार्ड बना हो, किसी भी परिवार में आए नए सदस्य का राशन कार्ड में नाम चढ़ा हो तो वो मंच पर आए उसका स्वागत करने के साथ नकद इनाम भी दूँगा। उन्होंने कहा कि जब ये सत्ता में आए थे तो पहले से ही 52 हजार फ्लैट इन्हें बने बनाए मिले थे। लेकिन एक भी फ्लैट इन्होंने झुग्गीवासी या घरविहीन को आबंटित नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह गरीब विरोधी घोटालेबाजो की सरकार है।

जिला केशवपुरम के जिला अध्यक्ष राज कुमार भाटिया ने कहा कि भाजपा का जन चेतना अभियान अब कार्यकर्ता लोगों के घर-घर जाकर जनता से संवाद कर इनके कुकर्मो, घोटालों व भ्रष्टाचार की पोल खोलने का काम करेंगे। इस विशाल जनसभा में पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव, निगम पार्षद सुमन शर्मा, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी, पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व निगम प्रत्याशी अनुभव धीर, पूर्वांचल मोर्चा जिला अध्यक्ष अविनाश सिंह, विनोद शर्मा, प्रदीप राणा, मंडल अध्यक्ष नितिन गोयल ,टीना आहूजा, मंगत राम शर्मा व नरेंद्र गुप्ता, इन्द्रजीत मुखी, प्रीति पुरी सहित कई लोग मौजूद रहे।






# तारों का जंजाल हटाने के अभियान की शुरूआत 4 जून को होगी: पम्मा

## तारों के जंजाल को लेकर सदर बाजार में हुई व्यापारियों और अधिकारियों की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बढ़ती गर्मी** को लेकर आए दिन बिजली की तारों में शॉर्ट सर्किट की घटनाएं लगातार बढ़ रही है इसको देखते हुए फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के चेयरमैन व बारी मार्केट मार्केट के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने विभिन्न अधिकारियों के साथ एक मीटिंग की। जिसमें बीएसईएस इंजीनियर विनोद चौरसिया व सुधीर शर्मा एयरटेल जय प्रकाश सिंह (क्षेत्र प्रबंधक) कृष्णा (एरिया इंजीनियर) राकेश (क्षेत्रीय इंजीनियर) सहित अनेक व्यापारी उपस्थित थे। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा ने अधिकारियों को मार्केट में फैली तारों का जंजाल दिखाया और अधिकारियों को बताया आए दिन यहां पर शॉर्टकट होते रहते हैं और छोटी-छोटी गलियां होने के कारण दमकल की गाड़ियों में आने में भी बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है जिसे आप अपना भयानक रूप ले लेती है और जिस प्रकार गर्मी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है, उसे सबके एसी भी चल रहे हैं उसे भी शॉर्टकट होने का डर रहता है, जो भी पुरानी वह बेकार तारे हैं उनको हटाना जरूरी हो गया है। उन्होंने बताया एमटीएनएल के फोन बंद हो चुके हैं। मगर उनकी तारे अभी तक लटक रही है कई बार उनके अधिकारियों को सूचित करने की कोशिश की मगर कोई भी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। परमजीत सिंह पम्मा ने कहा लगातार दिल्ली में शॉर्टकट में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही है। व्यापारियों में बहुत ज्यादा डर पैदा हो रहा है इसको लेकर 4 जून को बारी मार्केट में तारों की सफाई का अभियान चलाया जाएगा उसके बाद सदर की विभिन्न गलियों में इस प्रकार के ही जो पुरानी तारे हैं उनको हटाने की मुहिम शुरू होगी।
मीटिंग में वरिंदर आर्य, कुलदीप सिंह रजीब सोहर, चंदर, तरुण, जितेन सहित अनेक व्यापारी उपस्थित थे।





पांचवे गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा आनंद ईश्वर दरबार भलस्वा डेरी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा व अन्य।

## वजीरपुर: पेड़-पौधों की रक्षा परिवार की तरह करें सभी: खान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर** के समाजसेवी बद्रूदीन खान ने कहा कि सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए, जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके। इसलिए सभी को निर्धन तबके की सहायता करने के लिए आगे आये। उन्होंने आगे बताया कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगाना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण करना केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाये और दूसरों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधे से जहां हमें ऑक्सीजन मिलती है, वहीं इनसे हमें फल, फूल व दवाईयां भी मिलती है। इसलिए सभी अपने आस-पास उचित स्थान देखकर पौधारोपण अवश्य ही करें।



# 'चार्जिंग पॉइंट लगाने के लिए कार्य योजना हुई तैयार'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम 'दिल्ली ईवी पालिसी 2.0 स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन' में विभिन्न हितधारकों को संबोधित किया।
क्लाइमेट ट्रेंड्स और रॉकी माउंटेन इंस्टीट्यूट (आरएमआई) इंडिया के साथ साझेदारी में परिवहन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिल्ली में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने की दिशा में केजरीवाल सरकार के प्रयासों को और मजबूती प्रदान करने के लिए ईवी क्षेत्र के विशेषज्ञों से उनके अनुभव, सुझाव और प्रतिक्रिया एकत्र करना है। इस मौके पर प्रधान सचिव-सह-परिवहन आयुक्त आशीष कुंद्रा, विशेष आयुक्त(परिवहन) और दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की प्रबंध निदेशक शिल्पा शिंदे और दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन सेल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एन मोहन मौजूद रहें। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दूरदर्शी नेतृत्व और राजधानी में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा उठाए गए परिवर्तनकारी कदमों की सराहना की। उन्होंने 7 अगस्त, 2020 को लॉन्च होने के बाद से दिल्ली ईवी नीति की सफलता पर प्रकाश डाला और बताया कि इस निति की शुरूआत से अबतक 1.20 लाख से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन बेचे गए हैं।
जिनमें इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री का योगदान लगभग 50% रहा। संबोधन के दौरान दिल्ली के परिवहन मंत्री ने दिल्ली ईवी नीति की सफलता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने इसकी सफलता का श्रेय केजरीवाल सरकार की "3 मॉडल": इन्क्लुजन, इन्सेन्टि वाइजेशन और इनोवेशन को दिया।



## समाज को जागरूक कर रही है ग्लोबल वेलफेयर ट्रस्ट: भारत राघव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ग्लोबल** वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने कहा कि ट्रस्ट के द्वारा समाज को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है ताकि समाज के सभी वर्ग के लोग जागरूक हो सके।
उन्होंने आगे बताया कि हमारी ट्रस्ट के द्वारा गरीब लोगों को कम कीमत व आसान किस्तों में लोगों को मकान भी दिये जा रहे है, जिससे की गरीबों को भी उनका आशियाना मिल सके।
उन्होंने आगे बताया कि ट्रस्ट के द्वारा गरीब लोगों की मदद करना, गरीब लड़कियों का विवाह करवाना सहित कई अभियान चलाये जाते है। भारत सिंह राघव ने आगे बताया कि संस्था के द्वारा बच्चों में स्टेशनरी का वितरण, क्षेत्र में पौधारोपण करना और शिक्षा केन्द्र खोलने को लेकर विचार चल रहा है, जल्द ही ट्रस्ट यह भी अभियान चलायेगी।



# वजीरपुर जेजे कॉलोनी: निःशुल्क विधिक सहायता शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली स्थित** जे.जे कॉलोनी वजीरपुर में निःशुल्क विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ वकीलों और कानूनी विशेषज्ञों ने उचित कानूनी सलाह लोगों को निःशुल्क दी।
इस दौरान एफआईआर, आरटीआई, भ्रूण हत्या, लैंगिक हमले, घरेलू व व्यवसायिक विवाद, महिलाओं के लिये शिक्षा का अधिकार, आर्थिक विवाद पर चर्चा की गई।
शिविर की अध्यक्षता एडवोकेट हिमांशी भारद्वाज व मंच संचालन नव युवक उज्जवल मंच संस्था के अध्यक्ष सुमित चौहान ने किया। इस मौके पर एडवोकेट चंचल शर्मा एवं एडवोकेट हिमांशी भारद्वाज की लीगल टीम भी शिविर में रही। नव युवक उज्जवल मंच संस्था के मंत्री दीपांशु माहोर मौजूद रहे।



## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया देश का विकास: देवराज कोली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्व** निगम पार्षद देवराज ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है। जिससे देश के लोग काफी ज्यादा खुश है। उन्होंने आगे बताया कि पीएम मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है। यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। एक अन्य सवाल के जवाब में देवराज कोली ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, जिसके चलते आज दिल्ली की जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



# सांसद विक्रम साहनी ओमान में फंसी 15 महिलाओं को वापस उनके घर लाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**स्त्री पहल** के तहत पिछले सप्ताह बचाई गई 7 लड़कियों के साथ इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरते ही 8 और लड़कियां आज अपने परिवारों से मिल गई। श्री साहनी ने कहा कि इन लड़कियों को बेईमान एजेंटों और तथाकथित रोजगार सलाहकारों द्वारा रोजगार के झूठे बहाने ओमान जाने का लालच देकर फंसाया गया था। पंजाब की मूलनिवासियों में पहचान की गई 34 लड़कियों में से पिछले दो हफ्तों के भीतर 15 लड़कियों को भारतीय दूतावास और ओमान सरकार के समन्वय से उनके परिवारों के साथ फिर से मिला दिया गया है। श्री साहनी, जो विश्व पंजाबी संगठन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं, ने कहा कि ओमान में फंसी पंजाबी लड़कियों का मामला हमारे संज्ञान में आने के बाद, मेरे संसद कार्यालय की एक टीम ने मस्कट का दौरा किया और विश्व पंजाबी संगठन, ओमान चैप्टर के पदाधिकारियों के साथ मिलकर आश्रय गृहों में फंसी लड़कियों से बातचीत की, जहां श्री साहनी द्वारा लंगर का सहयोग किया जा रहा है। बकौल श्री साहनी उनकी टीम द्वारा अनुचित करारों को समाप्त करने, जुमार्ना माफ करने के लिए प्रायोजकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया गया और फंसी हुई लड़कियों के टिकट की कीमत वहन करने के बाद हमने इन लड़कियों की घर वापसी सुनिश्चित की। श्री साहनी ने कहा कि इन लड़कियों को नौकरियों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ दिल्ली में वर्ल्ड क्लास स्किल सेंटर और अमृतसर में मल्टी-स्पेशियलिटी स्किल डेवलपमेंट सेंटर में मुफ्त कौशल प्रशिक्षण की पेशकश की गई है। श्री साहनी ने कहा, 'इसमें शामिल एजेंटों के खिलाफ पुलिस अधिकारियों द्वारा कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की गई है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 'नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए 29 मई से तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण किया जाएगा आयोजित'

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।** एडीसी अपराजिता ने कहा कि जिला फरीदाबाद में नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए आगामी 29 मई से तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। एडीसी अपराजिता बैठक में जिला फरीदाबाद में नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी जबाब देही के साथ तय कर रही थी। एडीसी अपराजिता ने नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को जिला व ब्लाक स्तर पर बेहतर ढंग से मनाने के लिए साफ सफाई के लिए एमसीएफ,पेयजल के लिए जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, शिक्षा, आयुष विभाग, सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग,



स्वास्थ्य, पुलिस और खेल विभाग सहित एक एक करके विभागवार अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कहा कि जिला फरीदाबाद में आगामी 29 से 31 मई तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को हर्ष और उल्लास के साथ मनाने के लिए खेल परिसर, व्यायाम शालाओं व अन्य उपयुक्त स्थानों पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। एडीसी ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिस अधिकारी को जो भी दायित्व मिला उसे निश्चित रूप से निर्धारित समय पर पूरा करें। एडीसी अपराजिता ने कहा कि प्रशिक्षण में जिला के खेल परिसर, सभी व्यायामशालाओं एवं अन्य उपयुक्त स्थानों में पर शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता, पीटीआई व डीपीआई को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें प्राइवेट स्कूलों के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता, पीटीआई आई और डीपीई को भी शामिल किया जाएगा। इसके अलावा संबंधित जिला की योग समितियों के योग शिक्षक, खेल विभाग के योग शिक्षक एवं आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ द्वारा प्रशिक्षण सायं 6:00 से 7:30 तक दिया जाएगा। एडीसी अपराजिता ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में इसी प्रकार 5 जून से 7 जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण जिला के सभी स्कूलों में संबंधित योग समितियों के योग शिक्षकों, प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा, पीटीआई, डीपीई, खेल विभाग के योग ट्रेनर, पुलिस विभाग के प्रशिक्षक योग शिक्षक एवं आयुष विभाग की योग विशेषज्ञ द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। एडीसी ने आगे बताया कि 9 जून से 11 जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण जिला तथा विधानसभा क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारी व अन्य सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी सरपंच पंच व अन्य निवर्तमान जनप्रतिनिधि, पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, एनसीसी के कैडेट्स, स्काउट्स कैडेट एवं इच्छुक जनसाधारण को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन प्रशिक्षण के लिए जिला की योग समितियों के योग शिक्षकों और सभी विभाग के द्वारा खेल परिसर, खेल मैदान, व्यायामशाला व अन्य उपयुक्त स्थानों पर दिया जाएगा।

# अस्पताल में उल्टी-दस्त व बुखार के मरीजों की बढ़ी ओपीडी संख्या

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत जिले** में कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के चलते जन-जीवन प्रभावित होने लगा है। गर्मी-बारिश के मौसम का असर लोगों की सेहत पर पड़ने लगा है। बदलते मौसम की मार अस्पताल में लगी मरीजों की लंबी लाइनों में देखी जा सकी है। भीषण गर्मी के चलते लोग उल्टी-दस्त व बुखार से ग्रस्त होने लगे है। अस्पताल में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ने लगे है। नागरिक अस्पताल में तैनात चिकित्सक लोगों को गर्मी से बचने के लिए बाहर निकलते समय मुंह पर कपड़ा डकने की सलाह दे रहे है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में तीन-चार दिनों से बुखार, उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। मौसम के बदलते रूख व भीषण गर्मी के चलते लोग बीमार पड़ने लगे है। अस्पताल में मरीजों की लंबी लाइने देखने को मिल रही है। नागरिक अस्पताल सोनीपत में जहां हर रोज आने वाले कुल मरीजों की संख्या 1200 से 1300 के करीब होती थी। अब उक्त संख्या बढ़कर 1700 से 1800 के करीब पहुंचे चुकी है, लोग बीमार पड़ने लगे है। अस्पतालों में रजिस्ट्रेशन काउंटर व ओपीडी में उल्टी-दस्त के मरीजों की ओपीडी में भीड़ बढ़ने लगी है। अस्पताल में करीब एक सप्ताह पहले उल्टी-दस्त के जहां आठ से दस मरीज पहुंचते थे। वहीं कई दिनों से मरीजों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है।

**गर्मी के चलते बीमार होने से बचना है तो इन बातों का रखे ध्यान-** ठंडा पानी पिएं रोजाना पर्याप्त मात्रा में ठंडा पानी पिएं, ज्यादा तेल मसाला खाने से बचें सबसे पहले गर्मियों में शरीर को ठंडा रखना जरूरी है. ...
मूली का सेवन करें मूली फाइबर में भरपूर है, दही, विटामिन सी, तिल का सेवन, पुदीना, प्याज आदि खाएं।

हाल के दिनों में 40 से 50 मरीज की संख्या में ईलाज के लिए आ रहे है। गर्मी में खाने को लेकर लोगों को परेशानी हो रही है। बासी खाना नहीं खाना चाहिए। ऐसे मौसम में बाहर का खाना नहीं खाना चाहिए है। गर्मी में घर से बाहर निकलने से पहले कपड़ा सिर पर जरूरी रखे, गर्मी बहुत ज्यादा है, ज्यादा से ज्यादा पानी पीना आवश्यक है। घर से बाहर निकलते समय सिर व चेहरे को कपड़े से जरूरी ढककर निकले, ताकि गर्मी से बचा जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### विकास नगर में घर से सोने-चांदी के आभूषण ले गए चोर

**सोनीपत:** शहर थाना क्षेत्र के विकास नगर में घर से लाखों रुपये कीमत के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। विकास नगर निवासी सुनीता ने बताया कि किसी ने उसके घर से चांदी की पायल, एक तागड़ी गुच्छा चांदी का, एक जोड़ी सोने के कानों के कुंडल, तीन जोड़ी चुटकी चांदी की चोरी कर ली। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी विजयश्वर ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### ईट-भट्ठे से ट्रैक्टर-ट्राली लेकर फरार हुआ युवक, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र गांव हरसाना कलां स्थित ईट-भट्ठे से ट्रैक्टर-ट्राली लेकर फरार होने के आरोप का मामला सामने आया है। वाहन मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव भैंसवाल कलां हाल शास्त्री कॉलोनी निवासी सौरव मलिक ने बताया कि उसके पास ट्रैक्टर-ट्राली नीले रंग की है। उसने हरसाना कलां राम भट्ठे पर लगा रखा है। वाहन चलाने के लिए गौतम निवासी ढिढावली यूपी को रखा हुआ है। गत 12 मई को गौतम ट्रैक्टर-ट्राली को लेकर गया था, लेकिन वापिस नहीं लौटा। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द आरोपित का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### धूप से त्वचा की रक्षा के लिये करें हर दिन सनस्क्रीन का इस्तेमाल- डॉ विदुषी जैन



**एक** खूबसूरत त्वचा व्यक्ति की खूबसूरती में चांद लगा देती है, लेकिन कई बार बदलते मौसम की मार से त्वचा की खूबसूरती को बचाना काफी मुश्किल होता है। जैसा कि गर्मी के बढ़ते प्रकोप में देखा जा सकता है, जब लोग तेज धूप में बाहर निकलने से बचते नजर आते हैं। दरअसल, गर्मी की धूप में सूर्य की तेज रोशनी से निकलने वाली खतरनाक अल्ट्रा वायलेट किरणें हमारी त्वचा को बहुत नुकसान पहुंचाती है, जिससे बचने के लिये विभिन्न प्रकार के लोशन आदि का इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि पिछले 40 वर्षों से गर्मी में अल्ट्रा वायलेट किरणों से त्वचा के बचाव के लिये सनस्क्रीन लोशन का इस्तेमाल लोकप्रिय रहा है। यह विभिन्न अवशोषण पहुंच के साथ कार्बनिक एवं अकार्बनिक फिल्टर के रूप में अल्ट्रा वायलेट किरणों से त्वचा को बचाता है। अमेरिकन एकेडमी ऑफ डमेटीलॉजी, ब्रॉड स्पेक्ट्रम( यूवीए और यूवीबी किरणों से बचाने वाली), 30 एसपीएफ या उससे अधिक और जल अवरोधी सनस्क्रीन का प्रयोग करने का सलाह देता है।

इस बारे में गाज़ियाबाद के त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ विदुषी जैन कहते हैं, कि गर्मी की तेज धूप से त्वचा का बचाव करने के लिये सनस्क्रीन का इस्तेमाल आवश्यक है, मगर लोगों को इसके सही तरीके से प्रयोग की जानकारी होनी चाहिये। आगे बताते हुए उन्होंने कहा कि इसके इस्तेमाल से पूर्व कुछ बिंदुओं पर गौर करने की जरूरत है, जो निम्नलिखित हैं-

अपनी खुली त्वचा को ढंकने के लिये पर्याप्त रूप से सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें।
सनस्क्रीन को अपने पैरों, गर्दन, कानों, और माथे पर अच्छी तरह लगाना न भूले।
रूखी त्वचा वाले व्यक्ति बाहर जाने से 15 मिनट पहले सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें।
अगर आप बाहर हों, तब सनस्क्रीन की बोतल पर दिये गये निर्देश के अनुसार प्रत्येक 2 घंटे बाद, तैराकी करने के बाद या फिर पसीना निकलने के बाद पुनः सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें।
केवल बाहर रहने के दौरान ही नहीं बल्कि हफ्ते में प्रतिदिन सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें।
ऐसा बिल्कुल न सोचे कि जल अवरोधी या वाटर प्रूफ सनस्क्रीन का असर ज्यादा लंबे समय तक रहता है, बल्कि हर 2 घंटे बीत जाने पर पुनः लगाएं।

### धोखाधड़ी की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र में ऑनलाइन फ्रांड की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विशाल निवासी मोहल्ला कुरूक्षेत्र का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से गंभीरता से पूछताछ की जा रही है। गांव नैनातातारपुर निवासी पंकज ने गत 26 अगस्त को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि किसी ने उसके बैंक कार्ड से तीन ट्रांजेक्शन में 1,39,856.69 रुपये कट गए। जबकि उक्त ट्रांजेक्शन उसने नहीं की।

# रियूजेबल और धोने योग्य सैनिटरी पैड बेहतर विकल्प हैं: विशेषज्ञ

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।** भारत में स्थायी रूप से मासिक धर्म स्वच्छता को बनाए रखने का सबसे अच्छा तरीका रियूजेबल सैनिटरी पैड का उपयोग करना है, विशेष रूप से युवा स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए। डिस्पोजेबल सैनिटरी नैपकिन पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं क्योंकि वे 90त्न प्लास्टिक हैं और जहरीले रसायनों से भरे हुए हैं। हमारे देश में महिला खिलाड़ी लाखों युवा लड़कियों के लिए रोल मॉडल हैं। राष्ट्र में उनके योगदान का सम्मान करने के लिए, सौख्यम सभी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की महिला



खिलाडि?ों को जीवन भर के लिए मुफ्त में रियूजेबल पैड मुहैया कराने की पेशकश कर रहा है। यह बात माता अमृतानंदमयी मठ के सौख्यम रियूजेबल पैड परियोजना की प्रबंध निदेशक अंजू बिष्ट ने कही। बिष्ट ने मासिक धर्म स्वच्छता दिवस से पहले फरीदाबाद के अमृता अस्पताल में आयोजित एक समारोह में स्पीच दी। उन्होंने आगे कहा, हम इस संबंध में विभिन्न खेल संघों से भी संपर्क कर रहे हैं। हमारी योजना मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने में रियूजेबल पैड के लाभों के बारे में खिलाडि?ों को जागरूक बनाने के लिए विभिन्न खेल संस्थानों और अकादमियों में देश भर में कार्यशाला आयोजित करने की है। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान पद्मश्री रानी रामपाल इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं। इस मौके पर अमृता अस्पताल के एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर स्वामी निजामृतानंद पुरी, अमृता अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संजीव के सिंह, सिक्किम ऊर्जा लिमिटेड की सीएसआर प्रमुख मिस पल्लवी मित्तल और सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. वंदना गोयल भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर समारोह में पद्मश्री रानी रामपाल ने बोलते हुए कहा, महिलाओं और किशोरियों की भलाई और सशक्तिकरण के लिए मासिक धर्म स्वच्छता बहुत महत्वपूर्ण है। दुर्भाग्य से, भारत में लाखों महिलाएं, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, पानी, स्वच्छता और साफ-सफाई जैसी सुविधाओं और किफायती मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों तक पहुंच की कमी के कारण खराब मासिक धर्म स्वच्छता के साथ रहने को मजबूर हैं। भारत सस्ते, पर्यावरण के अनुकूल, बनाने में आसान है और कई महीनों तक धोकर दोबारा उपयोग किए जाने वाले सैनिटरी पैड के माध्यम से मासिक धर्म स्वच्छता में महत्वपूर्ण प्रगति कर सकता है।

# कुसुम सिंह बनी आरएमजेएम क्विन व करवा क्विन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)**
राष्ट्रीय महिला जागृति मंच का 5वां स्थापना दिवस संस्था की प्रदेश अध्यक्ष कुसुम सिंह जी के कार्यालय सेक्टर 3, बल्लभगढ़ में सभी फरीदाबाद कार्यकताओं के साथ मनाया गया। अम्बिका शर्मा ने केक काटकर 5वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम की संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती कुसुम सिंह जी रहीं। कुसुम सिंह जी के द्वारा संस्था के अधिकतर कार्यक्रम आयोजित किये थे जिनमें महिला जागरूकता अभियान, रक्तदान शिविर, शिक्षक दिवस, चित्रकला



प्रतियोगिता, पौधरोपण थे। कुसुम सिंह जी साल 2022 में ऑफलाइन व ऑनलाइन कार्यक्रमो में अधिक सक्रिय रहीं। गत करवाचौथ पर्व पर राष्ट्रीय महिला जागृति मंच द्वारा करवा क्वीन प्रतियोगिता रखी गई थी जिसमें तीन कठिन चरणों मे प्रतियोगिता को पास करना था। कुसुम सिंह जी प्रतियोगिता के तीनों चरणों को पार करते हुए हरियाणा प्रदेश स्तर पर प्रथम विजेता रहीं। किसी कारण वश विजेता कुसुम सिंह जी को "करवा क्विन" क्राउन पहनाकर सम्मानित करने में देरी हो रही थी।

### अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार

**सोनीपत: सीआईए-2** स्टाफ सोनीपत पुलिस ने अवेध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंकित निवासी भठगांव का है। जांच अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान बहालगढ़ चौक पर मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक के अवेध हथियार सहित होने की सूचना मिली। टीम ने सेक्टर-7 जीटी रोड पर जाते हुए संदिग्ध युवक को काबू कर लिया। आरोपित के पास से तलाशी के दौरान देशी पिस्तौल बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ बहालगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उक्त हथियार को पांच हजार रुपये में लेकर आया था।

# भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की नीतियों से जनता हुई त्रस्त: भूपेंद्र हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।** हरियाणा सरकार में मार्किट कमेटी के चेयरमैन रहे एवं भाजपा नेता डालचंद डागर व आम आदमी पार्टी की नेत्री निशा भारती ने आज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. उदयभान, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की मौजूदगी में कांग्रेस का दामन थाम लिया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा एवं प्रदेशअध्यक्ष चौधरी उदयभान ने डालचंद डागर व निशा भारती का कांग्रेस पार्टी में शामिल होने पर पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया और उन्हें पूरा मान सम्मान देने का विश्वास दिलाया। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि देश में अब बदलाव की लहर शुरू हो चुकी है और हिमाचल, कर्नाटक से इसकी शुरूआत हुई है और आने वाले समय में हरियाणा सहित देशभर के सभी राज्यों में कांग्रेस पुनः सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की नीतियों से जनता त्रस्त हो चुकी है और अब बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होंने कार्यकताओं का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि वह अपने इस जोश को कम न होने दें और जन-जन में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का प्रचार प्रसार करें ताकि वर्ष 2024 में इस जनविरोधी सरकार को सत्ता से बाहर किया जा सके। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि देशभर में आज कांग्रेस कार्यकताओं के हौंसले बुलंद है और आने वाले समय में चार राज्यों में होने वाले चुनावों में भी कांग्रेस बहुमत से सरकार बनाकर नया कीर्तिमान रचेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला व डालचंद डागर ने पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेशाध्यक्ष उदयभान व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा को विश्वास दिलाया कि फरीदाबाद में कांग्रेस संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है और प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता सरकार की जनविरोधी नीतियों को जन-जन में पहुंचाने में जुटा हुआ है और कर्नाटक की जीत के बाद विभिन्न पार्टियों के नेताओं का कांग्रेस की ओर रूझान बढ़ रहा है तथा आने वाले समय में विभिन्न पार्टियों के कई दिगगज नेता कांग्रेस का दामन थामने का मन बना चुके है और वह सही समय का इंतजार कर रहे है।

# 'पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित'

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में पिछले दो सालों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 18 वर्ष तक की हो को वर्ष 2024 के जनवरी माह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि



अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। डीसी विक्रम ने बताया कि बाल पुरस्कार को दो कैटेगरी नामतः बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में बांटा गया है। दोनों कैटेगरी में कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा।

डीसी विक्रम सिंह ने आगे बताया कि दोनों ही पुरस्कारों में एक-एक लाख रुपए की राशि एवं एक मैडल सहित प्रशस्ति पत्र का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। उन्होंने चयन प्रक्रिया बारे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी की जाएगी उसके उपरांत फाइनल सिलेक्शन नेशनल कमेटी द्वारा किया जाएगा।

डीसी ने बताया कि राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन, जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट, पंचायती राज संस्थाएं। सभी केंद्रीय और राज्य स्कूल बोर्ड, केंद्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय संगठन, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राष्ट्रीय जन सहयोग और बाल विकास संस्थान सामाजिक न्याय मंत्रालय, विकलांग विभाग, शिक्षा मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा के सभी राज्य विभाग, युवा मामले मंत्रालय, खेल विभाग, भारतीय खेल प्राधिकरण, संस्कृति मंत्रालय, विज्ञान मंत्रालय और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और वन मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय और प्रेस सूचना ब्यूरो सहित राष्ट्रीय चयन समिति नॉमिनेट कर सकती हैं।

# ठाकुर शैलेंदर सिंह को प्रदेश कार्यकारणी का सदस्य बनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।**
भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के लाभार्थी योजना के प्रदेश प्रमुख डा. अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ के दिशा निर्देशों पर पार्टी ने लाभार्थी प्रकोष्ठ हरियाणा के जिला संयोजकों, प्रदेश सह संयोजक और सदस्यों की संगठनात्मक नियुक्तियों की लिस्ट की भारतीय जनता पार्टी ने अधिकारिक चिट्ठी जारी की है। जिसमे फरीदाबाद पृथला विधानसभा के ठाकुर शैलेंदर सिंह नंबरदार को भारतीय जनता पार्टी ने टीम में जगह देते हुए हरियाणा प्रदेश कार्यकारणी का सदस्य मनोनीत किया गया है। और पानीपत जिला का प्रभारी बनाया गया है इस पद के मिलने के बाद ठाकुर शैलेंदर सिंह ने हरियाणा



के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़, सीएम मनोहर लाल केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर , जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा का धन्यवाद किया है और अपने सम्बोधन में कहा है की एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी ने जो उन्हें जिम्मेदारी दी है उस वह पूरी निष्ठां , मेहनत और लगन से पार्टी की किसान हितैषी नीतियों को अन्न दाताओं तक पहुँचाना विकास के लाभ लोगो तक आसानी से पहुंचे ऐसा वह करने का प्रयास करेंगे । डा. अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि नीरज बंसल को जिला सिरसा, डा. वैभव विदानी को हिसार, अनिल सिहाग को फतेहाबाद, मनवीर सिंह को चरखी दादरी, सुरिंदर सिंह को अंबाला, विनीत वर्मा को पलवल, योगेश अलमादी को सोनीपत जिला का लाभार्थी प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया गया है। इसी तरह से भारत भूषण टांक को जींद, नवीन कुमार डिप्टी मेयर को करनाल, किशोर गहलोत को पानीपत, बीरबल भारद्वाज को नूंह, एडवोकेट संदीप खटाना को गुरुग्राम, जीतेंद्र राणा को पंचकूला, जगन्नाथ मेहता को भिवानी, धीरेंद्र क्योडक को कैथल, सोहनलाल को कुरूक्षेत्र, रूचिका नागपाल को रेवाड़ी, रोचक गर्ग को यमुनानगर, संजय पुनियानी को रोहतक और मांडू राम सैनी को महेंद्रगढ़ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। डा. अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रदेश सह संयोजक का दायित्व संजय भारद्वाज को दिया गया है। उनकी टीम में अविनाश भारद्वाज, गिरीश गुलशन तलूजा, कमल निम्बल, जनक पोपली, श्रीमती सुमन शर्मा, गुलशन हंस, राजवीर रोहिल्ला, राजीव श्योराण, रमेश पाल, जंगशेर, संजय छपरिया, चांदवीर सिंह, जयवीर सिंह पुनिया, सुरेंद्र गहलोत, भूप सिंह यादव, शैलेंद्र सिंह, भूषण चुघ, संदीप कुमार को सदस्य और गौरव भारद्वाज को सोशल मीडिया प्रमुख नियुक्त किया गया है।

# फलूदा खाकर दुकानदार को नहीं दी नकदी, मांगने पर दुकानदार व उसके दोस्त पर हमला कर घायल करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में शनिमंदिर सड़क मार्ग पर दुकानदार को फलूदे के रुपये मांगना मंहगा पड़ गया। मोटरसाइकिल पर आए युवकों ने दुकानदार व उसके दोस्त पर नुकुली वस्तु से हमला कर घायल कर दिया। आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद छुट्टी दे दी। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस घायल के बयान दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। बत्रा कॉलोनी निवासी विनित कुमार ने बताया कि उसने करीब 20 साल से आल च्वाइस के नाम से गीता भवन-शनि मंदिर रोड पर दुकान कर रखी है। देर शाम करीब 7.15 बजे दो लड़के दुकान पर फलूदा व फास्ट फुड खाने के लिए आए। जिनके साथ रुपयों के लेने देने के चलते कहासुनी होने लगी। युवक उनके साथ गाली-गलौच करने लगे। कुछ देर बाद दुकान से बाहर चले गए। उसके बाद दो मोटरसाइकिलों पर चार से पांच लड़के आए। उन्होंने आते ही उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसके साथ राहुल ने बीच-बचाव किया तो उस पर नुकुली वस्तु से हमला कर घायल कर दिया। आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचा। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। थाना प्रभारी कर्मजीत ने बताया कि आरोपितों की मोटरसाइकिल का नंबर दुकानदार ने लिया है। इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द से जल्द हमलावरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 25 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

**न्यूज फ्लैश**

## स्वामीनारायण मंदिर को 13 लाख का बिल भेजा

**जूनागढ़:** जूनागढ़ के जवाहर रोड पर स्थित स्वामीनारायण मंदिर को जूनागढ़ पीजीवीसीएल कंपनी ने 13 लाख रुपये का बिल दिया है। मंदिर के बिजली मीटर में किसी तरह की गड़बड़ी होने की आशंका पर कंपनी ने मीटर लेबोरेटरी में जांच के लिए भेजा था। इसमें यूनिट बंद होने की बात सामने आई तो विभाग ने लंबित बिल की गणना कर राशि चुकाने को कहा है। पीजीवीसीएल की ओर से स्वामीनारायण मंदिर को 13 लाख रुपये का बिजली बिल देने की बात पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गया है। मंदिर के स्वामी ने बताया कि वे इस मामले में कानूनी विशेषज्ञों की राय लेंगे। इसके बाद ही इस संबंध में निर्णय किया जाएगा। जवाहर रोड का स्वामीनारायण मंदिर सेंट्रल उप विभाग कार्यालय के अंतर्गत आता है, जो कि सिटी डिवीजन के तहत है। मंदिर में थ्री फेज बिजली का कनेक्शन और मीटर रीडिंग में गड़बड़ी पाई गई थी। इसकी वजह से मीटर की जांच के लिए उसे लेबोरेटरी ले जाया गया था। यहां जांच में पाया गया कि जो रीडिंग थी, वह मीटर प्वॉइंट लेवल में यानी कि गिनती करने में आने वाले वास्तविक प्वॉइंट नहीं था। इसकी वजह से जूनागढ़ स्वामीनारायण मंदिर और पीजीवीसीएल के बीच लाखों रुपये के बिजली के बिल को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है।

## बादलों की आवाजाही से पांच डिग्री गिरा तापमान

**कानपुर:** चक्रवाती हवाओं की सक्रियता से एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने लगा है। बुधवार को सुबह से आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हो गई और तेज धूप भी कमजोर रही। इससे पांच डिग्री तापमान गिर गया और लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सकी। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी चार दिन धूल भरी आंधी चलेगी और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने बुधवार को बताया कि अधिकतम तापमान 37.8 और न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 59 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 37 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं दक्षिण पश्चिम रहीं, जिनकी औसत गति 8.7 किमी प्रति घंटा रही।

पूवार्नुमान के अनुसार अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण 24 से 28 के मध्य धूल भरी आंधी के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आज उद्घाटन

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 का करेंगे उद्घाटन

**जानकारी**

**सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं शुरू की गई हैं और देश में खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के प्रयास किए गए हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी गुरुवार (25 मई) शाम सात बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में खेल संस्कृति को विकसित करने और युवाओं को खेलों के लिए प्रोत्साहित करने पर बहुत ध्यान दिया है। नवोदित खिलाड़ियों को समर्थन देने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं शुरू की गई हैं और देश में खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के प्रयास किए गए हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन इसी दिशा में एक और कदम है। इस साल खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का तीसरा संस्करण 25 मई से 3 जून तक उत्तर प्रदेश में आयोजित किया जाएगा। ये प्रतियोगिताएं वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ और गौतम बुद्ध नगर में आयोजित की जाएंगी। खेलों में 200 से अधिक विश्वविद्यालयों के 4750 से अधिक एथलीट भाग लेंगे, जो 21 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। खेलों का समापन समारोह तीन जून को वाराणसी में होगा।

## पीएम आज देहरादून-दिल्ली वंदे भारत को हरी झंडी दिखाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार (25 मई) को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देहरादून से दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। रेल मंत्रालय के अनुसार, रेलगाड़ी संख्या 22458/22457 देहरादून-आनंद विहार टर्मिनल-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की नियमित सेवा 29 मई से दोनों दिशाओं से शुरू होगी। रेलगाड़ी संख्या 22458 देहरादून-आनंद विहार टर्मिनल वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन देहरादून से सुबह 7 बजे प्रस्थान कर उसी दिन सुबह 11.45 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। वापसी दिशा में रेलगाड़ी संख्या 22457 आनंद विहार टर्मिनल-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन आनंद विहार टर्मिनल से शाम 05.50 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात 10.35 बजे देहरादून पहुंचेगी। यह ट्रेन रास्ते में दोनों दिशाओं में हरिद्वार, रुड़की, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और मेरठ सिटी स्टेशनों पर रुकेगी। यह बुधवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को कहा कि उत्तराखंड में शुरू होने वाली यह पहली वंदे भारत होगी। विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ, यह विशेष रूप से राज्य की यात्रा करने वाले पर्यटकों के लिए आरामदायक यात्रा अनुभव के एक नए युग की शुरूआत करेगी। यह ट्रेन पूरी तरह से स्वदेशी है और कवच तकनीक सहित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से लैस है। सार्वजनिक परिवहन के स्वच्छ साधन उपलब्ध कराने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, भारतीय रेलवे देश में रेल मार्ग को पूरी तरह से विद्युतीकृत करने में जुटा है।

## 'झूठ बोलिएगा, फैट चला देंगे



**टीम एक्शन इंडिया/भागलपुर**
**भागलपुर** के साहेबगंज स्थित जमुनिया नदी के किनारे भूतनाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण और अधिपत्य को लेकर संघर्ष शुरू हो गया है। स्थानीय राजनीति के बीच राजद के प्रदेश सचिव तिरूपति यादव बुरी तरह फंस गए। मंदिर परिसर में प्रसाद ग्रहण के क्रम में अचानक कई महिलाएं पहुंची और गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गई। एक महिला ने तो राजद नेता का गिरेबान पकड़ लिया। फिर मुक्का मारने की धमकी देने लगी। महिला ने तिरूपति यादव का मुंह पकड़ लिया और अमर्यादित व्यवहार करने लगी। राजद प्रदेश सचिव हाथ में प्रसाद की थाली पकड़कर बैठे रह गए। महिला ने तिरूपति यादव को मारने के लिए कई बार मुक्का उठाया। इस दौरान अन्य लोग मूकदर्शक बने रहे। मंदर परिसर में हाई वोल्टेज ड्रामा काफी देर तक चलता रहा। इस दौरान मंदिर में लोगों की भीड़ लग गई। इसके बाद दूसरी महिला भी आई और राजद नेता को खरी-खोटी सुनाने लगी।

## हरीश रावत ने उठाया गोट, खत्ते, पड़ाव का मुद्दा



**विरोध**

**अब उन्होंने गोट, खत्ते, पड़ाव आदि को मुद्दा बनाकर गांधी पार्क में एक दिन का सांकेतिक उपवास किया**

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**पूर्व मुख्यमंत्री** हरीश रावत चचाओं में रहने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। अब उन्होंने गोट, खत्ते, पड़ाव आदि को मुद्दा बनाकर गांधी पार्क में एक दिन का सांकेतिक उपवास किया। बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि, जिसमें सिंचाई विभाग, वन विभाग और राजस्व विभाग सम्मिलित हैं, इनमें कई स्थानों पर वर्षों से बसे लोग खेती कर रहे हैं और उन्हें वहां शासन ने बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल आदि की नागरिक सुविधाएं भी प्रदान की हैं। कुछ ऐसे भी लोग हैं जो परंपरागत रूप से वनों में ही गोट, खत्ते बनाकर रहते हैं और उन्हें वन विभाग वनाश्रित मान कर जंगलों में लॉपिंग, चुगान आदि की अनुमति देता है। ये लोग घुमंतू रूप से अपने मवेशियों को लेकर भाबर, तराई और पहाड़ों में भी पशु चुगान के लिए पहुंचते है। इन लोगों का इतिहास 100 वर्ष से भी ज्यादा पुराना है। अब शासन के इन्हें गांव में बसाने की योजना पर काम किया जा रहा है, जिसमें इनका सहयोग शासन को मिलता रहा है। भाबर और तराई के क्षेत्र में खाम भूमि, सिंचाई विभाग की भूमि जो विशेष तौर पर डैम क्षेत्रों के चारों तरफ है। राज्य निर्माण से भी काफी पहले समय से बसे हुए हैं। खत्ते, गोटों और पड़ाव में भी वर्षों से पर्वतीय क्षेत्रों के लोग आते रहे हैं और जंगलों पर आधारित कार्य से अपनी आजीविका चलाते रहे हैं। ये ऐसे क्षेत्रों में बसे हुए हैं जिन्हें वन भूमि तो कहा गया है, मगर वन (वृक्ष) नाममात्र के भी नहीं हैं, ऐसे बसने वाले लोगों में पर्वतीय क्षेत्रों के परंपरागत पशुपालक, भूमिहीन शिल्पकार, भूतपूर्व सैनिक आदि सम्मिलित हैं।



डॉ. मनसुख मांडविया ने की ईरान के स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्री बहराम इनोलाही से मुलाकात।

## जी-20 देशों के प्रतिनिधियों ने गोल्फ का लिया आनंद

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
तीसरी जी-20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों ने बुधवार को गोल्फ के एक सत्र का आनंद लिया और डल झील के किनारे प्रसिद्ध मुगल तथा निशात उद्यानों का दौरा किया। इसके बाद प्रतिनिधि पोलो व्यू बाजार भी जाएंगे। बुधवार सुबह प्रतिनिधियों ने एक लग्जरी होटल के लॉन में आयोजित योग सत्र में हिस्सा लिया, जहां वे ठहरे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रतिनिधियों और भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने रॉयल स्प्रिंग्स गोल्फ कोर्स (आरएसजीसी) में गोल्फ खेला। इसके बाद डल झील के तट पर प्रसिद्ध मुगल और निशात उद्यानों का दौरा किया। इस दौरान प्रतिनिधि पर्यटकों के साथ तस्वीरें क्लिक करते देखे गए। श्रीनगर के मेयर जुनैद अजीम मट्टू ने शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में बैठक के प्रतिनिधियों के लिए दोपहर के भोजन की मेजबानी की।

प्रतिनिधियों द्वारा शहर के लाल चौक क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर के पहले वायर-फ्री और पैदल यात्री बाजार पोलो व्यू का दौरा करने की संभावना है।

## असामाजिक तत्वों ने प्राचीन मंदिर में मूर्ति खंडित किया

टीम एक्शन इंडिया/फिरोजाबाद
रसूलपुर **थाना क्षेत्र अन्तर्गत असामा**जिक तत्वों ने प्राचीन मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्ति को खंडित कर दिया। बुधवार को जानकारी के बाद लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। पुलिस ने दोषियों पर कार्यवाही का भरोसा देते हुए नई मूर्ति स्थापित कराई है। मामला थाना रसूलपुर क्षेत्र का है, यहां के आसफाबाद स्थित सर्विस रोड पर एक प्राचीन मठ मंदिर है। इस मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियां विराजमान है। जहां क्षेत्रीय लोग कई वर्षों से पूजा-पाठ करते चले आ रहे हैं।क्षेत्रीय लोगों के मुताबिक, मंगलवार की रात्रि उन्होंने मंदिर में पूजा पाठ की थी। तब सब कुछ ठीक था। बुधवार को लोग जब मंदिर में पूजा पाठ करने पहुंचे तो मंदिर में स्थापित शिव पार्वती की प्रतिमा को खंडित देख श्रद्धालु हैरान हो गए। मूर्ति खंडित किए जाने की जानकारी होते ही लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया और मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। भाजपा विधायक मनीष असीजा भी मौके पहुंच गए। स्थानीय लोगों का कहना था कि असामाजिक तत्व के लोगों ने माहौल खराब करने के उद्देश्य से मंगलवार की रात्रि में देवी-देवताओं की मूर्ति को खंडित किया है।

## फाइलेरिया उन्मूलन: पूर्वी चंपारण को मिला सम्मान

**टीम एक्श इंडिया/पूर्वी चंपारण**
**राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम** के तहत उल्लेखनीय कार्य करने के लिए पूर्वी चंपारण जिले को सम्मानित किया गया है। पटना में आयोजित कार्यक्रम में जिला आशा समन्वयक नन्दन झा, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी सत्यनारायण उरांव और केयर डीपीओ मुकेश कुमार को स्वास्थ्य सचिव सह कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह,फाइलेरिया के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ परमेश्वर प्रसाद सहित स्वास्थ्य विभाग के बड़े अधिकारियों ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ शरत चन्द्र शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में नाइट ब्लड सर्वे, एमडीए के दौरान लक्ष्य अनुरूप लोगों को सर्वजन दवा सेवन एवं फाइलेरिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट वितरण, कार्यो में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बेहतर कार्य करने पर प्रोत्साहन के लिए जिले को पुरस्कृत किया गया है। डॉ.शर्मा ने बताया कि जिले के चयनित प्रखंडों में रात 12 बजे के बाद 56 सेशन साइटों पर 16,800 लोगों की जाँच हुई जिसमे 237 व्यक्ति पॉजिटिव मिले है।फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के दौरान आशा, जीविका, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से अल्बेंडाजोल और डीईसी की टेबलेट्स खिलाई गई। साथ हीं रोगियों को साफ- सफाई, नियमित देखभाल और एक्सरसाइज के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।



**हेट स्पीच**

### कोर्ट से हेट स्पीच मामले में सपा नेता आजम को मिली बड़ी राहत

## बरी हुए विधायकी जाने वाले मामले में आजम खान



**टीम एक्शन इंडिया/रामपुर**
समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान को बुधवार को कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। जिस भड़काऊ भाषण मामले में आजम को तीन साल सजा हुई थी और उनकी विधायकी चली गई थी, उसमें कोर्ट ने उन्हें दोषमुक्त कर दिया है। उल्लेखनीय है कि भड़काऊ भाषण देने के मामले में वरिष्ठ सपा नेता मोहम्मद आजम खान को एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट से 27 अक्टूबर 2022 को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद आजम की विधानसभा सदस्यता खत्म कर दी गई थी। वहीं आजम के वोट देने का अधिकार भी खत्म हो गया था। कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ बाद में आजम खान ने एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस पर कई माह बहस होने के बाद अब फैसला आया है। बुधवार को इस मामले में सुनवाई करते हुए एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने आजम की तीन साल की सजा को खारिज कर उन्हें बरी कर दिया है। अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या आजम की विधायकी, उन्हें वापस मिलेगी या नहीं। आजम के अधिवक्ता विनोद शर्मा ने बताया कि आज न्यायालय ने हमें दोषमुक्त किया है, जो प्रॉसीक्यूशन यानी अभियोजन था, वह अपना केस साबित नहीं कर पाया। हमने अपील की थी कि हमें झूठा फंसाया गया है। हमारी बात मानी गई। यह अपील हमारे पक्ष में गई और दोषमुक्त करने वाला फैसला आया है। फैसला आने पर आजम खान ने कहा कि सच्चाई की जीत हुई है।

